कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी 12:41 तक उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 6 नवंबर 2024
वर्ष 5, अंक 351, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





बढ़ रही भारत-ऑस्ट्रेलिया की रणनीतिक साझेदारी 14

परिणीति ने शुरू की नई फिल्म की तैयारी 13


# स्वर कोकिला शारदा सिन्हा का निधन

नई दिल्ली, एजेंसी



- एम्स में मंगलवार देर शाम ली अंतिम सांस

बिहार की स्वर कोकिला कही जाने वाली शारदा सिन्हा (72) का मंगलवार देर शाम निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं और दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एम्स) में उनका इलाज चल रहा था।

शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमान सिन्हा ने फेसबुक पोस्ट कर अपनी मां शारदा सिन्हा के निधन की जानकारी दी है। एम्स के एक अधिकारी ने बताया कि शारदा सिन्हा का सेप्टीसीमिया के कारण रिफ्रैक्टरी शॉक के चलते रात 9:20 बजे निधन हो गया। सिन्हा को पिछले महीने एम्स के कैंसर संस्थान, इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर हॉस्पिटल (आईआरसीएच) की गहन देखभाल इकाई में भर्ती कराया गया था।

महापर्व छठ के गीत गाकर मशहूर हुईं शारदा सिन्हा का निधन छठ पूजा के ही पहले व्रत यानी नहाय-खाय के दिन हुआ है। शारदा सिन्हा को बिहार कोकिला के अलावा भोजपुरी कोकिला, भिखारी ठाकुर सम्मान, बिहार रत्न, मिथिलि विभूति सहित कई सम्मान मिले हैं। शारदा सिन्हा ने भोजपुरी, मगही और मैथिली भाषाओं में विवाह और छठ के गीत गाए हैं जो लोगों में काफी प्रचलित हुए। शारदा सिन्हा को पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी ने दी श्रद्धांजलि

शारदा सिन्हा के निधन पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित राजनीतिक, सामाजिक और संगीत क्षेत्र की तमाम हस्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनका सुमधुर गायन अमर रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनका जाना संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मोदी ने एक्स पर कहा कि सुप्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है।

# जेईई एडवांस अब तीन बार दे सकेंगे

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर इस बार संयुक्त प्रवेश परीक्षा एडवांस्ड (जेईई एडवांस्ड 2025) की मेजबानी करेगा। संस्थान ने आधिकारिक वेबसाइट पर पात्रता शर्तें घोषित कर दी हैं। संस्थान के आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन की ओर से बताया गया है कि अब आवेदक जेईई एडवांस्ड में दो नहीं तीन बार शामिल हो सकेंगे। जल्द ही परीक्षा तिथि, पंजीकरण प्रक्रिया, शुल्क, परीक्षा पैटर्न, पाठ्यक्रम आदि की सूचना आधिकारिक वेबसाइट पर साझा की जाएगी। पात्र आवेदकों को बीई, बीटेक के लिए जेईई मेन 2025 पेपर एक में शीर्ष 2,50000 सफल आवेदकों में से एक होना होगा। उनका जन्म एक अक्टूबर 2000 या उसके बाद का होना चाहिए।

# राजस्व संग्रह में लापरवाही पड़ेगी भारी : योगी

## मुख्यमंत्री ने की कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा, कहा-हर स्तर पर तय होगी जवाबदेही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- कहा, राजस्व बढ़ाने के लिए नए स्रोत तलाशें, एकत्र धनराशि का जनहित में ही होगा उपयोग

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। सख्त हिदायत दी कि राजस्व संग्रह में लापरवाही भारी पड़ेगी और हर स्तर पर जवाबदेही तय होगी।

उन्होंने राजस्व बढ़ाने के लिए नए स्रोत तलाशने का निर्देश देते हुए कहा कि एकत्र धनराशि का जनहित में ही उपयोग होगा। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर मंगलवार को समीक्षा के दौरान जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीयन, परिवहन, भू-राजस्व और ऊर्जा में राजस्व संग्रह के लक्ष्य और उसके सापेक्ष प्राप्तियों की जानकारी ली। योगी ने कहा कि हर जिले को दिए गए टारगेट की साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक समीक्षा करें। राजस्व संग्रह बढ़ोतरी के लिए किए गए प्रयासों के आधार पर हर एक अधिकारी की रिपोर्ट तैयार करें। लगातार प्रयासों से आज प्रदेश में 31 लाख से अधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारी हैं। इसे और बढ़ाया जाना चाहिए। अधिकारियों की जवाबदेही तय करें। पोस्टिंग मेरिट के आधार पर ही होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व बढ़ोतरी में आबकारी विभाग की बड़ी भूमिका है। जिलेवार टारगेट की साप्ताहिक समीक्षा करें। जहां भी लापरवाही हो रही हो, संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करें। यह सुनिश्चित कराएं कि डिस्टिलरी में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज हो। नदियां इनके वेस्ट से प्रदूषित न हों। दूसरे प्रदेशों से अनधिकृत मदिरा प्रदेश में न आने पाए।

### अवैध खनन पर सख्ती से लगे रोक

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि खनन सत्र प्रारंभ हो चुका है। अवैध खनन, ओवरलोडिंग की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। खनन में काफी पोटेंशियल है, इसे पहचानें और राजस्व बढ़ाने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बिना परमिट व फिटनेस के एक भी वाहन सड़क पर नहीं चलना चाहिए। दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जागरूकता बढाएं। निर्देश दिया कि सामान्य जन की जरूरतों के दृष्टिगत स्टाम्प एवं निबंधन से जुड़े नियमों को और सरल बनाया जाना चाहिए।






## एक नजर

### नीट पीजी : पंजीकरण को 15 तक अंतिम मौका

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने से वंचित अभ्यर्थियों को पंजीकरण का अंतिम मौका मंगलवार को दिया गया। मेरिट में शामिल अभ्यर्थी 15 नवंबर तक पंजीकरण कराने के साथ धरोहर राशि जमा कर सकेंगे। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने वेबसाइट पर मंगलवार को बताया कि डीएनबी स्टेट कोटा की सीटों के लिए सरकारी सेवा के अभ्यर्थी ही मान्य होंगे।

### केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी पर धमकाने का केस दर्ज

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री एचडी. कुमारस्वामी के खिलाफ एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने आरोप लगाया गया है कि जनता दल (सेक्युलर) के नेता ने अपने खिलाफ खनन मामले की जांच के सिलसिले में उन्हें धमकी दी थी। कुमारस्वामी ने इस प्राथमिकी को दुर्भावना से प्रेरित बताया है।

# मदरसों की वैधता बरकरार

## उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला पलटा

## मिली राहत, सरकारी स्कूलों में नहीं भेजे जाएंगे 17 लाख मदरसा छात्र

नई दिल्ली, एजेंसी



इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को पलटते हुए उच्चतम न्यायालय ने 2004 के उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी जो राज्य के मदरसों के लिए एक बड़ी राहत है। उच्च न्यायालय ने इस आधार पर इस कानून को खारिज कर दिया था कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यह मानकर गलती की कि यह कानून मूल ढांचे यानी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हम उत्तर प्रदेश मदरसा कानून की वैधता बरकरार रखते हैं और दूसरी बात यह कि यदि राज्य के पास विधायी शक्ति है, केवल तभी किसी कानून को खारिज किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय का यह आदेश उत्तर प्रदेश के मदरसों के अध्यापकों एवं करीब 17 लाख विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी राहत के रूप में आया है क्योंकि उच्च न्यायालय ने इन मदरसों को बंद करने तथा उसके विद्यार्थियों को राज्य के अन्य सरकारी विद्यालयों में दाखिला देने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस कानून की विधायी योजना मदरसों में दी जा रही शिक्षा के स्तर के मानकीकरण के लिए है। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए दायर की गई अर्जियों पर 22 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले करीब दो दिनों तक आठ याचिकाकर्ताओं की ओर से अंजुम कादरी, अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल केएम नटराज समेत कई वकीलों की दलीलें सुनीं। नटराज उत्तर प्रदेश सरकार की ओर शीर्ष अदालत में पेश हुए थे।

### हाईकोर्ट ने बताया था धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 22 मार्च को इस कानून को असंवैधानिक तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला घोषित किया था। उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार से मदरसों के विद्यार्थियों को औपचारिक विद्यालयों में भेजने का निर्देश दिया था। मदरसों के करीब 17 लाख विद्यार्थियों को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने पांच अप्रैल को उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी।

### पीजी-शोध का पाठ्यक्रम तय करना असंवैधानिक

न्यायालय ने कहा कि अधिनियम राज्य को मानक निर्धारित करने के लिए नियम बनाने की शक्ति देता है। पीठ ने हालांकि कहा कि अधिनियम, जिस हद तक फाजिल और कामिल डिग्री के संबंध में उच्च शिक्षा को विनियमित करता है, वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम के विरोधाभासी और कुछ हद तक यह असंवैधानिक है।

### मायावती ने किया कोर्ट के निर्णय का स्वागत

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने मदरसा शिक्षा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्णय का स्वागत किया है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि यह फैसला स्वागत योग्य है। साथ उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस निर्णय से अब मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद और हजारों मदरसों की अनिश्चितता समाप्त हो जाएगी।

### मुस्लिम धर्म गुरुओं ने अदालत के फैसले को सराहा

**लखनऊ।** मुस्लिम धर्म गुरुओं ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि अब हम लोग आजादी के साथ मदरसों का संचालन जारी रख सकते हैं। जमीयत उलमा-ए-हिंद के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की आत्मा की हिफाजत की है। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास ने भी उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया।

# सभी निजी संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकती हैं सरकारें

## उच्चतम न्यायालय की 9 सदस्यीय संविधान पीठ का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

**अपना ही फैसला पलटा**

- सार्वजनिक भलाई के उद्देश्य से ही संसाधनों पर कर सकती हैं दावा

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि सरकार सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को अधिग्रहित नहीं कर सकती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत से यह फैसला सुनाया। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया है कि समुदाय के पास सामान के रूप में मौजूद उन संसाधनों पर सरकार दावा कर सकती है, जो सार्वजनिक भलाई के उद्देश्य से हो। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने खुद और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह के लिए बहुमत का फैसला लिखा। संविधान पीठ ने बहुमत से माना कि न्यायमूर्ति वी कृष्ण अय्यर का पिछला फैसला एक विशेष आर्थिक और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। उस फैसले में कहा गया था कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को सरकार द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने अपने फैसले के अंश को पढ़ते हुए कहा कि यह मानना गलत है कि सभी निजी संपत्तियां सामुदायिक संसाधनों की होंगी।

उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति अय्यर का पिछला फैसला विशेष आर्थिक विचारधारा पर आधारित था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इस न्यायालय की भूमिका आर्थिक नीति निर्धारित करना नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों ने सरकार के लिए वोट दिया है, जिसने विभिन्न आर्थिक नीतियां अपनाई हैं। यदि लोगों के पास मौजूद सभी संसाधनों को समुदाय का उपयोग का संसाधन माना जाता है, तो यह संविधान के मूल सिद्धांत को कमजोर करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि व्यक्ति के स्वामित्व वाले हर संसाधन को समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता।

### दो जजों ने फैसले से जताई असहमति

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने मुख्य न्यायाधीश के बहुमत के फैसले से आंशिक रूप से असहमति जताई।

### समाजवादी थीम के पिछले फैसलों पर जताई असहमति

शीर्ष अदालत ने पिछले फैसलों से असहमति जताई, जो समाजवादी थीम पर आधारित थे और जिसमें कहा गया था कि समतावादी समाज विकसित करने के लिए सरकार अपनी नीतियों को समुदाय के भौतिक संसाधनों, जिसमें निजी स्वामित्व वाली संपत्तियां भी शामिल हैं, को आम लोगों की भलाई के लिए पुनर्वितरित करने के लिए निर्देशित कर सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 1960 और 70 के दशक में समाजवादी अर्थव्यवस्था की ओर बदलाव हुआ था, लेकिन 1990 के दशक से बाजार उन्मुख अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया गया। संविधान पीठ ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की दिशा किसी विशेष प्रकार की अर्थव्यवस्था से अलग है, बल्कि इसका उद्देश्य विकासशील देश की उभरती चुनौतियों का सामना करना है।

# भुता में किसान को घेरकर गोलियों से किया छलनी



घटनास्थल पर निरीक्षण करते एसएसपी अनुराग आर्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, भुता (बरेली)

- प्रधानी के चुनाव की रंजिश में दिनदहाड़े वारदात, चार हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट
- तीन साल पहले की थी भाई की भी हत्या, जल्द आने वाला था केस का फैसला

**अमृत विचार :** प्रधानी के चुनाव की रंजिश में गांव खरदा निवासी 45 वर्षीय किसान पुष्पेंद्र गंगवार उर्फ पुष्पाल की मंगलवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। चार हमलावरों ने बाइक पर बरेली आते वक्त रास्ते में घेरकर उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। खरदा के ही चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। तीन साल पहले इन्हीं आरोपियों ने पुष्पेंद्र के भाई विनोद की भी हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है कि इस केस में जल्द ही फैसला आने वाला है, लेकिन उससे पहले पुष्पेंद्र की भी हत्या कर दी गई।

खरदा गांव के रहने वाले पुष्पेंद्र गंगवार बरेली में पासपोर्ट ऑफिस के पीछे रहते थे। मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे वह बाइक से बरेली लौट रहे थे। गांव नवदिया में सीएनजी पंप के पास दो बाइक से आए गांव के ही पवन, सिपन, विपन और गौरव ने उन्हें घेर लिया और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पहली गोली लगने के बाद पुष्पेंद्र ने सड़क किनारे एक मकान की तरफ भागने की कोशिश की लेकिन हड़बड़ाहट में उनकी बाइक गिर गई। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें घेरकर तमंचों से कई और गोलियां मारीं। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। गोलियों की तड़तड़ाहट सुनकर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हुई तो हमलावर फायरिंग करते हुए गांव की तरफ भाग निकले। एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर साक्ष्य जुटाए। सीएनजी पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो दोनों बाइक पर चार लोगों के होने की पुष्टि हुई। एसएसपी ने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की हैं।

> मृतक किसान के परिजनों की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही हत्या करने वालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> – अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

# भागवत ने दिया संघ की मजबूती पर जोर

संवाददाता, चित्रकूट



- चित्रकूट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संचालकों को किया संबोधित
- राष्ट्रीय कार्यकर्ता वर्ग में 5 बिंदुओं पर समर्पित होने का आह्वान

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक डॉ. मोहन भागवत ने राष्ट्र निर्माण के लिए संघ को मजबूत बनाने और विस्तार करने पर जोर देते हुए अगले साल होने वाले संघ के शताब्दी वर्ष को भव्य तरीके से मनाने की बात कही है। संघ प्रमुख मंगलवार को यहां महाकौशल प्रांत के संचालकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

चित्रकूट के दीनदयाल परिसर के डॉ. लोहिया सभागार में संघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकर्ता वर्ग आयोजित किया गया है। इसमें शामिल होने के लिए सर संघ चालक डॉ. मोहन भागवत तड़के ट्रेन से चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन पहुंचे। उन्होंने 10.30 से 11.30 बजे तक चले उद्घाटन सत्र में महाकौशल प्रांत के संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ की मजबूती के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए। संघ प्रमुख ने पांच बिंदुओं कुटुंब प्रबोधन, समरसता, सामाजिक कर्तव्य, स्वः का भाव, पर्यावरण संरक्षण पर संचालकों को ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रांत स्तरीय कार्यकर्ता वर्ग में महाकौशल प्रांत के 34 जिलों, 10 विभागों के अलावा जिला, महानगर एवं नगर स्तर के संघ पदाधिकारी शामिल हैं। डॉ. भागवत ने शाम को आरोग्य धाम में संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। वह बुधवार को कामतानाथ के दर्शन करेंगे।

### संघ प्रमुख ने पंचकर्म पद्धति से कराया इलाज

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने आरोग्य धाम परिसर स्थित जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद संस्थान में पंचकर्म चिकित्सा कराई। वह आरोग्य धाम स्थित वैदेही भवन में प्रवास कर रहे हैं। चित्रकूट प्रवास के दौरान उनकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# सलमान खान को फिर मिली धमकी 5 करोड़ रुपये मांगे

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को एक और धमकी मिली है तथा धमकी देने वाले ने उनसे पांच करोड़ रुपये की मांग की है। दावा है कि धमकी देने वाला व्यक्ति जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है। धमकी भरे संदेश में खान से काले हिरण के शिकार की घटना के लिए माफी मांगने को भी कहा गया है। सोमवार देर रात वर्ली स्थित मुंबई यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को यह धमकी भरा संदेश मिला। पुलिस के अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि संदेश भेजने वाले ने दावा किया कि वह गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है।

# आरओ-एआरओ व पीसीएस प्री परीक्षा की तिथियां घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 41 जिलों में 7-8 दिसंबर को होगी पीसीएस प्री की परीक्षा
- 22 और 23 दिसंबर को होगी आरओ-एआरओ की परीक्षा

**अमृत विचार:** लंबे समय से आरओ-एआरओ प्री और पीसीएस प्री की परीक्षा की नई तिथि का इंतजार कर रहे लाखों अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। उप्र. लोक सेवा आयोग आरओ-एआरओ की परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को तीन पालियों आयोजित करेगा जबकि पीसीएस प्री परीक्षा प्रदेश के 41 जिलों में 7 और 8 दिसंबर को दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक होगी। वहीं आरओ-एआरओ (समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी) प्री की परीक्षा 22-23 दिसंबर को तीन शिफ्टों में आयोजित होगी। पहली और दूसरी शिफ्ट 22 दिसंबर को होगी, जिसमें पहली पाली सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 से शाम 5:30 बजे तक होगी। तीसरी शिफ्ट 23 दिसंबर को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगी। इस परीक्षा के लिए 10.76 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

**वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट**

# 45.24 लाख छात्रों के नामांकन से उप्र प्रथम

**लखनऊ।** वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट में राज्य सरकार के अभियान से देश में उप्र प्रथम आया है। 45.24 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है, दो दूसरे स्थान पर रहे दिल्ली से 27 लाख अधिक है। बिहार 13 लाख 91 हजार 187 नामांकन के साथ तीसरे स्थान पर है। वीरगाथा प्रोजेक्ट, रक्षा और शिक्षा मंत्रालय का एक संयुक्त कार्यक्रम है, जिसे 2021 में शुरू किया गया था। इसका प्रमुख उद्देश्य, छात्रों को सशस्त्र बलों के वीर जवानों की प्रेरक कहानियों से जोड़ना है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने इसे अभूतपूर्व उपलब्धि बताया।

**नए शोध से मिली जानकारी** ट्रैपिस्ट-1 ग्रहमंडल के एक ग्रह में संभव हो सकता है जीवन, हमारे सौरमंडल से दूरी ज्यादा नहीं

# सौरमंडल से इतर दूसरे ग्रह पर जीवन की जगी उम्मीद

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक जीवनयोग्य ग्रह की तलाश में खगोलविद कई दशकों से संघर्षरत हैं और ट्रेपिस्ट एक ऐसा सौरमंडल है, जिसके सात ग्रहों में से एक में जीवन की मौजूदगी की संभावना जताई गई है। इस ग्रह का नाम ट्रैपिस्ट-1 ई है। नए शोध से किसी बाहरी ग्रह पर जीवन की संभावना को पुनः जीवित कर दिया है।

यह बाहरी सौरमंडल है, जो हमारे सौरमंडल से बहुत अधिक दूर भी नहीं है। इस सौरमंडल का मुखिया लाल बौना तारा है। जिसके चारों ओर ग्रह हमारे सौरमंडल के ग्रहों की भांति परिक्रमा कर रहे हैं। ट्रैपिस्ट-1 के तीन ग्रहों में जीवन की संभावना इसके खोज के साथ ही जताई जाने लगी थी। क्योंकि ग्रहों की स्थिति हमारे ग्रहों की तरह ही हैं। साथ ही ये ग्रह पृथ्वी की तरह चट्टानी हैं। जिस कारण जीवन की संभावनाएं प्रबल नज़र आ रही थी। ट्रैपिस्ट बी व सी पर ग्रह पर कई शोध हुए और नतीजे उम्मीद के परे निकले। यह दोनों ग्रह अपना वातावरण खो चुके थे। इनका वायुमंडल भी खो चुका है। मगर ट्रैपिस्ट ई पर हुए हालिया शोध ने पुनः इस सौरमंडल में जीवन होने की उम्मीद जगा दी है। नए अध्ययन में बताया गया है कि तारे से दूर कुछ ग्रहों पर अभी भी वायुमंडल हो सकता है। दूर के ग्रहों में रहने योग्य स्थान संभव है। नेचर कम्युनिकेशंस में यह शोध प्रकाशित किया गया है। शोध के अनुसार लाल बौने तारों के आसपास की नजदीकी स्थितियां रहने योग्य ग्रहों के लिए आदर्श नहीं हैं। लाल बौने तारे हमारे सूर्य से छोटे होते हैं और तीव्र पराबैंगनी विकिरण उत्सर्जित करते हैं। उनके निकटतम परिक्रमा कर रहे चट्टानी ग्रहों के लिए यह अच्छा नहीं है। विकिरण वायुमंडल और पानी को छीन सकता है, जिससे ग्रहों की सतहें शुष्क और रहने लायक नहीं रह जाती। नासा के वेब स्पेस टेलीस्कोप से ट्रैपिस्ट-1 के आसपास के दो ग्रहों - ट्रैपिस्ट-1 बी और ट्रैपिस्ट-1 सी के अवलोकन से पता चला कि इन दोनों ग्रह में कोई वातावरण नहीं बचा है। मगर दूर स्थित ग्रहों पर अभी भी वायुमंडल संभव है।



ट्रैपिस्ट-1 के सात ग्रहों का सौरमंडल

### पृथ्वी से कुछ ही छोटा है ट्रैपिस्ट-1 ई

ट्रैपिस्ट-1 ई पृथ्वी से थोड़ा ही छोटा है। इसका द्रव्यमान पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत है। यह अपने तारे के रहने योग्य क्षेत्र के बीच परिक्रमा करता है। यह वह क्षेत्र है जहां तापमान पृथ्वी के समान हो सकता है और तरल पानी मौजूद हो सकता है। यह सौरमंडल पृथ्वी से मात्र 40 प्रकाशवर्ष दूर है। यह दूरी बहुत अधिक नहीं है। जिस कारण वैज्ञानिकों की दिलचस्पी इस बाहरी सौरमंडल में अधिक है।

### आज का मौसम

धूप खिलेगी और आसमान साफ रहेगा

31.0° अधिकतम तापमान | 18.0° न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट की ओर से सात शाम श्यामा श्याम के नाम कार्यक्रम रामपुर गार्डन स्थित आनंद आश्रम में शाम 6:30 बजे।
- उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 का मैच सुबह 8 बजे।
- 68 वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय वालीबॉल प्रतियोगिता का राजकीय इंटर कॉलेज में आरंभ सुबह 11 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर के वार्षिक उत्सव पर महिला संकीर्तन मंडल की ओर से भजन संध्या शाम 6 बजे।

### एक नजर

## स्वकर प्रणाली बंद करने पर नगर निगम में आंदोलन का एलान

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पार्षद राजेश अग्रवाल ने टैक्स बिलों में लगातार गड़बड़ियां निकलने के बावजूद स्वकर प्रणाली के तहत टैक्स अदायगी की सुविधा बंद करने पर नगर निगम में धरना और प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। राजेश ने बताया कि बुधवार को उनके साथ तमाम लोग मेयर, नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी से मिलकर टैक्स बिलों में गड़बड़ी की समस्या रखेंगे और ज्ञापन देंगे। बताया जाएगा टैक्स विभाग अब भी मनमाने ढंग से बिल तैयार कर रहा है जिसकी वजह से लोगों को बेवजह चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। चेतावनी दी जाएगी कि अगर समस्या का जल्द समाधान न हुआ तो नगर निगम के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा। पार्षद ने कहा कि नगर निगम अधिनियम ओर नियमावली के तहत स्वकर फार्म के जरिए टैक्स भरने का अधिकार लोगों को मिला है। इसे किसी हाल में बंद नहीं होने दिया जाएगा।

## शहर की हवा में कुछ और हुआ सुधार

**बरेली, अमृत विचार :** दिवाली के पांच दिन बाद शहर की हवा में काफी हद तक सुधार हुआ है, हालांकि राजेंद्र नगर में रात में अभी प्रदूषण का स्तर बेहतर नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट के अनुसार सिविल लाइंस का मंगलवार को एक्यूआई 76 दर्ज किया गया। न्यूनतम एक्यूआई 44 और अधिकतम 139 दर्ज किया गया। वहीं राजेंद्र नगर का एक्यूआई 103 दर्ज किया गया। यहां का अधिकतम एक्यूआई 164 और न्यूनतम 64 दर्ज किया गया। राजेंद्र नगर का प्रदूषण स्तर अभी खराब है।




## रेलवे का खेल वे... ट्रेनों में जानवरों की तरह ठुसे इंसान

मुनाफा कम न होने देने रेलवे के खेल में यात्रियों की तादाद और ट्रेनों की उपलब्धता का संतुलन कितना बिगड़ गया, ये तस्वीरें यही दास्तां बयां कर रही हैं। नियमित ट्रेनों में जनरल कोच लगातार कम करते हुए त्योहारों की भीड़ को महंगे किराए वाली चंद स्पेशल ट्रेनों के भरोसे छोड़कर रेलवे ने छठ पर घर जाने के लिए उमड़े लाखों लोगों को ट्रेनों में जानवरों से भी बुरी हालत में यात्रा करने के लिए मजबूर कर दिया है। मंगलवार को हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली उपासना कुंभ एक्सप्रेस पहुंची तो पहले से ठुसे कोचों में घुसने के लिए हजारों यात्रियों ने जीजान लगा दी। कहीं भीड़ में दबी महिलाओं की चीखें गूंज रही थीं तो कहीं बच्चों के रोने की आवाज गूंज रही थी लेकिन इससे बेखबर लोग किसी भी तरह ट्रेन पर एक पैर रखने भर को उतावले थे। शाम तक जंक्शन पर पहुंची ज्यादातर ट्रेनों में यही नजारे दिखाई दिए। दिव्यांग और महिला कोच में भी बेतहाशा भीड़ ठुस गई। ● मोहित कुमार सिंह







# चौपुला पुल : कनेक्टिंग लेन पर वन-वे व्यवस्था भी फेल

## अपने एसपी की घोषणा के बावजूद नहीं पहुंची ट्रैफिक पुलिस, डिवाइडर हटाकर बदायूं रोड से आने वालों ने फिर बनाया रास्ता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पूरे दिन चौपुला पुल पर लगता रहा जाम, कई बार सैकड़ों वाहन फंसे**
- **कनेक्टिंग लेन पर अस्थाई डिवाइडर लगाने से रास्ता भी हुआ और तंग**

**अमृत विचार :** बदायूं रोड पर आने-जाने के लिए अटल सेतु और चौपुला पुल के बीच बनाई गई कनेक्टिंग लेन फिलहाल लोगों को कोई खास राहत तो नहीं दे पा रही, उल्टे सिरदर्द बन गई है। लगातार जाम लगने के बाद सोमवार को एसपी ट्रैफिक ने अस्थाई डिवाइडर लगवाकर कनेक्टिंग लेन को वन वे करा दिया था लेकिन ट्रैफिक पुलिस की सुस्ती से मंगलवार को यह व्यवस्था भी फेल हो गई। बदायूं रोड से आने वालों ने पुलिस के सामने ही डिवाइडर हटाकर अपना रास्ता बना लिया। इसके बाद यहां बार-बार जाम लगता रहा। कई बार जाम इतना भीषण हो गया कि पुल पर ही सैकड़ों वाहन इसमें फंस गए।

कनेक्टिंग लेन पर ट्रैफिक चालू होने के बाद से ही जाम लग रहा है। दोनों ओर से तेजी से गाड़ियां आने की वजह से हादसे होने का भी खतरा पैदा हो गया था। इसी के मद्देनजर एसपी ट्रैफिक ने सोमवार शाम चौपुला पुल का निरीक्षण कर जाम रोकने के लिए कनेक्टिंग लेन को वन वे करा दिया था। हादसे की आशंका खत्म करने के लिए कनेक्टिंग लेन पर अस्थाई डिवाइडर भी लगवा दिए थे। चौपुला पुल पर भी काफी दूर तक बैरिकेडिंग कराने के साथ बदायूं की तरफ से आने वाले वाहनों को कनेक्टिंग लेन पर आने से रोकने के लिए सांकेतिक बोर्ड भी लगा दिए गए लेकिन इसके बावजूद कोई खास नतीजा नहीं निकला।

अमृत विचार की टीम ने मंगलवार दोपहर करीब घंटेभर कनेक्टिंग लेन पर ट्रैफिक का हाल देखा। इस दौरान दोपहर 12.40 से 1.50 बजे तक चौपुला पुल पर कई बार जाम लगा। वन वे किए जाने के बावजूद पुलिस से बेखौफ लोग कनेक्टिंग लेन पर दोनों तरफ से गुजरते रहे। बदायूं रोड से आने वाले दोपहिया वाहन पुलिस के सामने इधर-उधर मुड़कर निकलते रहे। पुल पर रास्ता तंग होने और वन वे व्यवस्था का पालन न होने की वजह से अस्थाई डिवाइडर के दोनों तरफ बार-जाम बार लगता रहा। चार पहिया वाहन भी वन-वे वाले रास्ते पर मुड़ रहे थे, जिससे चौपुला से आने वाले वाहन भी जाम में फंसने लगे। कई बार दुर्घटना होने की भी स्थिति पैदा हो गई।

**अटल सेतु के नीचे भी लगा जाम :** चौपुला पुल पर जाम लगने का असर अटल सेतु के नीचे भी पड़ा। ज्यादा संख्या में बदायूं रोड से आने वाले वाहनों के सिटी स्टेशन रोड पर उतरकर चौपुला की तरफ मुड़ने से चौपुला से किला जाने वाले वाहनों का रास्ता अवरुद्ध हो गया, जिसकी वजह से सैकड़ों वाहन आमने-सामने अड़ गए और दोनों सड़कों पर जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस ने यहां लगे जाम की भी ज्यादा परवाह नहीं की।



चौपुला चौराहा पर वनवे करने के बावजूद मंगलवार को भीषण जाम लगा। ● अमृत विचार





पुल पर वनवे के बोर्ड लगाए गए हैं लेकिन लोग पुलिस लाइन की तरफ वाहन लेकर आ रहे हैं। ● अमृत विचार

### राहगीरों ने कहा- डिवाइडर बनाने से संकरी हो गई कनेक्टिंग लेन

बाइक पर बदायूं की तरफ जा रहे रमेश ने बताया कि अस्थाई डिवाइडर लगने से वाहनों के निकलने के लिए जगह संकरी हो गई है। इसलिए पुल के इसी हिस्से में जाम लग रहा है, बाकी पुल पूरी तरह साफ है। चौपुला के पास रहने वाले अनवर ने बताया कि कनेक्टिंग लेन पर दोनों तरफ से तेज रफ्तार से आने वाली गाड़ियों को टकराने से बचाने के लिए अटल सेतु पर कनेक्टिंग लेन के पास दोनों सिरों पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाना सबसे जरूरी है, ताकि गाड़ियों की तेज रफ्तार यहां कम हो जाए। कनेक्टिंग लेन की दोनों तरफ तो ब्रेकर बने हैं लेकिन अटल सेतु के पुलिस लाइन की तरफ से और सामने कनेक्टिंग लेन के मोड़ से पहले भी ब्रेकर होना चाहिए। चौपुला पुल के दोनों तरफ भी स्पीड ब्रेकर बनाए जाने चाहिए।

### अयूब खां चौराहा भी जाम

अयूब खां चौराहे पर स्काई वाक के नीचे भी मंगलवार को भीषण जाम लगा। दरअसल यहां हनुमान मंदिर तक कारों को पार्क करने की वजह से जाम लगता है। चौराहे से लेकर हनुमान मंदिर तक लोग स्काई वाक के नीचे अपनी गाड़ियां खड़ी कर शॉपिंग के लिए चले जाते हैं। इससे जाम लग जाता है।

## डेंगू का प्रकोप बढ़ा एक ही दिन में चार मरीजों में हुई पुष्टि

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में ठंडक बढ़ने से डेंगू का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। एक दिन में चार लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। एक सप्ताह में आठ मरीज सामने आ चुके हैं। अस्पतालों में भी वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हो गया है। अब तक जिले में डेंगू मरीजों की संख्या 51 पहुंच गई है।

- **मौसम में ठंडक बढ़ने के बाद लगातार बढ़ रहे मरीज, एक सप्ताह में आठ मरीज आ चुके हैं सामने**

नवंबर से पहले मलेरिया के मामले ज्यादा सामने आए थे लेकिन अब इनमें कमी देखी गई है। मलेरिया विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार जिले में पिछले एक सप्ताह में सिर्फ चार मरीज मलेरिया से ग्रसित मिले हैं जबकि डेंगू मरीजों की संख्या आठ रही है, जिनमें चार केस 24 घंटे में आए हैं। इनमें एक मरीज शहर तो तीन मरीज देहात क्षेत्र के हैं। इस साल सोमवार तक जिले में मलेरिया मरीजों की संख्या 2797 और डेंगू की संख्या 51 हो गई है।

**बच्चे में डेंगू की पुष्टि, हालत गंभीर :** शहर के करमपुर चौधरी निवासी 12 वर्षीय बच्चे में भी डेंगू की पुष्टि हुई है। बच्चे को कई दिनों से बुखार आ रहा था। परिजन पास के ही एक डॉक्टर से उसका इलाज कराते रहे। हालत गंभीर होने पर सोमवार को शाम करीब 5 बजे जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती कराया। जहां लक्षण होने पर बच्चे की डेंगू और मलेरिया की जांच कराई गई। मंगलवार को आई रिपोर्ट में बच्चा डेंगू से ग्रसित मिला है। स्टाफ ने बच्चे को डेंगू वार्ड में शिफ्ट करना शुरू किया लेकिन परिजन बच्चे को अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर ले गए।

# शटडाउन और फाल्ट से घंटों बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कुतुबखाना और किला में काम कराने के लिए कई घंटे का लिया शटडाउन**
- **सुभाषनगर और सिविल लाइंस में भी तीन से चार घंटे की कटौती**

**अमृत विचार :** त्योहार समाप्त होते ही अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आदेश को दरकिनार करते हुए शटडाउन लेकर काम कराने शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को कुतुबखाना और किला में शटडाउन की वजह से कई घंटे बिजली गुल रही। वहीं लोकल फाल्ट की वजह से भी परेशानी हुई।

मुख्यमंत्री ने दिवाली समेत अन्य त्योहारों की वजह से 14 नवंबर तक 24 घंटे बिजली आपूर्ति का आदेश दिया था लेकिन 10 दिन पहले से ही आदेश की अनदेखी शुरू हो गई। कुतुबखाना सब स्टेशन पर मंगलवार को सरायखाम फीडर पर अनुरक्षण और बिजनेस प्लान के तहत काम कराने के लिए सुबह 11 से शाम 4 बजे तक शटडाउन लिया गया। इसकी वजह से आजमनगर, कोतवाली, पुराना बस अड्डा पर कटौती की गई। किला सब स्टेशन के 4, 6 और 8 नंबर फीडर पर मंगलवार को पेड़ों की छंटाई के लिए शटडाउन लेने की वजह से सप्लाई बाधित रही। वहीं सुभाषनगर के बदायूं रोड, गणेशनगर, मढ़ीनाथ, शांति विहार आदि जगह पर ट्रिपिंग की समस्या रही। वहीं जगतपुर के सेटेलाइट और आजादनगर समेत अन्य जगह पर सप्लाई बाधित रही।

### आज यहां शटडाउन की वजह से गुल रहेगी बिजली

कुतुबखाना सब स्टेशन के सरायखाम फीडर पर बुधवार को मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से दो 2 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इसकी वजह से आजमनगर, कोतवाली, पुराना रोडवेज बस अड्डे प्रभावित होंगे। 33/11 केवी सब स्टेशन जगतपुर पर टेस्टिंग के काम की वजह से बुधवार की सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक पीलीभीत बाईपास, सतीपुर, नवादा शेखान, पंचशील नगर, आजाद नगर, जगतपुर, बुखारपुरा, एजाजनगर गौंटिया, चक चुंगी, आकाशपुरम, पशुपति विहार, रोहलीटोला क्षेत्र में सप्लाई बंद रहेगी। इसके साथ ही 33/11केवी महानगर के फीडर महानगर पार्ट 1 और पार्ट 2 की सप्लाई सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

## रात में तीन डिग्री चढ़ गया पारा

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। मंगलवार को रात के तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 19.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिन में कुछ धुंध छाई रही। इसकी वजह से अधिकतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री कम 29.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनने शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत शासन के आदेश पर दिवाली बाद सोमवार से 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनने शुरू हो गए हैं। जिला अस्पताल में दो दिन में करीब एक हजार बुजुर्गों को कार्ड बनाए गए हैं।

- **जिला अस्पताल में दो दिन में करीब एक हजार पात्रों के कार्ड बनाए गए**

बुजुर्ग घर बैठे मोबाइल से वेबसाइट पर या फिर जनसेवा केंद्र के माध्यम से भी अपना कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए उनका आधार कार्ड जरूरी है। कार्ड बनवाने के लिए आधिकारिक वेबसाइट https://beneficiary.nha.gov.in/ पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें। इसके बाद आवेदन प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेज अपलोड करें और फिर ओटीपी वेरिफिकेशन करें। आवेदन की सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद सबमिट करें, जिसके बाद आयुष्मान कार्ड तैयार जाएगा। इसे प्रिंट या डाउनलोड किया जा सकता है। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के जिला समन्वयक डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि शासन के आदेश पर 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। यदि कार्ड बनने में कोई समस्या आ रही है तो जिला अस्पताल स्थित आयुष्मान कार्यालय आकर संपर्क कर सकते हैं।


# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार...इस राह में भी रोड़े कम नहीं

## खुद कम चल रही है, आवेदकों को ज्यादा दौड़ा रही है योजना, 70 फीसदी से ज्यादा आवेदन अटके हैं बैंकों में

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार रोजगार योजना के तहत लोन के लिए किए गए 70 फीसदी से ज्यादा आवेदन उद्योग विभाग की स्वीकृति के बाद भी बैंकों में अटके हुए हैं। महीनों से आवेदक उद्योग विभाग और बैंकों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन स्वरोजगार शुरू करने के लिए लोन मिलने का रास्ता साफ नहीं हो पा रहा है।

यूपी में 2107 में भाजपा की सरकार बनने के बाद 24 अप्रैल 2018 को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को स्टार्टअप या अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए मामूली ब्याज दर पर 25 लाख तक का लोन देने का एलान किया गया था। बैंकों की ओर से सहयोग न किए जाने की वजह से यह योजना बेरोजगार युवाओं का ज्यादा भला नहीं कर पा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 का ही उदाहरण लें तो शासन ने जिले को 207 पात्रों को 401.52 लाख रुपये का लोन देकर लाभान्वित करने का लक्ष्य जारी किया लेकिन सात महीने बाद भी यह लक्ष्य दूर-दूर तक पूरा होता नहीं दिख रहा है।




- **उद्योग विभाग से स्वीकृत 193 फाइलें अटकी हुई हैं अलग-अलग बैंकों में**
- **महीनों से चक्कर काट रहे हैं आवेदक, कई आवेदन पिछले साल के भी लंबित**

वित्तीय वर्ष के सात महीनों में जिले भर से 237 आवेदन उद्योग विभाग को प्राप्त हुए हैं, जिनमें 605.89 लाख रुपये के लोन की डिमांड की गई है। कुछ आवेदन पिछले साल के भी लंबित होने बताए जा रहे हैं। उद्योग विभाग ने उन्हें मिलाकर 275 फाइलें स्वीकृत कर उन बैंकों को भेज दी हैं, जिनमें आवेदकों के खाते हैं। इन 275 फाइलों में कुल मिलाकर 634.09 लाख का लोन मंजूर किया गया है, लेकिन बैंकों ने अब तक 82 फाइलों पर सिर्फ 228.09 लाख का लोन स्वीकृत किया है। इसमें से भी बैंकों ने अब तक सिर्फ 65 फाइलों पर 193.30 लाख का लोन आवंटित किया है। बाकी 193 आवेदकों 440.79 लाख का लोन अभी वितरित करना है, मगर बैंकों से फाइलें ही पास नहीं हो पा रही हैं।

### लोन पर 25 फीसदी सब्सिडी देती है सरकार

शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार मुहैया कराने के नाम पर शुरू की गई इस योजना में कम ब्याज पर लोन देने के साथ सरकार की ओर से 25 फीसदी सब्सिडी भी दिए जाने का एलान किया गया है। लेकिन लोन ही न मिल पाने की वजह से ये घोषणाएं आवेदकों के लिए दूर के ढोल साबित हो रही हैं। इसके योजना के तहत लोन के लिए diupmsme.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

> आवेदन स्वीकृत कर संबंधित बैंकों को भेजे जाते हैं, फिर बैंक के स्तर से ही फाइलें पास होती हैं। अगर कोई फाइल नहीं पास होती तो उसका कोई न कोई कारण जरूर होता है। सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद लोन की स्वीकृति होती है। जरूरत पड़ने पर बैंकों से समस्या का समाधान भी कराया जाता है।
>
> **- विकास यादव,** उपायुक्त उद्योग

- 10 लाख का लोन सेवा क्षेत्र के लिए मिलता है आवेदकों को
- 25 लाख का लोन उत्पादन के क्षेत्र के लिए दिया जाता है
- 18 से 40 साल की उम्र के लोग ही कर सकते हैं आवेदन
- 10वीं पास होनी चाहिए आवेदक की न्यूनतम योग्यता
- उद्योग विभाग और बैंकों के बीच

### फुटबॉल बने लोन के आवेदक

उद्योग विभाग से लोन की स्वीकृति के बाद बैंकों में फाइलें अटका दिए जाने की वजह से मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत आवेदन करने वाले बेरोजगार फुटबॉल बन गए हैं। उद्योग विभाग के अफसर उनके आवेदन उनकी ओर से स्वीकृत होने की बात कहकर कन्नी काट रहे हैं तो बैंक हर बार कोई नया नियम-कायदा बताकर लौटा रहा है। तमाम आवेदक कई महीने से उद्योग विभाग और बैंकों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन फिर भी लोन पाने का कोई रास्ता नहीं बन पा रहा है।

## एक नजर

### कार में टक्कर मारने के बाद की मारपीट

बरेली, अमृत विचार : थाना प्रेमनगर क्षेत्र में युवक ने अपने दोस्तों के साथ अपनी कार से दूसरी कार में टक्कर मार दी। विरोध करने पर कार सवार और परिवार वालों के साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जनकपुरी निवासी अनुराग तलवार ने बताया कि वह सोमवार को रामजानकी मंदिर जा रहे थे। आरोप है कि शील चौराहे के पास पराशू अहलावत अपनी कार से आया और उनकी कार में टक्कर मार दी। जब उन्होंने विरोध किया तो पराशू कार से उतरा और दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट की। उसने फोन कर बुलेट सवार युवकों को भी बुला लिया और उन युवकों ने भी मारपीट की। पराशू इससे पहले उनकी बेटी के साथ भी मारपीट कर चुका है। इसकी पुलिस में शिकायत करने पर पराशू के भाई ने माफीनामा लिखा था, जिसकी वजह से उन्होंने कार्रवाई नहीं की थी।इसके बाद से पराशू लगातार धमकी दे रहा था।

### लोहे की जाली में फंसा कोबरा, ग्रामीणों ने बचाया

दुनका, अमृत विचार : मोहल्ला नूरी नगर में शाहजी मोहल्ला में अस्पताल के पास मुर्गी फार्म में लगी लोहे की जाली में कोबरा फंस गया, जो अपनी जान बचाने के लिए छटपटाने लगा। जानकारी होने पर मुर्गी फार्म के मालिक आमिर ने सांप पकड़ने वाले को बुलाकर, लोहे की जाली काटकर उसकी जान बचाई, उसे ले जाकर जंगल में छोड़ दिया गया, इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ लग गई।



# मिशन हॉस्पिटल की संपत्ति कुर्क करने पहुंचे अफसर

## राजस्व बकाया अदा न करने पर कार्रवाई, नाइन प्लेनेट, होराइजन, ग्रोवर मोटर्स समेत कई और पर छापे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कई बकायादार भागे, कुछ ने भाजपा नेताओं से सिफारिश कराकर मोहलत ली
- श्रम न्यायालय और रेरा की ओर से जारी आरसी पर भी जमा नहीं किया था बकाया



मिशन अस्पताल परिसर में कुर्की की कार्रवाई के लिए पहुंची राजस्व विभाग की टीम।

अमृत विचार : छोटे लोगों की पूंजी दबाकर बैठे बड़े लोगों पर मंगलवार का दिन भारी गुजरा। श्रम विभाग और रेरा की ओर से जारी आरसी पर भी बकाया की अदायगी न करने पर राजस्व अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को मिशन हॉस्पिटल, नाइन प्लेनेट, इन्फ्रास्ट्रक्चर, होराइजन डेवलपर्स और ग्रोवर मोटर्स समेत कई बड़े कारोबारी संस्थानों की चल-अचल संपत्ति कुर्क करने के लिए छापे मारे तो उनमें हड़कंप मच गया। कई बकायादार भाग निकले। कुछ ने भाजपा नेताओं से सिफारिश कराकर मोहलत ले ली और कुर्की की कार्रवाई से फिलहाल बच गए।

एसडीएम सदर गोविंद मौर्य की अगुवाई में राजस्व टीम मंगलवार को जिन संस्थानों में संपत्ति की कुर्की के लिए पहुंची, उनमें सबसे बड़ा बकायादार क्लेरा स्वैन मिशन हॉस्पिटल था। इसके खिलाफ इमानुल, सुरेश, डोरिस, सुनील कुमार, शीला सी लाल, अब्दुल हफीज, सुंदरलाल, उस्मान, सुनीत जे सिंह, जानसन प्रीतम चंद्र, मुकेश कुमार शर्मा, रामवती, मुन्नी देवी, जरीना देवी, शांति, बच्चू लाल और श्रमिक संघ के जगदीश चंद्र शर्मा समेत तमाम श्रमिकों की ओर से दायर किए गए वाद पर श्रम न्यायालय ने अलग-अलग तारीखों में मिशन हॉस्पिटल के चेयरमैन को 73 लाख 70 हजार 379 रुपये की रकम अदा करने का आदेश दिया था, लेकिन बकायादार ने इसके बावजूद श्रमिकों का भुगतान नहीं किया।

इसके बाद श्रम न्यायालय की ओर से जिलाधिकारी को यह धनराशि भूराजस्व की भांति वसूल कराकर जमा कराने का आदेश दिया। डीएम के निर्देश पर तहसील सदर की टीम ने मिशन हॉस्पिटल के खिलाफ आरसी जारी कर बकाया धनराशि जमा करने को कहा लेकिन फिर भी पैसा जमा नहीं किया गया। संग्रह अमीन दिनेश कुमार ने 8 जुलाई को अपनी रिपोर्ट तहसीलदार को दी। इसमें यह कहते हुए मिशन हॉस्पिटल की चल-अचल संपत्ति की कुर्की का अधिपत्र जारी करने का अनुरोध किया कि आरसी जारी होने के बाद भी बकायादार ने न धनराशि अदा की, न ही सक्षम न्यायालय का स्थगनादेश प्रस्तुत किया।

संग्रह अमीन की रिपोर्ट पर मिशन हॉस्पिटल के खिलाफ 73.70 लाख की धनराशि की वसूली के लिए चल अचल संपत्ति की कुर्की का अधिपत्र तैयार किया गया। इसके बाद एसडीएम सदर ने वारंट जारी किया। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने मिशन हॉस्पिटल में छापा मारा तो उसके मैनेजर हर्षुल यादव ने कई वकीलों को बुला लिया। मैनेजर ने कागजात देखकर जल्द ही बकाया धनराशि जमा कराने का भरोसा दिलाया जिस पर टीम लौट गई।

### नाइन प्लेनेट का स्टाफ भागा, होराइजन के प्रबंधन ने जमा किए 10 लाख रुपये



जीवनसुख बिल्डर्स के कार्यालय पर पहुंची टीम।

मेसर्स नाइन प्लेनेट इन्फ्रास्ट्रक्चर उप्र भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) लखनऊ का बकायादार है। संग्रह अमीन प्रेमराज की 23 अक्टूबर को तहसीलदार को भेजी रिपोर्ट पर नाइन प्लेनेट के मालिक विकास सक्सेना के खिलाफ एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने 25 अक्टूबर को 9,66,841 की वसूली के लिए चल-अचल संपत्ति की कुर्की वारंट जारी किया था। मंगलवार को राजस्व टीम ने नाइन प्लेनेट के कार्यालय पर छापा मारा तो वहां मौजूद स्टाफ भाग निकला। होराइजन डेवलपर्स चौपुला रोड से एक करोड़ चार लाख 43 हजार की रकम वसूल की जानी थी। संग्रह अमीन की रिपोर्ट पर एसडीएम ने 28 अक्टूबर को होराइजन की भी चल-अचल संपत्ति की कुर्की के लिए वारंट जारी किया था। बिल्डर की ओर से 45 लाख रुपये पहले ही जमा कर दिए गए थे। मंगलवार को छापे के बाद 10 लाख रुपये और जमा किए। नवदिया में जीवन सुख कॉलोनी बनाने वाले बिल्डर के कार्यालय पर भी छापा मारा गया। इस बिल्डर ने 29 लाख का जुर्माना जमा नहीं किया था। छापे के बाद उसने 28 लाख का डिमांड ड्राफ्ट जमा किया।

### ग्रोवर मोटर्स समेत कई और बकायादारों पर छापा, कुछ पैसे देकर कुछ मोहलत लेकर छूटे



ग्रोवर मोटर्स के शोरूम में पूछताछ करते अधिकारी।

ग्रोवर मोटर्स के मालिक अभिषेक ग्रोवर से श्रम न्यायालय ने करीब 12 लाख रुपये की धनराशि की वसूली का आदेश दिया है। मंगलवार को नायब तहसीलदार विदित कुमार ने सर्वेश कुमार, जोरावर सिंह, प्रेमराज, कमल कुमार, दिनेश कुमार, नेत्रपाल सिंह के साथ ग्रोवर मोटर्स के शोरूम पर दबिश दी। अभिषेक के अनुरोध पर टीम बकाया रकम जमा करने के लिए 24 घंटे की मोहलत देकर चली आई। श्रम न्यायालय की ओर से ही बकायादार घोषित अभिनय पाराशरी से नौ लाख रुपये की वसूली के लिए छापा मारा गया। राम ट्रेवल्स के मालिक सोमनाथ गुप्ता ने करीब 10 लाख रुपये बकाया जमा करने के लिए कुछ समय मांगा। रामपुर बाग के रवि चड्ढा के आवास पर भी छापा पड़ा जिन पर करीब 18 लाख रुपये की रकम बकाया है।

# राजधानी एक्सप्रेस के जनरेटर कोच में शार्ट सर्किट से आग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कोच से धुंआ निकला तो सहमे यात्री, तकनीकी टीम ने पाया काबू
- नई दिल्ली से डिब्रूगढ़ जा रही थी राजधानी एक्सप्रेस

अमृत विचार: बरेली जंक्शन पर 20504 राजधानी एक्सप्रेस के जनरेटर कोच में मंगलवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई। धुंआ उठता देख यात्री सहम गए।

टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया और फिर ट्रेन को रवाना किया गया। इस दौरान ट्रैक पर आने वाली अन्य ट्रेनें भी लेट हो गईं।

नई दिल्ली से डिब्रूगढ़ जा रही 20504 राजधानी एक्सप्रेस बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर मंगलवार दोपहर 3:48 बजे आई। इस दौरान देखा गया कि ट्रेन के जनरेटर कोच से धुंआ निकल रहा है। सूचना पर आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। ट्रेन में मौजूद स्टाफ ने फायर एक्स्टिंग्यूसर से आग को बुझाया।

जांच में सामने आया कि अधिक लोड होने की वजह से कोच के मीटर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। कर्मचारियों ने ट्रेन में पीछे लगे दूसरे जनरेटर कोच को जोड़कर शाम 5:30 बजे ट्रेन को रवाना किया।

# नर्स की हत्या की कोशिश करने वाले प्रेमी की तलाश में दबिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भोजीपुरा क्षेत्र में नर्स की कार में हत्या की कोशिश कर नीचे फेंकने वाले प्रेमी की तलाश में पुलिस ने बदायूं में उसके घर दबिश दी लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

बदायूं के थाना उझानी क्षेत्र की रहने वाली युवती इज्जतनगर क्षेत्र में किराए के कमरे में बहन के साथ रहती है। वह भोजीपुरा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज में नर्स है। युवती का पिछले छह साल से बदायूं के ही कादर चौक निवासी अभय प्रताप से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। अभय ने शादी का वादा कर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए। रविवार देर रात अभय प्रताप अपने दोस्त मोनू के साथ कार से मेडिकल कॉलेज के पास पहुंचा और वहां से नर्स को बैठाया। रास्ते में टोल प्लाजा के आगे उसके साथ मारपीट की और रस्सी से गला दबाकर हत्या की कोशिश की और फिर चलती कार से फेंक दिया था।

# नहीं चल पाई बिथरी पुलिस की चोरी, दर्ज करनी पड़ी डकैती



केसर खान से पूछताछ करती क्राइम ब्रांच की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- डकैती की वारदात चोरी में दर्ज करने पर एसएसपी ने दिखाई सख्ती
- एसपी देहात, सीओ के साथ पहुंची एसओजी और क्राइम ब्रांच ने की जांच

अमृत विचार : डकैती की वारदात को चोरी की धाराओं में दर्ज करने वाली पुलिस ने मंगलवार को एसएसपी की सख्ती के बाद लाइन पर आ गई। सुबह ही थाना प्रभारी और सीओ के साथ क्राइम ब्रांच और एसओजी की टीमें भी पीड़ित किसान केसर खां के घर पहुंच गईं। केसर खां के साथ गांव के लोगों से भी लंबी पूछताछ की और इसके बाद वारदात को डकैती की धाराओं में दर्ज कर लिया।

गांव उदयपुर जसरथपुर के मजरा गैगटा निवासी केसर खां के घर में रविवार रात पड़ोस के अधबने घर की छत से 10 से अधिक हथियारबंद नकाबपोश घुस गए थे। हथियारों के जोर पर परिवार के सभी सदस्यों को एक कमरे में बांधकर डालने के बाद बदमाशों ने 20 लाख के जेवर लूट लिए थे। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने बदमाशों की तलाश के बजाय ग्राम प्रधान से चोरी की तहरीर लिखवाई और उस पर केसर खां का अंगूठा लगवाकर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

मंगलवार को थाना पुलिस की यह चोरी अखबारों मे सुर्खियां बनी तो एसएसपी अनुराग आर्य ने उसका संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर सुबह ही एसपी देहात उत्तरी मुकेश चंद मिश्र, सीओ नितिन कुमार, क्राइम ब्रांच और एसओजी की टीमें केसर खां के घर पहुंच गई। केसर खां से जानकारी लेने के बाद टीमों ने छानबीन की लेकिन कोई सुराग हासिल नहीं कर सकीं। सीओ नितिन कुमार ने बताया कि केस तरमीम कर दिया गया है। बदमाशों की तलाश के लिए टीमें लगाई गई है।

# सीढ़ी से गिरकर बुजुर्ग की मौत

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर क्षेत्र में एक बुजुर्ग की सीढ़ी से गिरने से मौत हो गई। बुजुर्ग के साथ परिवार का कोई सदस्य नहीं रहता था, इसकी वजह से उनकी देखभाल नहीं हो पा रही थी।

प्रेमनगर थाना प्रभारी आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि बजरिया पूरनमल निवासी रशीद अहमद (60) किराए के कमरे में करीब 12 साल से अकेले रह रहे थे। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मंगलवार को सीढ़ी से गिरने से उनकी मौत हो गई। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की। उनके परिजनों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# पीडब्ल्यूडी में भ्रष्टाचार की जांच के लिए कमेटी गठित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला जेल के गार्ड रूम का काम दूसरे को देने और भुगतान की फाइलें लटकाने का मामला
- मंडलीय कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने की थी शिकायत

अमृत विचार: लोक निर्माण विभाग में निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ठेकेदारों से भुगतान के लिए रिश्वत मांगने के मामले की जांच के लिए अधीक्षण अभियंता प्रकाश चंद्र ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है।

मंडलीय कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन ने 22 अक्टूबर को निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी भुगतान रोककर घूस मांगने, जिला कारागार के निर्माण कार्य को मेरठ के ठेकेदार को बिना बताए दूसरे ठेकेदार को देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। अधीक्षण अभियंता बरेली प्रकाश चंद्र ने आदेश दिया कि प्रकरण में भ्रष्टाचार की जांच कराने के लिए कमेटी गठित की जाती है। कमेटी में अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-1 राजीव अग्रवाल और सहायक अभियंता निर्माण खंड भवन राकेश नौटियाल कमेटी में शामिल किए हैं। इसमें राजेश कुमार को अध्यक्ष, राजेश को सदस्य और राकेश को प्रस्तुतकर्ता बनाया है। अधीक्षण अभियंता ने जांच अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायती पत्र में उल्लेखित तथ्यों की जांच कर रिपोर्ट एक सप्ताह में दें। इसके अलावा प्रकरण से संबंधित सहायक अभियंताओं को जांच में सहयोग करने के भी निर्देश दिए हैं। सहायक अभियंता राकेश नौटियाल को शिकायत से संबंधित समस्त प्रमाणित अभिलेख गठित जांच कमेटी को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### एक सप्ताह का समय तो गुजर गया

अधीक्षण अभियंता ने 26 अक्टूबर को जांच कमेटी गठित कर आदेश जारी किया। एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी लेकिन आदेश की तारीख से देखा जाए तो एक सप्ताह का समय तो गुजर गया लेकिन जांच पूरी नहीं हुई है।

### अफसरों पर लगाए थे गंभीर आरोप

मंडलीय कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने शिकायत की है कि 29 सितंबर 2021 को हुए अनुबंध के अनुसार अग्रवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से वित्तीय वर्ष 2021-22 में जिला कारागार के अंदर 30 क्षमता की आठ बैरक, 64 सेल शौचालय और पार्टीशन दीवार का निर्माण कराया था। करीब 80 लाख के निर्माण कार्य कराए थे। आरोप लगाया है कि अफसरों ने जेल के बाहर एक गाड़र्स रूम लिंटर स्तर तक का कार्य अग्रवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी से करा लिया लेकिन अतिरिक्त निर्माण सक्षम अधिकारी की ओर से स्वीकृत नहीं किया गया और इसका अलग से टेंडर कर दिया। 21 अक्टूबर 2022 को यह कार्य मेरठ की ही दूसरी कार्यदायी संस्था को देकर पूरा करा लिया। लिंटर स्तर तक बीम में जो सरिया इस्तेमाल हुई, उसका कम मात्रा का आकलन किया गया। माप लेने के दौरान ठेकेदार की सहमति भी नहीं ली गई। ठेकेदार को बार-बार पत्र भेज धमकाया गया। ठेकेदार का कार्य समायोजन करने की बात कही जा रही है। जेल के बाहर गार्ड रूम कार्य का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है।



### एक रुपये का पर्चा लेकिन भीड़ में धक्के हजारों

जिला अस्पताल में मरीजों के लिए कम खर्च पर इलाज कराना किसी जंग लड़ने से कम नहीं है। मंगलवार को पर्चा बनवाने के लिए इतनी ज्यादा भीड़ उमड़ी कि लोगों का नंबर आते-आते घंटों लग गए। धक्कामुक्की झेलनी पड़ी सो अलग। यहां पर्चा बनवाने के बाद मरीजों को ओपीडी और दवा काउंटर की लाइन में भी लगना पड़ा तो उनकी हालत पस्त हो गई। ● अमृत विचार

# शेरगढ़ में हाईटेंशन लाइन का पोल टूटने से 165 गांव में बिजली गुल



शीशगढ़, अमृत विचार : गांव भीखमपुर में हाईटेंशन लाइन का पोल टूटने से शीशगढ़ कस्बा सहित 165 गांवों की बिजली सप्लाई सोमवार रात 8 बजे से ठप हो गई। मंगलवार शाम 4 बजे नया पोल लगाकर सप्लाई बहाल की गई।

33 केवी जाफरपुर सब स्टेशन से शीशगढ़ के अलावा 165 गांवों में बिजली सप्लाई होती है। सोमवार रात 8 बजे गांव भीखमपुर में हाईटेंशन लाइन का पोल टूट गया, जिससे सब स्टेशन ठप हो गया। इसकी वजह से 20 घंटे तक बिजली गुल रही। जेई संतोष कुमार ने बताया कि रात में टूटा पोल नहीं बदल पाया। मंगलवार सुबह से पोल बदलने का काम शुरू किया गया और शाम 4 बजे के बाद सप्लाई चालू कर दी गई।

# लालफाटक पुल के पास मिला बुजुर्ग का शव

बरेली, अमृत विचार : थाना कैंट क्षेत्र में लालफाटक के पास मंगलवार सुबह एक 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

सूचना पर सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव और कैंट थाना प्रभारी राजेश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बुजुर्ग की शिनाख्त की कोशिश की लेकिन नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया।

# फैसला आने से दो दिन पहले कर दी हत्या

## पुष्पेंद्र के भाई की हत्या के केस में कल फैसला आने की उम्मीद, आरोपियों को था उम्रकैद का डर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पीलीभीत बाईपास पर निजी अस्पताल में मौजूद पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार



पत्नी के साथ पुष्पेंद्र का फाइल फोटो।

अमृत विचार : भुता के गांव खरदा के रहने वाले पुष्पेंद्र गंगवार उर्फ पुष्पाल के भाई विनोद की भी वर्ष 2021 में हत्या कर दी गई थी। इसमें हिस्ट्रीशीटर पूर्व प्रधान पूरनलाल, पवन और अर्जुन को नामजद किया था। इस केस में पुष्पेंद्र समेत सारे गवाहों की गवाही हो चुकी है और अब बृहस्पतिवार को फैसला आने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि आरोपियों को उम्रकैद की सजा होने की आशंका थी। इसी कारण उन्होंने फैसला आने से पहले पुष्पेंद्र की भी हत्या कर दी।

भाई विनोद की हत्या के बाद से पुष्पेंद्र ने गांव छोड़कर पीलीभीत रोड पर पासपोर्ट कार्यालय के पीछे किराए के मकान में रहना शुरू कर दिया था। वह गांव में अपनी खेती देखने रोज जाते थे लेकिन रात होने से पहले लौट आते थे। पुष्पेंद्र के भाई विनोद का भुता में एक प्लॉट पर कब्जे और प्रधानी के चुनाव की वजह से पूर्व प्रधान पूरनलाल और उसके परिजनों से विवाद था। प्रधानी के चुनाव से पहले विनोद की भी गांव के पास ही पूरनलाल के भाई पवन ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसमें पूरनलाल, पवन और अर्जुन को नामजद किया गया था। पुष्पेंद्र विनोद की हत्या के केस में गवाह भी थे।

पुष्पेंद्र की हत्या के बाद एसएसपी की ओर से गठित पांचों टीमों ने आरोपियों की तलाश में दबिश देनी शुरू कर दी। इनमें एसओजी, सर्विलांस और थाना पुलिस की टीमें शामिल हैं। अफसरों के मुताबिक टीमों ने देर रात तक आरोपियों के दो दर्जन से ज्यादा ठिकानों दबिश दी। एसएसपी भी भुता थाने में बैठ कर टीमों की मॉटरिंग करते रहे। उन्होंने पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने की भी बात कही है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**सात संदिग्ध हिरासत में:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने दबिश देकर सात संदिग्ध हिरासत में लिए हैं और उनसे पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि हत्या में नामजद विपिन दस दिन पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। पुलिस हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल और उसके करीबियों की जमानत लेने वालों की लिस्ट तैयार कर उनके घरों पर भी दबिश दे रही है।



### अस्पताल के बाहर बार-बार बेहोश हुई पत्नी

पुष्पेंद्र को पुलिस मेडिसिटी अस्पताल लाई जहां सैकड़ों लोग भी पहुंच गए। उनमें भारी गुस्सा था। सीओ ने उन्हें समझाकर शांत किया। यहां पुष्पेंद्र की पत्नी रोते हुए बार-बार बेहोश होती रही। उससे लिपटकर रो रहे बेटे को देखकर माहौल भावुक हो गया।


### हत्या से पहले ही जेल चला गया पूर्व प्रधान

कहा जा रहा है कि पुष्पेंद्र की हत्या की साजिश पहले ही रची जा चुकी थी। हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल महीना भर पहले ही पुराने केस में हाजिर होकर जेल चला गया ताकि पुष्पेंद्र हत्याकांड में उसका नाम न आए। सुगबुगाहट है कि हत्या के लिए सुपारी भी दी गई थी।

सूचना

प्रिय पाठकगण,
उपहार ही उपहार योजना में शामिल होने के लिए आपका धन्यवाद!
अपने पूर्ण रूप से भरे हुए कूपन प्रपत्र को संभाल कर रखें। उपहार वितरण का स्थान एवं तिथि शीघ्र ही प्रकाशित की जायेगी।
पढ़ते रहिए... अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्या आप नि:संतान हैं? आज ही सम्पर्क करें
माहेश्वरी अस्पताल एवं श्रद्धा IVF सेंटर

डा. श्रद्धा माहेश्वरी
Senior IVF Consultant,
Gynaecologist & IVF Specialist
: सम्पर्क सूत्र :
9548521316
0581-3583111
पता: बन्नूवाल नगर, ट्यूलिप ग्रांड के सामने पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
बाँझपन के प्रमुख कारण:-
महिलाओं में:-
• समय पर महावारी न होना • असंतुलित हार्मोन्स
• अण्डो का न बनना • अधिक उम्र • नलों का बंद होना
पुरुषों में:-
• शुक्राणु निल होना • शुक्राणु का कम होना
• शुक्राणुओं की गति धीमी होना

उपलब्ध सुविधाएं
• IUI • IVF • ICSI
• Hysteroscopy • Laparoscopy
IVF/IUI मेगा फ्री कैम्प
सेंटर की शानदार सफलता और वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आईवीएफ निसंतान दंपत्तियों के लिए
-: दिनांक :-
14/15/16 अक्तूबर 2024 पर विशेष छूट
सभी बच्चेदानी व अंडेदानी की गांठ/रसौली का ऑपरेशन दूरबीन विधि द्वारा उपलब्ध।
Artificial Insemination, Egg/Sperm Donor Facility Available
नि:संतान दम्पत्तियों के लिए पहला परामर्श
सोमवार से शनिवार प्रात: 10:00 बजे से 6:00 बजे तक
बरेली में विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित IVF लैबऔर उच्च सफलता दर वाला IVF सेन्टर
लोकेशन के लिए स्कैन करें

# घायल वकीलों को पांच-पांच लाख का मुआवजा दे सरकार

## गाजियाबाद की घटना के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन जारी

विधि संवाददाता, बरेली


वकीलों पर लाठीचार्ज का विरोध करते वकील। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गाजियाबाद में वकीलों पर लाठीचार्ज की घटना के विरोध में वकीलों ने मंगलवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने जेल रोड चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर आक्रोश जताया और गाजियाबाद के जिला जज के स्थानान्तरण, घायल वकीलों को पांच-पांच लाख के मुआवजे और लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

बरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित और सचिव वीरेन्द्र प्रसाद ध्यानी के नेतृत्व में सोमवार से गाजियाबाद के अधिवक्ताओं के समर्थन में वकीलों का आंदोलन जारी है। जिला जज गाजियाबाद के आदेश पर 29 अक्टूबर को न्यायालय कक्ष में वकीलों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया गया था, जिसमें कई वकील घायल हो गये थे। घटना से प्रदेश भर के वकील आक्रोशित और आंदोलनरत हैं। बार एसोसिएशन ने बुधवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा की है।

## रेत-बजरी के ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई करें

**बरेली, अमृत विचार:** उप्र व्यापारी सुरक्षा फोरम एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला के नेतृत्व में मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय में ज्ञापन दिया। जिसमें उत्तराखंड से आने वाले बड़ी संख्या में रेता बजरी के ओवरलोड ट्रक चलवाने में परिवहन विभाग के पीलीभीत और शाहजहांपुर के एआरटीओ की भूमिका संदिग्ध बताई। रामकृष्ण शुक्ला ने पीलीभीत और शाहजहांपुर में रेता बजरी के ओवरलोड ट्रक पर सख्ती और ओवरलोड ट्रक का परमिट निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में दीपक द्विवेदी, प्रभुजीत सिंह, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, विष्णु शुक्ला, सोनू मौर्य, सतेंद्र पटेल, अनिल राजपूत, महेंद्र वैश्य, सतीश आदि व्यापारी व ट्रांसपोर्टर रहे।

# डीआरएम ने बरेली जंक्शन और कैंट स्टेशन का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● जंक्शन पर फुट ओवरब्रिज, यार्ड और सिक लाइन को देखा

**अमृत विचार:** मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार सिंह ने मंगलवार को बरेली जंक्शन और कैंट स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कराए जा रहे कामों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्टेशन अधीक्षक को स्टेशन पर हर समय साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने बरेली जंक्शन पर फुट ओवरब्रिज, यार्ड और निर्माणाधीन सिक लाइन का निरीक्षण कर जल्द से जल्द काम पूरा कराने के निर्देश दिए। वहीं कैंट स्टेशन पर संकेत एवं दूरसंचार विभाग की नई बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन और रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण किया। इसके बाद रोजा स्टेशन पर नई लोको लॉबी, पॉवर का निरीक्षण किया। बरेली से पहले उन्होंने रामपुर स्टेशन पर गुड्स शेड का निरीक्षण कर प्रकाश व्यवस्था को और बढ़ाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक आशीष सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण) जन्मजेय उपाध्याय, वरिष्ठ मंडल अभियंता (तृतीय) करनप्रीत सिंह, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक आकाश सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में बंदरों ने काटी केबल

**बरेली, अमृत विचार:** जिला अस्पताल में मंगलवार को बंदरों ने बिजली की केबल काट दी, जिससे सप्लाई प्रभावित हो गई। स्टाफ ने कर्मचारी बुलाकर केबल ठीक कराई।

जिला अस्पताल में बंदरों का आतंक काफी दिनों से है। इससे स्टाफ परेशान है। बंदर ओपीडी, इमरजेंसी और वार्डों की छतों पर घूमते रहते हैं। कई बार कमरों में भी घुस जाते हैं, जिससे मरीजों को भी दिक्कत होती है। बंदर मरीजों की दवाइयां व अन्य सामान भी उठाकर ले जाते हैं। स्टाफ ने कई बार एडीएसआईसी से शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हुआ। नगर निगम की ओर से भी बंदरों को नहीं पकड़ा जा रहा है। शहर की कॉलोनियों में भी बंदरों से लोग परेशान हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है।

## तीन बच्चों को ले गया महिला का पूर्व पति अपहरण की आशंका से मची खलबली

● साले की बेटी घर लौटी, महिला के दोनों बच्चों की लोकेशन काशीपुर में मिली

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र के जोगीनवादा में स्कूल गए तीन बच्चे सोमवार को लापता हो गए। एक छात्रा तो शाम को घर वापस लौट आई लेकिन दो बच्चे नहीं आए। दोनों की लोकेशन काशीपुर मिलने के बाद पुलिस टीम रवाना हो गई। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला कि दो बच्चों को उसका पहला पिता लेकर गया है।

जोगीनवादा के रहने वाले शादाब ने बताया कि वह फर्नीचर का काम करते हैं। सोमवार सुबह उनकी 13 साल की बेटी स्कूल गई थी। पड़ोस में किराए पर रहने वाली उनकी बहन की 10 साल की बेटी और आठ साल का बेटा भी स्कूल गया था। तीनों बच्चे शाम तक नहीं लौटे तो उनकी तलाश की तो पता लगा कि बच्चे स्कूल गए ही नहीं थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। हालांकि एक बच्ची लौट आई। पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो दिखा कि दो बच्चों को उनका पहला पिता शेरगढ़ के सुनारों वाली गली निवासी साबरान अपने साथ लेकर जा रहा है।

> दो बच्चों को पहला पिता लेकर अपने साथ गया है। उसकी अंतिम लोकेशन काशीपुर में मिली है। पुलिस की एक टीम रवाना कर दी गई है।
>
> **-अमित पांडे,** थाना प्रभारी बारादरी

पुलिस को साबरान की अंतिम लोकेशन काशीपुर की मिली तो एक टीम वहां के लिए भेजी गई। पुलिस के मुताबिक साबरान की शादी शादाब की बहन के साथ हुई थी, लेकिन दोनों में विवाद की वजह से तलाक हो गया था। उसके बाद से बच्चे शादाब की बहन के साथ रहते हैं। चार साल पहले उसकी बहन ने दूसरी शादी कर ली।

# सरकारी जमीनें दोबारा कब्जाने वालों पर एफआईआर कराएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों की वर्चुअल बैठक में दिया निर्देश

● धारा 80 के आवेदनों की स्वीकृति से ज्यादा में निरस्तीकरण की होगी जांच

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मंगलवार को वर्चुअल समीक्षा बैठक के दौरान सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि कब्जामुक्त कराई गई सरकारी जमीनों पर दोबारा कब्जा करने के मामलों में एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने धारा-80 के आवेदनों को ठोस कारण होने पर ही निरस्त करने को कहा।

उन्होंने कहा कि पट्टे पर उन्हीं तालाबों का आवंटन किया जाए जो वास्तविक अतिक्रमणमुक्त हों। चरागाह की जमीन का सत्यापन, अतिक्रमणमुक्त भूमि चिह्नित कर उसका पूरा ब्योरा देने का निर्देश दिया। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान 9,10, 23 और 24 नवंबर को प्रस्तावित विशेष अभियान की तैयारी पूरी करने और इन दिवसों में सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ की मतदाता सूची के साथ दावे-आपत्ति प्राप्त करने के लिए उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए दो दिन पहले से सभी बीएलओ को फोन कर सक्रिय करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ 18 से 19 वर्ष के नए और महिला मतदाताओं के नाम अनिवार्य रूप से सूची में शामिल करें। ईआरओ और एईआरओ इन तिथियों में मतदेय स्थलों पर बीएलओ की उपस्थिति का सत्यापन करें। आंवला, कैंट, शहर, भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्रों में खासतौर पर काम में तेजी लाने को कहा। जिलाधिकारी ने उन तहसील क्षेत्रों में धारा-80 के आवेदनों की जांच कराने के निर्देश दिए जहां स्वीकृति के मुकाबले निरस्तीकरण ज्यादा हुआ है। छठ पूजा के मद्देनजर चौबारी, भमोरा के इफको कम्पाउंड, ग्राम भरतौल में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम वित्त संतोष बहादुर सिंह प्रत्यक्ष रूप से मौजूद थे।

# निधि से कार्य कराने के लिए सांसद छत्रपाल गंगवार ने दिए नौ प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● प्रस्ताव में कैंट और शहर विधानसभा क्षेत्र की चार-चार सड़कों का निर्माण शामिल

**अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र में सांसद निधि से विकास कार्य कराने के लिए छत्रपाल गंगवार ने नौ कार्य कराने के प्रस्ताव भेजे हैं। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग ने कार्यदायी संस्था नामित करने के लिए जिलाधिकारी को फाइल भेजी है। हालांकि आंवला और पीलीभीत सांसदों ने अब तक प्रस्ताव नहीं भेजे हैं। इसके लिए पत्राचार भी किया जा चुका है।

संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए हर वित्तीय वर्ष में सांसद निधि जारी की जाती है। इस वित्तीय वर्ष में 16 अगस्त को बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार और आंवला से सपा के सांसद नीरज मौर्य की पांच-पांच करोड़ रुपये की निधि नोडल अकाउंट में आ गई थी, मगर सांसदों की ओर से प्रस्ताव नहीं देने से कार्य रुके हुए हैं। बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र पीलीभीत संसदीय क्षेत्र में आता है, ऐसे में यहां पर विकास कार्य कराने के लिए पीलीभीत सांसद प्रस्ताव देते हैं। अभी सिर्फ सांसद छत्रपाल गंगवार ने प्रस्ताव दिया है, जिसमें नौ कार्य शामिल हैं, जिनमें कैंट और शहर विधानसभा क्षेत्र के चार-चार और एक अन्य कार्य हैं। सभी कार्य सड़क निर्माण से जुड़े हैं। प्रस्ताव आने के बाद जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग ने कार्यदायी संस्था को नामित करने के लिए जिलाधिकारी को पत्रावली भेजी है। कार्यदायी संस्था नामित होने के बाद एस्टीमेट बनाकर कार्य शुरू कराने की तैयारी है।

## 1985 जोड़ों के सामूहिक विवाह की तैयारी शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण विभाग ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारी शुरू कर दी है। इसी सप्ताह टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और जल्द ही कार्यक्रम स्थल और तारीख तय की जाएगी।

योजना के तहत इस बार शासन ने 1985 जोड़ों की शादी का लक्ष्य तय किया है। यह लक्ष्य काफी समय पहले आ गया था लेकिन शादियों का शुभ मुहुर्त न होने की वजह से कार्यक्रम रुका हुआ था। अब मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। ब्लॉक स्तर पर ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करते हुए ऑनलाइन आवेदन कराए गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया चल रही है जो इसी सप्ताह पूरी होने की उम्मीद है। पूरी पारदर्शिता के साथ सामूहिक शादियां कराईं जाएंगी।

# भारतीयता का प्रतीक है 'बंटोगे तो कटोगे' नारा : शहाबुद्दीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● मुस्लिम जमात अध्यक्ष बोले- मुख्यमंत्री ने सभी देशवासियों के लिए कही है ये बात

**अमृत विचार:** बंटोगे तो कटोगे, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस बयान का आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने समर्थन किया है। मौलाना ने साफ किया कि मुख्यमंत्री का यह नारा भारतीयता का प्रतीक है और उन्होंने यह बात सभी देशवासियों के लिए कही है ताकि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी मिलजुलकर रहें।

मौलाना शहाबुद्दीन ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री के बयान को बड़े परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। उन्होंने यह बयान तब दिया था जब बांग्लादेश में आंदोलनकारी छात्रों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्ता पलट दिया था। मुख्यमंत्री की मंशा है कि भारत में सभी नागरिक मिलकर रहें, एक-दूसरे का सम्मान करते रहें, वे अगर बटेंगे तो देश का नुकसान होगा और बांग्लादेश की तरह अराजकतत्व और कट्टरपंथी लोग देश को अस्थिर कर देंगे। मुख्यमंत्री के बयान को सकारात्मक तरीके से लेना चाहिए। उनका ये नारा भारतीयता का प्रतीक है। इस बयान को सिर्फ हिंदुत्व के नजरिए से न देखा जाए।

मौलाना ने कहा कि 1857 से 1947 तक की आजादी की तमाम जंगों में हिंदू और मुसलमानों ने देश को कंधे से कंधा मिलाकर आजाद कराया। आजादी में किसी समुदाय की कुर्बानी कम नहीं आंकी जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री के बयान को इस परिप्रेक्ष्य में भी देखा जाना चाहिए कि अगर पड़ोसी देश अपनी जमीन को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए देते हैं, तो ऐसे में सभी धर्म के भारतीय नागरिकों की जिम्मेदारी बन जाती है कि देश के हितों और एकता-अखंडता के लिए उठ खड़े हों।

## दो ब्लॉकों में बाल विकास एवं पुष्टाहार कार्यालय के लिए भूमि चिह्नित

बरेली, अमृत विचार : जिले के मझगवां और आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यालय के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। इसका प्रस्ताव बनाकर निदेशालय भेज दिया गया है। 11 और ब्लॉकों में भी जमीन को चिह्नित किया जा रहा है।

प्रत्येक ब्लॉक में 30 लाख की लागत से एक कार्यालय का निर्माण होना है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अब तक मीरगंज और फरीदपुर ब्लॉक में ही कार्यालय हैं। अन्य ब्लॉक में कहीं किराए पर तो कहीं किसी दूसरे विभाग के भवन में कार्यालय संचालित हो रहे हैं। 13 ब्लॉकों में तीन करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से कार्यालयों का निर्माण होगा। मझगवां और आलमपुर जाफराबाद में जमीन चिह्नित कर ली गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि दोनों ब्लॉकों में कार्यालयों के निर्माण के लिए प्रस्ताव निदेशालय को भेजा जा चुका है। बाकी ब्लॉकों में भी जमीन चिह्नित की जा रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार

B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

# मदरसा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● मौलाना तौकीर बोले, सबने मुसलमानों के खिलाफ खोला मोर्चा, कोर्ट ही सहारा

● सलमान मियां और मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने भी की फैसले की सराहना

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड एक्ट को संवैधानिक करार देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां, जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां और मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने स्वागत किया है।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि सरकार मुसलमानों के खिलाफ दुश्मनी पर आमादा है जो बहुत चिंता की बात है। हाल यह हो गया है कि सरकार और कार्यपालिका समेत सभी ने मुसलमानों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ऐसे में यह एक अच्छा और सही फैसला है जो बताता है कि हम न्याय पालिका पर ही भरोसा कर सकते है। जमात रजा-ए-मुस्तफा के उपाध्यक्ष सलमान हसन खान सलमान मियां ने सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि सीजेआई और बेंच के सभी जजों ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए जिस तरह यह फैसला दिया, उससे अल्पसंख्यकों में कानून के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से मदरसों के वजूद को खतरा पैदा हो गया था। आज सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया है। इससे लाखों छात्र-छात्राओं और हजारों शिक्षकों को बड़ी राहत हासिल हुई है।

# गांधी उद्यान चौराहे को दिया जाए बुद्ध का नाम, प्रतिमा भी स्थापित कराएं


कमिश्नरी में ज्ञापन सौंपते गौतम बुद्धा पार्क समन्वय संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार:** गौतम बुद्धा पार्क समन्वय संघर्ष समिति ने मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय में अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल को ज्ञापन देकर गांधी उद्यान के सामने चौराहे पर बुद्ध की प्रतिमा लगाकर बुद्ध चौराहा नाम देने की मांग की।

समिति के सह संयोजक रामपाल मौर्य ने बताया कि चौराहे का विस्तारीकरण कर वहां पर नटराज मुद्रा में प्रतिमा लगाने की कवायद की जा रही है। चौराहे पर स्थित गौतम बुद्ध पार्क को भी अधिग्रहण करने की सूचना है, जिससे बौद्ध अनुयायियों में रोष है। शहर में अन्य महापुरुषों के नाम से विभिन्न चौराहों और मार्गों पर प्रतिमा लगी हुई हैं। इसी तरह से बुद्ध की भी प्रतिमा लगाई जाए। समिति मांग करती है कि नगर निगम में गौतम बुद्धा नाम से एक ही पार्क है, इसका सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए।

बड़ी संख्या में लोग बुद्ध पार्क में भी एकत्र हुए और नाराजगी जताई। ज्ञापन सौंपने वालों में ओमप्रकाश, ओमकार सिंह, जगदीश प्रसाद, रामपाल मौर्य, सुरेंद्र सोनकर, दीन दयाल गौतम, सूर्य प्रसाद, राकेश बाबू, महेंद्र पाल, लाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, नरेंद्र भान सिंह आदि शामिल थे।

## सार-संक्षेप

### संगीत कार्यक्रम में सुनाए एक से बढ़कर एक गीत



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब ने कहरवान स्थित कार्यालय पर गीत-संगीत संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकाश चंद्र सक्सेना के किसी नजर को तेरा इंतजार आज भी है की प्रस्तुति से की। मानव सेवा क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, डॉ. निधि मिश्रा, अनूप जायसवाल, मधु वर्मा, अजय चौहान, कल्पना सक्सेना, शकुन सक्सेना, अरुणा सिंहा, मंजू लता, प्रीति सक्सेना, समर्थ, अवि, इशाना और इंजीनियर एएल गुप्ता ने ने गीत प्रस्तुत किए। इस दौरान सुरेन्द्र बीनू सिन्हा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सक्सेना, प्रकाश चंद्र सक्सेना, अभय भटनागर, मीना भटनागर, जितेन्द्र सक्सेना, राजीव सक्सेना, राजेश सक्सेना, अंजलि, अनिल, शोभा सक्सेना, सुनील शर्मा, दीप्ति शर्मा, रीता सक्सेना, गीतिका श्रीवास्तव, वंदना गौतम, अखिलेश कुमार, निर्भय सक्सेना, शशि सक्सेना, अल्पना जायसवाल, संकल्प, प्रकल्प, सुमि, सुरभि मौजूद रहे।

### जीजीआईसी में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता



**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को जनपद स्तरीय महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। इसका विषय बच्चों में बढ़ती अवसादग्रस्तता एवं आत्महत्या की प्रवृत्ति में विद्यालय, परिवार और समाज की भूमिका रहा। प्रतियोगिता का आरंभ प्रधानाचार्या अनु पाराशरी ने किया। निर्णायक मंडल में ममता कुमारी, उर्मिला गंगवार, मंजूरानी भारती रहीं। करुणा चौधरी ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र दिए। कार्यक्रम का संचालन शिवानी रस्तोगी ने किया।

### घुड़सवारी प्रतियोगिता में बरेली पुलिस ने जीते चार स्वर्ण पदक



**बरेली, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद में 24 से 27 अक्टूबर तक हुई 26वीं वार्षिक उत्तर-प्रदेश पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता में बरेली की टीम ने चार स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य पदक सहित 11 पदक जीते। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने मंगलवार को कार्यालय में टीम को पदक पहनाकर सम्मानित किया और 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की। टीम के कप्तान हेड कांस्टेबल हिमांशु कुमार ने प्रतियोगिता में इंडियन फाइल एवं टेंट पेगिंग में स्वर्ण, ड्रेसेज व टीम पेगिंग में रजत पदक जीता। इसके अलावा इंडियन फाइल व टेन्ट पेगिंग में तरुण सागवान, मोहम्मद नाजिर और रविन्द्र कुमार ने स्वर्ण पदक जीता।

# नहाय खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व

## सूर्यास्त के समय महिलाओं ने निभाई रस्म, आज निर्जल व्रत के बाद खरना का भोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नहाय खाय के साथ मंगलवार शाम से छठ महापर्व शुरू हो गया। महिलाओं ने सूर्यास्त के समय रस्म पूरी की। बुधवार को निर्जल व्रत के साथ शाम को खरना यानी महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा।

नहाय खाय की रस्म पूरी करने के बाद महिलाओं ने बिना लहसुन प्याज की लौकी की सब्जी, चने की दाल और साफ किए गेहूं के आटे की रोटी बनाकर भोग लगाकर खुद खाया और परिवार के अन्य सदस्यों को प्रसाद दिया। इसके बाद रात 12 बजे से निर्जल व्रत शुरू किया। बुधवार को खरना में ठेकुआ (गुड़ और आटे की सख्त मठरी), गुड़ की खीर, रोटी का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में खाया जाएगा। इसके बाद फिर व्रत शुरू हो जाएगा और गुरुवार शाम को सूर्यास्त और शुक्रवार की सुबह सूर्योदय के समय अर्घ्य देकर व्रत पूरा होगा।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थित शिव शक्ति पीठ मंदिर से जुड़े देवेंद्र राम ने बताया कि मन्नत मांगने वाली महिलाएं छह गन्नों को जोड़कर एक साड़ी ओढ़ाकर छठ मैया को तैयार कर पूजा करती हैं। दुकानदार मीनू ने बताया कि छठ पूजन में आलता के पत्ते, साठी का चावल, पूजन के लिए गेंदे के फूल, गन्ने, अनानास, शकरकंदी, नारियल, गागल, शरीफ, लुबिया की फली, सीताफल आदि फल और सब्जियों का पूजन में इस्तेमाल होता है।



आलोक नगर में बाजार में छठ पूजा का सामान खरीदने पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार



इज्जतनगर में नहाय खाय के बाद पूजा के लिए फलों को रखतीं महिलाएं।



पूजा के लिए तैयार किया प्रसाद।

# बिना जर्सी ही हॉकी ट्रायल के लिए मैदान में उतारे खिलाड़ी



स्पोर्ट्स स्टेडियम में बिना जर्सी पहने ट्रायल देते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुए ट्रायल
- ट्रायल में पहुंचे 20 खिलाड़ी, बिना कोच के ही कराया गया ट्रायल

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता का जिला स्तरीय ट्रायल हुआ। इसमें स्टेडियम के खिलाड़ियों का बिना जर्सी पहनाए ही ट्रायल कराया गया। यही नहीं कोच की अनुपस्थिति में सीनियर खिलाड़ी और कर्मचारियों की मौजूदगी में ट्रायल हुआ।

ट्रायल में 20 खिलाड़ी शामिल हुए, जिसमें 10 खिलाड़ी स्पोर्ट्स स्टेडियम और 10 खिलाड़ी साई सेंटर के रहे। आरएसओ जीतेंद्र यादव का कहना है कि ट्रायल के दौरान दो टीमें बनाई गईं। एक टीम के पास जर्सी नहीं थी, तो उन्होंने बिना जर्सी पहने ही ट्रायल दे दिया। स्टेडियम में खेलो इंडिया की कोच शिल्पा का कहना है कि जब वह पहुंची तब तक ट्रायल आधा हो चुका था। उन्हें ट्रायल की पूर्व सूचना नहीं मिल पाई, नहीं तो वह समय से पहुंच जातीं।

**कल होगा मंडलीय ट्रायल:** ट्रायल में मोहित मलिक, रामानंद राय, रंधीर सिंह, दिपांशु, पुष्पेन्द्र सिंह, कवनेश गुप्ता, राहुल गौतम, सोनू यादव, रमेश, जयहिंद यादव, तौहिद, तुषार शिर्मा, दिपांशु शर्मा, जतिन, सूरज पाल, नितिन, अब्बास, जितेश पाल, अनंत सिंह का चयन हुआ। 6 नवंबर को दोपहर 2 बजे मण्डल स्तरीय ट्रायल होगा।

## विश्वविद्यालय जल्द परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम करेगा जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्नातक और परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जल्द जारी करेगा ताकि विद्यार्थियों को परेशान न होना पड़े। परीक्षा फार्म न भर पाने और तिथि नजदीक आने की वजह से विद्यार्थी विश्वविद्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।

विश्वविद्यालय जल्द से जल्द समर्थ पोर्टल शुरू कर बचे हुए विद्यार्थियों के फार्म भरवाने की तैयारी में है लेकिन अभी इसमें वक्त लगेगा, ऐसे में अब 8 नवंबर से स्नातक की परीक्षा होना संभव नहीं है। वहीं परास्नातक की परीक्षा भी 16 नवंबर से होनी हैं, लेकिन इनकी भी तिथि बढ़ानी पड़ेगी। इसके अलावा अन्य पाठ्यक्रमों के फार्म भी भरने से शेष रह गए हैं, ऐसे में इनकी परीक्षा भी अब देरी से ही शुरू कराई जाएगी।

## कूच बिहार ट्राफी में आज होगा यूपी और एमपी का मुकाबला



श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास करते खिलाड़ी।

**बरेली, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार से कूच बिहार ट्राफी का अंडर 19 का उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच मैच शुरू होगा। मेयर उमेश गौतम, विधायक मीरगंज डीसी वर्मा और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार सुबह 8 बजे मैच का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले मंगलवार को टीमों के खिलाड़ियों ने ग्राउंड में अभ्यास किया।



### हरि मंदिर में सुनाई कार्तिक कथा

**बरेली, अमृत विचार :** हरि मंदिर में मंगलवार सुबह ठाकुर जी की पूजा की गई। रवि छाबड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य पंडित रमेश चंद्र तिवारी ने विधिवत पूजन कराया। कार्तिक मास में सुबह महिला मंडल और अन्य भक्तों, सदस्यों ने ठाकुर जी के समक्ष अपनी हाजिरी लगाई और मंगल गीत गाए। इस दौरान आरती और आंवला वृक्ष का पूजन किया गया। पंडित सुनील शास्त्री ने कार्तिक की पावन कथा सुनाई।

## अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा ने दुर्घटना पर जताया शोक

**बरेली, अमृत विचार:** अल्मोड़ा स्थित मरचूला में हुई बस दुर्घटना पर मंगलवार को अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा ने सीबीगंज स्थित कार्यालय पर शोक सभा की। महासभा के राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने बस में सवार 36 यात्रियों की मृत्यु और 27 लोगों के घायल होने पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में आए-दिन होने वाली बस दुर्घटनाओं के संबंध में सरकार पूरी तरह सोई हुई है।

सरकार से अपील की है कि बस दुर्घटना में सभी मृतकों को 25 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाए। इस दौरान चंदन सिंह नेगी, दामोदर लोहानी, केसी जोशी, हेमंत डिमरी, सतीश नैथानी, अवनीत नेगी, के सी चौधरी, भुवनेश घिल्डियाल, गिरीश पांडे, टेक सिंह नेगी, भास्कर सिंह रावत, पुष्कर सिंह राणा, संगीता घिल्डियाल, तारा पांडे आदि उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म मंदिर में 10 दिवसीय कार्तिक उत्सव की शुरुआत आज




पदाधिकारियों ने दी कार्तिक उत्सव के संबंध में जानकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दिल्ली और जयपुर के कथावाचक और भजन गायक उत्सव में होंगे शामिल

**अमृत विचार :** मॉडल टाउन की पंजाबी कालोनी में श्री सनातन धर्म मंदिर में स्थापना वर्षगांठ पर 6 से 15 नवंबर तक 10 दिवसीय कार्तिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

मंगलवार को प्रेस वार्ता में प्रबंधक समिति के सहसचिव अजय अरोरा ने बताया कि 6 नवंबर को श्री सनातन धर्म मन्दिर मंडल और महिला मंडल भजन करेंगे। 7 नवंबर को जयपुर के सुनील शर्मा एक शाम श्री खाटू बाबा के नाम और 8 नवंबर को श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट की ओर से एक शाम राधा रानी के नाम का आयोजन होगा। 9 नवंबर को हरिनाम संकीर्तन में दिल्ली से निकुंज कामरा और आरुषि गंभीर पहुंचेंगी। 10 नवंबर को वृंदावन से वैष्णवाचार्य धीरज बावरा मौजूद होंगे, 11 नवंबर से 14 नवंबर तक राम चरित मानस पर विशेष व्याख्यान में दिल्ली के कथा वाचक मनीष चौहान शामिल होंगे और 15 नवंबर को धार्मिक सेवा समिति की ओर से संकीर्तन और अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

समिति के महामंत्री संजीव चांदना ने बताया कि वर्ष 1952 में पाकिस्तान से आए पंजाबी परिवारों ने मंदिर स्थापना की थी। तब से कार्तिक मास में 20 आरतियों और मंगला आरती के साथ सालिगराम की विशेष पूजा सुबह 5 बजे की जाती है। प्रेसवार्ता के दौरान अध्यक्ष कवल नयन सपरा, संरक्षक तिलक राज दुसेजा, मन मोहन सब्बरवाल, रजनीश चान्दना, बृज मोहन कक्कड़, जनक राज अरोरा, उमेश धमीजा, अमित पाल, पुनीत अरोरा, राकेश भाटिया व अन्य उपस्थित रहे।

# गोपाल सांवरिया मेरे, मेरा कोई नहीं बिन तेरे



हार्टमन पुल के पास संकीर्तन करते श्री राधा संकीर्तन मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** श्री राधा संकीर्तन मंडल की ओर से सात शाम श्यामा श्याम के नाम के दूसरे दिन मंगलवार को हार्टमन के पास संकीर्तन की शुरुआत संकीर्तन मंडल के मंत्री दिनेश शर्मा ने गणेश वंदना से की। महामंत्री अनुज अग्रवाल ने गोपाल सांवरिया मेरे, मेरा कोई नहीं बिन तेरे, स्वागतम कृष्णा सुस्वागतम कृष्णा भजन गाए। इस दौरान अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, राजू गुलाटी, मनोज कुमार, उमेश अग्रवाल, विक्रम कपूर, रंजीत, मोनिका लुथरा, शालिनी अग्रवाल, शिव चावला मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी रिशुल अग्रवाल ने बताया कि बुधवार का कार्यक्रम आनंद आश्रम में शाम 6 बजे से होगा।

# जिला अस्पताल में ओएसटी केंद्र शुरू, तीन दिन बाद मिलेगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पिछले एक साल से अधर में लटकी थी प्रक्रिया
- एक सप्ताह पहले शासन ने भेजा दो लाख का बजट

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में ओएसटी केंद्र (ओपिओइड सब्सटीट्यूशन थेरेपी) शुरू हो गया है। तीन दिन बाद मरीजों को सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। पिछले सप्ताह शासन से दो लाख रुपये बजट जारी किया गया है।

शराब, तंबाकू के साथ ही इंजेक्शन के माध्यम से नशा करने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इनमें सबसे अधिक युवा मरीज शामिल हैं। जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि मरीज नशे के लिए एक ही सिरिंज का उपयोग कई बार करते हैं जिससे मरीज एचआईवी से ग्रसित हो रहे हैं। इन मरीजों के इलाज के लिए ओएसटी का निर्माण कराया जा रहा है। अस्पताल परिसर स्थित पुरानी एक्स-रे यूनिट के खाली पड़े भवन में केंद्र स्थापित होगा। तीन दिन बाद मरीजों को इसकी सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी। एड्स नियंत्रण समिति की ओर से ओएसटी स्थापित कराने का प्रस्ताव भेजने को कहा गया था। ओएसटी केंद्र खोलने का मुख्य उद्देश्य नशे से दूर कराने और एचआईवी पर रोक है। बताया कि केंद्र सिर्फ नशे के इंजेक्शन की आदत छुड़ाने पर काम करता है।

# राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता ट्रॉफी का हुआ अनावरण, आज से शुरू होंगे मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 68 वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय वालीबॉल बालक-बालिका अंडर-17 प्रतियोगिता बुधवार से राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में शुरू होगी। 10 नवंबर तक होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चंडीगढ़ और दमनदीव को छोड़कर लगभग सभी टीमें मंगलवार रात 9 बजे तक पहुंच गईं। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान की ट्रॉफी का अनावरण किया और खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पदक और टॉस के लिए खास तौर पर डिजाइन कराए गए सिक्कों के बारे में बताया।

प्रेस वार्ता में अधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता में 68 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) की वेबसाइट पर किया जाएगा। इसके लिए ड्रोन और कैमरों की व्यवस्था भी की जाएगी।



प्रतियोगिता के लिए पहुंची टीमों ने रात में किया अभ्यास। ● अमृत विचार

- मैच का लाइव प्रसारण एसजीएफआई की वेबसाइट पर होगा
- मंगलवार रात 9 बजे तक लगभग सभी टीमें पहुंची

माध्यमिक शिक्षा के ज्वाइंट डायरेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि टीमों के लिए पांच दिन का रहने खाने का इंतजाम किया गया है, लेकिन जो टीमें समय से पहले पहुंची हैं, उनके रहने और खाने की व्यवस्था भी अनुपूरक रूप से की गयी। प्रतियोगिता के लिए पहुंची कई टीमों ने मंगलवार रात में भी अभ्यास किया।



प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### यूपी की टीम है विजेता

मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम खां ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक वर्ग में यूपी की टीम पिछले वर्ष की विजेता रही है। प्रतियोगिता में कई लोगों ने टीशर्ट, सेल्फ केयर किट, प्रत्येक खिलाड़ी को वालीबॉल, बैग समेत अन्य के लिए स्पांसरशिप की है। एसजीएफआई की तरफ से दो आब्जर्वर, चार सलेक्टर और अन्य आफिशियल नियुक्त किए गए हैं। प्रेस वार्ता में जगदीश पाटनी, डीआईओएस देवकी सिंह, जीआईसी प्राचार्य ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### रात 9 बजे बननी शुरू हुई कॉलेज की मुख्य सड़क

मेयर उमेश गौतम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पहले स्कूल की मुख्य सड़क बनवाने का वादा किया था। मंगलवार शाम 7 बजे सड़क बनाने की सामग्री जीआईसी में लाई गयी और रात 9 बजे के बाद सड़क पर रोलर चलाना शुरू किया गया। जीआईसी के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ने बताया रात 2 बजे तक सड़क तैयार हो जाएगी। स्टेज की साज सज्जा और पवेलियन का काम पूरा हो चुका है। कोर्ट में नेट बांधने का काम बुधवार सुबह किया जाएगा।



### राम और श्याम ने छात्रों को सुनाए प्रेरणादायक भजन



**बरेली, अमृत विचार :** प्रेम सुरेश फाउंडेशन सुरेश शर्मा नगर की ओर से मंगलवार को सुरेश शर्मा जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर एसएसवी इंटर कॉलेज और पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह भी मनाया गया। कार्यक्रम में भजन गायक राम और श्याम ने छात्रों के लिए वर्तमान समय में प्रेरणादायक गीत और भजन प्रस्तुत किए। जिसमें माता-पिता और गुरुजनों पर गीतों की प्रस्तुति की सराहना की गई। मुख्य अतिथि अनिल कुमार एडवोकेट ने कहा कि सुरेश शर्मा जैसे महान व्यक्तित्वों से आप सभी को प्रेरणा लेकर युवाओं को उनको रोल मॉडल बनाना चाहिए। फाउंडेशन अध्यक्ष साकेत सुधांशु शर्मा ने कहा कि सुरेश शर्मा राष्ट्रीय स्तर के छात्र नेता थे। बरेली के लोग रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए उनके आंदोलन को कभी भूल नहीं पाएंगे। महासचिव अंजलि शर्मा, उषा शर्मा, श्रेय शर्मा, अमोघ शर्मा, पंकज कुमार, सुनील शर्मा, सर्वेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

**सुश्रुत क्लीनिक**

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



**डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)**
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षो का कुशल अनुभव



**डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)**
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

**गुदा रोगों के लक्षण**

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

**समय**
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
**रविवार**
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# महिला दरोगा के साथी ने कराया बवाल

## वकील से अभद्रता कर कहा गाजियाबाद जैसा हाल कर देंगे, भीड़ ने घेरा पिंक बूथ

संवाददाता,नवाबगंज



महिला दरोगा के साथी के अभद्रता करने पर पिंक बूथ घेरे वकील और लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली में तैनात एक महिला दरोगा के साथी ने एक वरिष्ठ अधिवक्ता से अभद्रता कर दी, जिस पर आक्रोशित लोगों ने हंगामा कर दिया। बवाल बढ़ता देख पुलिस महिला दरोगा और उसके साथी को कोतवाली ले गई, जहां समझौता नहीं हुआ। अधिवक्ता ने देर रात कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि महिला दरोगा के साथी ने धमकी दी थी कि गाजियाबाद जैसा हाल कर देंगे।

पिंक बूथ पर तैनात महिला दरोगा का साथी मंगलवार शाम उससे मिलने पहुंचा। इसी दौरान एक बाइक से तीन लोग जा रहे थे, जिन्हें रोककर महिला दरोगा पूछताछ करने लगी तो सिविल ड्रेस में मौजूद उसका साथी भी खुद को दरोगा बताकर बाइक चालक को फटकारने लगा। पास ही खड़े वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव गंगवार ने जब विरोध किया तो कथित दरोगा ने अधिवक्ता से भी अभद्रता कर डाली। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने हंगामा कर दिया और कथित दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई पर अड़ गए। सूचना पाते ही ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार भी समर्थकों के साथ पहुंच गए। मामला बढ़ता देख इंस्पेक्टर क्राइम विनोद कुमार महिला दरोगा और उसके साथी को कोतवाली ले गए , जहां देर तक समझौते के प्रयास होते रहे लेकिन कोई हल नहीं निकला। अधिवक्ता ने महिला दरोगा के साथी कथित दरोगा के विरुद्ध अवैध वसूली व गाजियाबाद जैसा हाल किए जाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है, जबकि आरोपी कथित दरोगा पुलिस कस्टडी में ही है।



महिला दरोगा और उसका साथी।

# सात दिन के अभियान में 247 अभियुक्त गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● आईजी के आदेश पर रेंज में पुलिस ने चलाया अभियान, 113 एफआईआर दर्ज की गईं

**अमृत विचार :** त्योहारों के मद्देनजर बरेली रेंज में पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह के आदेश पर 29 अक्टूबर से 4 नवंबर तक चले सात दिवसीय अभियान में 113 एफआईआर दर्ज कर 247 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान रेंज के चारों जिले की पुलिस ने संवेदनशील स्थानों, होटलों, ढाबों, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और प्रमुख चौराहों पर चेकिंग की।

बरेली पुलिस ने 1,285 स्थानों पर 18,227 संदिग्धों से पूछताछ की, जिसमें 1,078 लोगों को चेतावनी दी गई और 41 मामले दर्ज कर 126 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनसे 120 लीटर अवैध शराब, 10 तमंचे, 18 कारतूस, दो चाकू और एक लाख 26 हजार रुपये जुआ से बरामद हुए। पीलीभीत पुलिस ने 890 स्थानों पर 5,954 लोगों की चेकिंग में 1,483 को चेतावनी देकर छोड़ा और पांच मामले दर्ज कर 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक तमंचा, एक कारतूस, एक चाकू और 15,250 रुपये जुआ से जब्त किए। बदायूं पुलिस ने 619 स्थानों पर 4,384 लोगों से पूछताछ करते हुए 473 को चेतावनी दी और 19 मामले दर्ज कर 33 लोगों की गिरफ्तारी की। यहां 78 लीटर अवैध शराब, पांच तमंचे, छह कारतूस, दो चाकू और 25,050 रुपये बरामद हुए। शाहजहांपुर पुलिस ने 274 स्थानों पर 1,457 लोगों की चेकिंग की और 224 लोगों को चेतावनी दी। पुलिस ने 48 मामले दर्ज कर 74 लोग गिरफ्तार किए गए और 270 लीटर अवैध शराब, एक अवैध भट्टी, 10 तमंचे, और 11 कारतूस बरामद किए।

# पूर्व सैनिक के बेटे पर दिवाली की रात किया जानलेवा हमला

**बरेली, अमृत विचार :** सनसिटी विस्तार में दिवाली की रात पूर्व सैनिक के बेटे पर सरिया से जानलेवा हमला किया गया। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना इज्जतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सनसिटी विस्तार निवासी पूर्व सैनिक अनिल वर्मा ने बताया कि उनका बेटा अपूर्व दिवाली के दिन पड़ोसी के यहां मिठाई खाने गया था। आरोप है कि अपूर्व के पुराने दोस्त हर्षित और मयंक ने उससे रास्ते में अभद्रता की और विरोध करने पर लोहे की सरिया से हमला कर दिया। उसके सिर में भी सरिया मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# नेग मांगने के विवाद में भिड़े किन्नर



थाना हाफिजगंज में शिकायत करने पहुंचे किन्नर। ● अमृत विचार

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** बरातघर में नेग मांगने पर किन्नर आपस में भिड़ गए। आरोप है कि मारपीट करने वाले लोग नकली किन्नर हैं। मारपीट का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

बरातघर में मंगलवार सुबह रेखा किन्नर की टोली जब पहुंची तो वहां पहले से मौजूद शबनम किन्नर गुट के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने अपना क्षेत्र बताया। इस बात पर बहस हुई और मारपीट शुरू हो गई। शबनम गुट के लोगों ने रेखा गुट के किन्नरों को पीलीभीत रोड पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, माही, मुस्कान को गंभीर चोटें आईं। एक के दांत भी टूट गए। पीड़ित पक्ष ने थाना हाफिजगंज में मामले की लिखित शिकायत की है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए नवाबगंज अस्पताल भिजवाया है। प्रभारी थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया किन्नरों में क्षेत्र को लेकर झगड़े का शिकायती पत्र मिला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# चौकी चौराहा पर नेहरू की प्रतिमा लगाने के लिए आमरण अनशन शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली



चौकी चौराहे पर गांधी पार्क में आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेस नेता।

● कांग्रेस नेता बोले प्रतिमा न लगने तक जारी रहेगा आंदोलन

**अमृत विचार:** चौकी चौराहे पर पं. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा दोबारा लगाने की मांग के लिए कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार सुबह से महात्मा गांधी पार्क में आमरण अनशन शुरू कर दिया। कांग्रेसियों ने कहा कि जब तक प्रतिमा नहीं लगेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पं. राज शर्मा ने बताया कि वर्ष 1982 में राजीव गांधी ने चौकी चौराहे पर नेहरू की प्रतिमा का अनावरण किया था। शहर में काम कराने के लिए मार्च में प्रतिमा को हटा दिया गया था। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि जब तक प्रतिमा नहीं लगेगी तब तक अनशन चलता रहेगा।

प्रदेश प्रवक्ता डॉ. के बी त्रिपाठी ने कहा कि जवाहर लाल नेहरु की प्रतिमा को भाजपा ने सौंदर्यीकरण के नाम पर हटा दिया। लगातार प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी अभी तक प्रतिमा नहीं लगाई गई है। जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि हमारी विरासतों पर भाजपा सरकार लगातार हमले करती चली आ रही है। कई जिलों और तमाम चौराहों के नामों को बदल दिया गया है।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट, जिला महासचिव जिया उर रहमान, सुरेश वाल्मीकि, पूर्व महानगर अध्यक्ष काशिम कश्मीरी, मो. जकी, रेहान खान, राजन उपाध्याय, राहुल गिहार, जावेद अजहरी, पाकीजा खान, अनुज राठौर, रामपाल माली, कमरुद्दीन सैफी, शाकिर सकलैनी आदि मौजूद रहे।

# मृतक की जमानत पर जेल से रिहा हुए बलवे के आरोपी

● वादी ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति से की फर्जीवाड़े की शिकायत

**विधि संवाददाता, बरेली :** बलवे और मारपीट के तीन आरोपियों की जमानत के लिए अदालत में फर्जीवाड़ा कर दिया गया। तीनों एक मृतक के दस्तावेजों पर जेल से रिहा होकर घर पहुंच गए। इस केस के वादी ने अब सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति के साथ प्रशासनिक जज को पत्र भेजकर इसकी शिकायत की है।

रोहली टोला निवासी केस के वादी शारिक अब्बासी के मुताबिक थाना बारादरी में उन्होंने 2023 में बलवा, मारपीट, अपमानित करने, धमकी देने की धाराओं में मो. साजिद, रईस मियां, शमशाद आदि के विरुद्ध केस दर्ज कराया था। पुलिस उनके खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। मो. साजिद, रईस मियां, शमशाद हुसैन और नजीबुउर्रहमान समेत चार आरोपी 23 अक्टूबर को एसीजेएम फर्स्ट के कोर्ट में हाजिर हो गए। कोर्ट ने उनकी जमानत स्वीकार कर ली। अभियुक्त शमशाद हुसैन की ओर से दाखिल एक जमानती चक महमूद निवासी अनीस अहमद है जिसकी ओर से आधार कार्ड और अपने वाहन की आरसी दाखिल की गई है और जमानत के कागजों पर फोटो और अंगूठा भी लगाया गया है।

शारिक ने शिकायत में कहा है कि अनीस की मृत्यु 27 जून 2023 को हो चुकी है। मो. साजिद, रईस मियां, शमशाद हुसैन, नजीबुउर्रहमान की ओर से धोखाधड़ी और जालसाजी कर अदालत को गुमराह किया गया है। उन्होंने 24 अक्टूबर को जमानतनामे की सत्यापित कॉपी के लिए नकल कार्यालय में सवाल दिया मगर उन्हें सत्यापित कॉपी नहीं दी गई है। शारिक ने वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों से न्यायिक जांच कराने की मांग की है।

## आमरण अनशन पर बैठे शिक्षक का सामान चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में 10 दिन से आमरण अनशन पर बैठे एमएल नेहरू इंटर कॉलेज के शिक्षक खरगसेन मौर्य का सामान चोरी हो गया। उनकी पत्नी आरती देवी ने मंगलवार को चोरी होने की शिकायत स्टेशन रोड चौकी में की है। उन्होंने बताया कि सोमवार को अनशन स्थल से पति का बैट्रा और एम्पलीफायर चोरी हो गया। उनका कहना है कि धरने की सूचना एसएसपी ऑफिस में भी दी गई थी लेकिन इसके बाद भी पुलिस सुरक्षा नहीं दी गई।

## जंक्शन पर ऑटो और ई-रिक्शा वालों से की जा रही वसूली



**बरेली,अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर ऑटो और ई-रिक्शा वालों से अवैध वसूली की जा रही है। रजा एक्शन कमेटी ने मंगलवार को डीआरएम को संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर को देकर इस पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि जंक्शन के बाहर निजी वाहनों, ई-रिक्शा और ऑटो वालों से कुछ लोग वसूली कर रहे हैं और पैसे नहीं देने पर वाहनों को जंक्शन के बाहर लगी पान की दुकान से आगे नहीं आने दिया जाता है। इसकी वजह से यात्रियों को भारी सामान उठाकर पैदल जंक्शन जाना पड़ता है। अगर कोई पान की दुकान के आगे जाता है तो उसके साथ गालीगलौज कर 30 रुपये मांगे जाते हैं। इसकी वजह से कई बार लोगों की ट्रेन भी छूट जाती है। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष सईद सिब्तैनी, हाफिज सलीम, मौलाना लियाकत हुसैन, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद यूसुफ, सैयद मुशर्रफ हुसैन, सैयद रिजवान, इब्ने हसन, मोहम्मद फुरकान, काशिफ रजा, शोएब रजा, मोहम्मद इरशाद, मोहिद रजा, मोहम्मद याकूब, सोहेल, आसिफ रजा आदि मौजूद रहे।


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

14 नवम्बर 2024 बाल दिवस के उपलक्ष मे

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श

दिनांक :-13 - 14 - 15 नवम्बर 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :-
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल ,
हड्डी रोग विभाग
कमरा नंबर - 1084





डॉ. वरुण अग्रवाल
रीढ़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly


# फिर नाले से अतिक्रमण हटवाने में सिकलापुर के पार्षद नाकाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सिकालपुर वार्ड में गंदगी से पटा नाला। ● अमृत विचार

● आश्वासन के बाद भी कार्रवाई न होने पर नगर आयुक्त को देने पहुंचे उलाहना

● नगर आयुक्त ने फिर दिया आश्वासन, बोले- निरीक्षण किया है तो कार्रवाई भी होगी

**अमृत विचार :** सिकलापुर में गंदगी से पटे नाले को अतिक्रमण हटाकर दिवाली से पहले साफ कराने के नगर आयुक्त आश्वासन पर कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को इस पर नाराजगी जताने पहुंचे पार्षद जयप्रकाश राजपूत को नगर आयुक्त ने फिर भरोसा दिलाया कि उन्होंने आश्वासन दिया है तो कार्रवाई जरूर होगी। इसके लिए उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा।

वार्ड 64 सिकलापुर के पार्षद जयप्रकाश राजपूत काफी समय से अपने वार्ड में नाले पर हुआ अतिक्रमण हटवाने के लिए अफसरों के चक्कर काट रहे हैं। मंगलवार को जनसुनवाई के बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मिले। उन्होंने नगर आयुक्त को याद दिलाया कि उन्होंने दिवाली से पहले दो घंटे तक उनके वार्ड का निरीक्षण किया था। उन्होंने उन्हें नाला दिखाया था जो अतिक्रमण और गंदगी से पटा हुआ है और जिसकी सफाई न होने की वजह से सड़क पर गंदा पानी भर जाता है। पार्षद ने कहा कि आश्वासन दिया गया था कि नाले को अतिक्रमण हटाकर दिवाली से पहले साफ करा दिया जाएगा लेकिन न अतिक्रमण अब तक हटा है, न ही नाला साफ हुआ है।

नगर आयुक्त ने पार्षद को फिर आश्वासन दिया कि जब उन्होंने निरीक्षण के दौरान आश्वासन दिया था तो नाले से अतिक्रमण जरूर हटेगा और उसकी सफाई भी होगी। नगर आयुक्त ने कहा कि दिवाली और दूसरे त्योहारों की वजह से देरी हो गई है। पार्षद ने इस पर नाराजगी जताई। कहा, पहले भी अधिकारी तमाम बार आश्वासन दे चुके हैं लेकिन असल बात यह है कि कुछ अधिकारियों की ही अतिक्रमणकारियों से साठगांठ है।

## जनसुनवाई में आईं सिर्फ पांच शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सिर्फ पांच लोग शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें तीन अवैध निर्माण और दो सफाई के संबंध में थीं। अधिकारियों के मुताबिक सफाई संबंधी दोनों शिकायतों के साथ अवैध निर्माण की भी एक शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य और अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव ने शिकायतें सुनीं।

# इंतजार हुआ खत्म, सैलानियों के लिए आज से खुलेगा पीटीआर

## मुस्तफाबाद में दोपहर एक बजे प्रशासनिक और वन अधिकारियों की मौजूदगी में नया पर्यटन सत्र होगा आरंभ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व सैलानियों के लिए बुधवार से खोल दिया जाएगा। नए पर्यटन सत्र को लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन एवं वन निगम ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पिछले पर्यटन सत्र के दौरान देश-विदेश के सैलानियों की बढ़ी आमद को देखते हुए इस बार बेहतर इंतजाम किए गए हैं। बुधवार को मुस्तफाबाद में प्रशासनिक एवं वन अफसरों की मौजूदगी में नया पर्यटन सत्र आरंभ होगा।

जनपद को विदेशों तक पहचान दिलाने वाला पीलीभीत टाइगर रिजर्व और महोफ रेंज के कोर एरिया में डैम से सटे क्षेत्र में स्थित इको टूरिज्म चूका बीच प्रकृति की अनमोल धरोहर माना जाता है। बाघों के लिए मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र प्रति वर्ष 15 नवंबर से शुरू होकर 15 जून तक चलता है। हालांकि पिछला पर्यटन सत्र 25 जून तक संचालित किया गया था। वहीं, इस बार शासन ने नया पर्यटन सत्र 10 दिन पूर्व यानी 06 नवंबर से शुरू करने के आदेश दिए हैं। गत वर्षो की भांति चूका बीच की जिम्मेदारी वन निगम को दी गई है। वन निगम की ओर चूका बीच की हटों की मरम्मत और रंग-रोगन कर उनको नया रूप दिया है।



जंगल मार्ग से गुजरता बाघ।

### ● सैलानियों के लिए सजकर तैयार हुआ चूका बीच व सप्त सरोवर

पर्यटन सत्र के दौरान सैलानी यूपी पर्यटन विभाग की वेबसाइट से बुकिंग कराने के बाद चूका बीच की हटों में ठहरते हैं। हालांकि चूका बीच में वाटर हट में रहने का सैलानियों का सपना इस बार पूरा नहीं हो सकेगा। वॉटर हट टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा आरक्षित की गई है। इस बार सैलानियों के लिए मुस्तफाबाद में बनाई गई कैंटीन आकर्षण का केंद्र रहेगी। सैलानी बिना किसी समस्या के सत्र का पूरा आनंद ले सके, इसके लिए वन अफसर पूरा ध्यान रख रहे हैं।

इधर, डीएम संजय कुमार सिंह, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर विजय सिंह की मौजूदगी में बुधवार को नए पर्यटन सत्र आरंभ किया जाएगा। नगर पालिका चेयरमैन आस्था अग्रवाल भी मौजूद रहेगीं। उद्घाटन कार्यक्रम मुस्तफाबाद में दोपहर एक बजे आयोजित किया जाएगा। पिछले पर्यटन सत्र के दौरान 15 नवंबर से 25 जून तक 53378 देशी-विदेशी सैलानी पीटीआर की सैर करने पहुंचे थे। इन सभी सैलानियों ने 11700 सफारी वाहन ट्रिप से पीटीआर के टूरिज्म स्पॉटों की सैर की।

### दो शिफ्टों में ले सकेंगे से आनंद

सत्र के दौरान सैलानियों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सफारी वाहनों का समय निश्चित किया गया है। इसमें सुबह और शाम की दो शिफ्ट निर्धारित की गई है। संभावना है कि गत पर्यटन सत्रों की अपेक्षा इस बार सफारी वाहनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

### सफारी वाहनों का खर्च

पीटीआर में आने वाले सैलानियों के लिए शहर के नेहरू पार्क, महोफ गेट नंबर एक और मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस से जंगल सफारी वाहनों की व्यवस्था मिल सकेगी। सफारी वाहन बुक करने के लिए सैलानियों को 5000 रुपये खर्च करने होंगे। इसमें प्रति व्यक्ति यह शुल्क 1000 रुपये है। जबकि पीटीआर के मुस्तफाबाद गेस्टहाउस से सफारी वाहन बुकिंग करने पर 4000 रुपये अदा करने होंगे। इसमें प्रति व्यक्ति 800 रुपये शामिल है। सफारी बुकिंग के दौरान 100 रुपये का सेवा शुल्क भी सैलानियों को देना होगा।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**पूरनपुर :** थाना माधोटांडा के रहने वाले सत्यवीर शर्मा मंगलवार को बाइक से पूरनपुर गए थे। वापस घर जाते वक्त माधोटांडा रोड पर लोधीपुर मोड़ के पास पहुंचते ही अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। उन्हें पूरनपुर सीएचसी लाया गया।

## सार-संक्षेप

### सरल संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र शुरू

**देवरनियां, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ की ओर से संचालित गृहे –गृहे संस्कृतम् योजना के अंतर्गत मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गांव नदेली आंगनबाड़ी केंद्र पर ज्योति रानी और नीतू सक्सेना ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रशिक्षिका नीतू सक्सेना ने बताया कि यह प्रशिक्षण सरल संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा का संचालन 5 से 29 नवंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम से बच्चे जागरूक होंगे। प्राथमिक पाठशाला से लेकर इन्टर कॉलेज तक के छात्र एवं छात्राएं उत्साह पूर्वक संस्कृत भाषा का अध्ययन कर रहे हैं।

### फतेहपुर दुर्गाप्रसाद स्कूल बना चैंपियन



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** ब्लॉक संकुल न्योधना के खेलकूद प्राथमिक विद्यालय जनक जागीर में हुए। प्रतियोगिता की शुरूआत संकुल प्रभारी नीरज वर्मा ने कराई। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर की 50, 100, 200, 400 मीटर (बालक व बालिका) दौड़ मे बालक सुभान, शहबाज, मो. फरान, समर और बालिका दौड़ में मैनाज, इरम प्रथम रहे। लंबी कूद में सोहिब, पिंकी प्रथम अव्वल रहे। जूनियर वर्ग में बालक बालिका वर्ग में 100, 200, 400, 600 मीटर में मुनेंद्र, आयुष और लंबी कूद में मुनेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान वाले प्रतिभागियों को मेडल दिए गए। प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर दुर्गाप्रसाद को ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर हरीश गंगवार, अमित यादव व संकुल के सभी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### सपा कार्यकर्ता युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाए

**फरीदपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पूर्व ब्लाक प्रमुख रवींद्र सिंह यादव के आवास पर मंगलवार को हुई, जिसकी अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बलराम सिंह यादव ने किया। उन्होंने मतदाता पंजीकरण विशेष अभियान के तहत वोट बनवाने के लिए कार्यकर्ताओं को ध्यान देने के लिए कहा। कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि वह लोग गांव– गांव जाकर युवाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाए। बैठक में सहकारी समितियों पर एनपीए और गेहूं के बीज की उपलब्धता नहीं होने का मुद्दा उठा। बैठक में मोहम्मद तारिक लिटिल, जिला सचिव कप्तान सिंह यादव, शरद वीर यादव, छत्रपाल सिंह, विपिन कुमार, शबाब राजा, रामकुमार पाल, मुकेश, सतीश यादव, राकेश यादव, नगर अध्यक्ष नुसरत शेख समेत अन्य मौजूद रहे।

### सरकारी भूमि पर कब्जे की एसडीएम से शिकायत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत ईसापुर में ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की शिकायत इस्लाम शाह ने उप जिला अधिकारी सदर गोविंद मौर्य से की। उसने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर खाद के गड्ढे हैं जिसे ग्रामीण सार्वजनिक तौर पर उपयोग करते है। उस भूमि पर गांव का ही एक युवक मिट्टी डालकर कब्जा कर रहा है। आरोप है कि उसने पक्की बुनियाद डलवाकर पानी का निकास बंद करा दिया। जिससे रास्ते में पानी भी जमा होने लगा और गंदगी फैलने लगी। एसडीएम ने जल्द ही पैमाइश कराके कब्जा हटवाने का आश्वासन दिया।

### धौंराटांडा क्षेत्र को बिजली की समस्या से मिली निजात

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र धौंराटांडा में बिजली संबंधी समस्या के समाधान के लिए क्षमता वृद्धि का कार्य सोमवार को किया गया। देर रात बिजली सुचारू रूप से चालू हो गई। जेई ने बताया कि पांच एमवीए ट्रांसफार्मर को बदल कर 10 एमवीए कर दिया गया। अब क्षेत्र वासियों को विद्युत सप्लाई बेहतर मिल सकेगी। विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी से भी क्षेत्र वासियों ने इस केंद्र की क्षमता बढ़ाने की मांग की थी जिस पर उन्होंने अधिकारियों से बातचीत करके क्षमता बढ़ाने के लिए कहा था। उपकेंद्र की क्षमता बढ़ने पर राइस मिलर्स ने खुशी जताई।

# सड़क पर भरे गंदे पानी में निकलने को बच्चे मजबूर



कंपोजिट स्कूल को जाने वाले रास्ते पर भरा पानी। ● अमृत विचार

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार :** कंपोजिट स्कूल को जाने वाले रास्ते पर फैली कीचड़ छात्रों के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है। मंगलवार को स्कूल जाते समय कई बच्चे फीसल कर गिर गए, उनके कपड़े खराब हो गए।

सोशल मीडिया पर कीचड़ में गिरते बच्चों की तस्वीर वायरल होने के बाद जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं, इसके बाद भी इस ओर जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं जा रहा है। चेयरमैन देवरनियां मोहम्मद कलीम अंसारी का कहना है कि कीचड़ की मुख्य वजह पानी की निकासी न होना है। लोगों ने पानी निकासी बंद कर दी है, जिससे यह स्थिति उत्पन्न हुई है। सफाई कर्मचारी लगाकर गंदगी दूर कराएंगे, और बजट आने पर निर्माण कराया जाएगा।

> कीचड़ में गिरने से बच्चों के चोटिल होने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत देवरनियां को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।
> –रत्निका श्रीवास्तव, एसडीएम बहेड़ी

# मानसिक मंदित से कुकर्म के दोषी को सात साल की सजा





**बदायूं, अमृत विचार :** लगभग दो साल पुराने मानसिक मंदित युवक से कुकर्म के मामले में 70 साल के आरोपी को अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट सौम्य अरुण ने दोषी करार देते हुए दोष सिद्ध किया। पत्रावली सीजेएम मोहम्मद तौसीफ रजा को भेजी गई। जिसके बाद दोषी को सात साल के कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की आधी धनराशि पीड़ित को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना उसहैत के एक गांव निवासी व्यक्ति (वादी) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बड़ा भाई मानसिक मंदित है। गांव निवासी 70 साल के रामचंद्र पुत्र पीतम ने उसके भाई के साथ कुकर्म किया था। राजू यादव ने इस कृत्य का वीडियो बनाया और सोशल साइट फेसबुक पर वायरल किया था। पुलिस ने जेल भेजा। न्यायाधीश ने दोनो पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद दोषी को सात साल की सजा सुनाई।

### कॉलेज परिसर में उगी झाड़ियां देख विधायक हुए नाराज

**शाही, अमृत विचार :** कॉलेज परिसर में उगी झाड़ियां और प्रधानाचार्य सहित चार प्रवक्ता के अनुपस्थित रहने पर विधायक का पारा चढ़ गया, उन्होंने इसकी शिकायत बीएसए से की। ग्राम तुरसा पट्टी में बनकर तैयार हुए कॉलेज के लोकार्पण में सुबह 10 :30 बजे पहुंचे विधायक डॉ. डीसी वर्मा का कॉलेज की स्थिति देखकर पारा चढ़ गया, कॉलेज परिसर में बड़ी–बड़ी घास और झाड़ियां उगी हुई थी, कॉलेज स्टाफ के बारे में पूछने पर एक प्रवक्ता ने बताया कि अभी तक शिक्षण स्टाफ कॉलेज नहीं पहुंचा है, जिस पर विधायक ने अनुपस्थित स्टाफ की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक से की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मोहन सिंह चमन सिंह राजपूत सोमपाल राजपूत राकेश राजपूत विधायक प्रतिनिधि संजय चौहान, जैनेंद्र सिंह, तोमर दीप सिंह, कुलदीप कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

### बीज खरीदने का गया वृद्ध लापता

**भमोरा, अमृत विचार :** कृषि कार्यालय पर गेहूं का बीज खरीदने आए एक वृद्ध लापता हो गए। बिशारतगंज के गांव मलगांव निवासी यशवीर सिंह ने बताया उसके ताऊ रामपाल सिंह (75) मंगलवार को भमोरा कृषि विभाग के कार्यालय पर गेहूं का बीज लेने आए थे। जो कि देर रात तक घर नहीं लौटे। वृद्ध के बेटे अवधेश सिंह ने पुलिस को शिकायत देकर पिता को तलाश कराने की गुहार लगाई है।

प्रकाशनार्थ सूचना पत्र (अ)

**विभाग उत्तर प्रदेशीय बोर्ड माल, प्रयागराज निगरानी संख्या 1486 वर्ष 2022 जिला बरेली।** एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) बरेली डिवीजन के निर्णय के विरूद्ध नन्हू (मृतक) व अन्य अपीलकर्ता बनाम खेम करन व अन्य प्रतिवादी सेवा में 1. खेम करन पुत्र श्री तोता राम निवासी ग्राम चुरेला, परगना रिछा, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली उ0प्र0 2. गांव सभा, गांव चुरेला, परगना रिछा, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली उ0प्र0 आपको यह सूचना दी जाती है कि तारीख 8 माह 11 वर्ष 24 दिन शुक्रवार समय दस बजे पुनर्विचार प्रार्थना की सुनवाई के हेतु नियुक्त हुआ है। यदि आप इस न्यायालय में उक्त विषय पर स्वत: अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित न रहेंगे तो अभियोग सुनवाई करके आपकी अनुपस्थिति में निर्णय कर दिया जायेगा।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर, जिला–खीरी**

**ई–निविदा सूचना**

मिल समिति में वर्ष 2024-25 में प्रेसमड की बिक्री से सम्बन्धित ई-बिड निविदा दिनांक 05.11.2024 से दिनांक 11.11.2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदा www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है।

**प्रधान प्रबन्धक**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना सं.: व.मं.वि.इ./ गति शक्ति/इज्जत./इलै./18/2024 दिनांक 01-11-2024

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:–

**क्रम सं.-01,** कार्य का नाम: अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फर्रुखाबाद व कासगंज में 12 मीटर चौड़े द्वितीय एफ.ओ.बी. के प्रावधान और एफ.ओ.बी. लालकुआं स्टेशन के साथ रूफ प्लाजा के विकास के संबंध में विद्युत कार्य। **विवरण:** अनुमानित लागत रू. में: ₹ 41,83,884.90, धरोहर राशि रू.में: ₹ 83,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.में: शून्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 25-11-2024, 15:00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: चार माह।
• इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई–टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

**वरि. मंडल विद्युत इंजी. (सा./गतिशक्ति)**
मुजाधि/विद्युत-165 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

### दहेज लोभी पांच ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** दहेज लोभी ससुरालियों ने महिला को जहर पिला दिया, मायके वालों के आने की सूचना पर उसे अस्पताल में भर्ती कराकर भाग गए। विवाहिता ने पति समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि उसने बेटी का निकाह शाही के गांव विक्रमपुर के युवक के साथ हुआ था। निकाह में दिए गए दहेज से उसके ससुराली खुश नहीं हुए। वह लोग एक बुलेट बाइक और दो लाख की नकदी मांगने लगे। असमर्थता जताने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। उसने एक बेटी को जन्म दिया। इस पर ससुरालियों ने बेटा पैदा न होने का ताना दिया। 10 अगस्त को उसके जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। अगले दिन उसे जान से मारने की नीयत से जहर पिला दिया। मायके वालों के आने की सूचना पर उन्होंने उसको अस्पताल में भर्ती कराया और वहीं छोड़कर चले गए। पुलिस ने पति मोहम्मद शादाव, सास नूरजहां ससुर गुलाम हुसैन, जेठ सद्दाम, देवर राहिल निवासी विक्रमपुर थाना शाही बरेली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत परोही विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परोही विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक–09.11.2024 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक–10.11.2024 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार, ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | जफर के घर से इश्तियाक हाजी के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण | 390275.00 |

**आसिया बेगम (ग्राम प्रधान)** **वीरेन्द्र पाल (सचिव)**

### मेठ के सेवानिवृत्त होने पर पालिकाध्यक्ष ने दी विदाई





**बहेड़ी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद बहेड़ी के मेठ हीरा लाल के सेवानिवृत होने पर नगर पालिका परिषद बहेड़ी की अध्यक्ष रश्मि जायसवाल और भाजपा नेता अजय जायसवाल बॉबी ने शाल ओढ़ाकर और उपहार भेंट कर विदाई दी। नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी, जेई व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### अधिवक्ताओं ने कार्य से दूर रहकर जताया विरोध

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के साथ सिविल कोर्ट में हुई घटना के विरोध में बहेड़ी बार एसोसिएशन से जुड़े तमाम अधिवक्ता मंगलवार को भी हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं ने कार्य नहीं किया, जिस कारण वादकारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक

**भमोरा, अमृत विचार :** दरोगा रितु चौधरी ने मंगलवार को टीम के साथ सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज और कई गांवों के प्राथमिक विद्यालयों में जाकर छात्राओं को आम जीवन में होने वाले अपराध से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया एक पढ़ी लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है। इसलिए आवश्यक है प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सके। इसके साथ ही छात्राओं और महिलाओं को विभिन्न हेल्प नंबरों के बारे में जानकारी दी।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत्त लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक: 10433/413सी0(ई0टेण्डर)–3/2024–25 दिनांक 29.10.2024

**ऑन–लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों पर ई–निविदा दिनांक 07.11.2024 से दिनांक 21.11.2024 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 21.11.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लगत: सिविल कार्य की लागत (रू0लाख में) | लगत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू०लाख में) | लगत: कुल अनुमानित लागत (4+5) (रू०लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रा0मा0–74 से ग्राम सैदपुर खजुरिया मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली | 58.25 | 1.46 | 59.71 | 5.00 | 2725.00 | 03 माह | ए,बी,सी (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP – 221685 दिनांक 04.11.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**(प्रकाश चन्द्र)** अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत्त,लो0नि0वि0,बरेली

**(राजेश कुमार)** अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,बरेली

**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा द्वितीय तल बालाजी ईएनटी क्लीनिक कच्चा कटरा रोड शाहजहांपुर से श्रीमती गुलशन पत्नी अनीस नि0 बंगशान मीरानपुर कटरा तह0 तिलहर जिला शाहजहांपुर एक किता मकान तादादी 116.66 वर्गमी0 जो गाटा सं0 598/2 में से वाकै मो0 बंगशान मीरानपुर कटरा तह0 तिलहर जिला शाहजहांपुर जिसकी चौहददी पूरब में मकान सनोबर पत्नी मुनीर, पश्चिम में मकान सविता देवी, उत्तर में रास्ता 6 फिट सी0सी0 रोड व दक्षिण में खेत समीउल्ला खां है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रही है उक्त मकान की आराजी को श्रीमती गुलशन ने विवेक त्रिपाठी से द्वारा बैनामा खरीद किया है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 28.09.2021 को श्रीमान स0र0 तिलहर शाहजहांपुर में बही सं0 1 जिल्द सं0 9632 के पृष्ठ 153 से 168 तक क्रमांक 16814 पर हुई है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा शाहजहांपुर पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवकक्लि द्वारा श्रीमती गुलशन के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मनीश कुमार सक्सेना
चैम्बर नं. 27 न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली **सूचीबद्ध अधिवक्ता– हिन्दुजा हा.फा.लि., शाहजहांपुर मो. 9997389012**

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक 9657/533सी0(ई–टेण्डर)–08/2023–24 दि0 24/10/2024

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, पीलीभीत के क्षेत्र के अन्तर्गत जो मार्ग वर्षा एवं बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गये, आम जनमानस को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई–निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 08.11.2024 से दिनांक 19.11.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 19.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में): अनुमानित लागत | लागत (लाख रू0 में): 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | लागत (लाख रू0 में): कुल अनुमानित लागत | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 7 | 7 |
| 1 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत बीसलपुर बिलसण्डा मार्ग से पिपरगहना तक सम्पर्क मार्ग। | 106.75 | 6.81 | 113.56 | 7.70 | रू0 2714.00 | 05 माह | A & B (Road Work) |
| 2 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत करेली पुलिया से सराय उर्फ सिरैइया सम्पर्क मार्ग। | 55.62 | 3.44 | 59.06 | 4.95 | रू0 2714.00 | 02 माह | A, B & C (Road Work) |
| 3 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत कनपरी से महुलिया सम्पर्क मार्ग। | 46.34 | 3.47 | 49.81 | 4.50 | रू0 2714.00 | 02 माह | |
| 4 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत बेहटी से पस्तौर कुंइया सम्पर्क मार्ग। | 66.95 | 5.03 | 71.98 | 5.60 | रू0 2714.00 | 02 माह | |
| 5 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत भैसई पर्वत से जगीपुर सम्पर्क मार्ग। | 47.3 | 2.91 | 50.21 | 4.55 | रू0 2714.00 | 02 माह | |
| 6 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत रम्बोझा चौराहे से पैनिया कटैया द्वितीय भाग सम्पर्क मार्ग। | 59.63 | 4.47 | 64.10 | 5.25 | रू0 2714.00 | 02 माह | |
| 7 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत बीसलपुर रढैता मार्ग से खांडेपुर सम्पर्क मार्ग। | 66.40 | 4.98 | 71.38 | 5.60 | रू0 2714.00 | 02 माह | |
| 8 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत पीलीभीत बीसलपुर मार्ग से संडिया सम्पर्क मार्ग। | 47.95 | 2.91 | 50.86 | 4.55 | रू0 2714.00 | 02 माह | |
| 9 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत पीलीभीत जहानाबाद मार्ग पर सियाबाड़ी पट्टी से मीरापुर तक सम्पर्क मार्ग। | 55.61 | 2.59 | 58.20 | 4.95 | रू0 2714.00 | 02 माह | |
| 10 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत बरखेड़ा यासीन से चन्दपुरा सम्पर्क मार्ग। | 32.66 | 2.45 | 35.11 | 3.55 | रू0 2714.00 | 02 माह | |
| 11 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत मुड़िया हुलास से कटकवारा सम्पर्क मार्ग। | 38.32 | 2.87 | 41.19 | 4.10 | रू0 2714.00 | 02 माह | |
| 12 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत सुहास से वाहनपुर सम्पर्क मार्ग पर। | 35.35 | 2.65 | 38.00 | 3.80 | रू0 2714.00 | 02 माह | |
| 13 | जनपद पीलीभीत में चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि सुविधाओं के अन्तर्गत ज्योरहा कल्यानपुर से इमलिया सम्पर्क मार्ग। | 44.52 | 3.34 | 47.86 | 4.40 | रू0 2714.00 | 02 माह | |

3–निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉन ऑन किया जा सकता है।

UP – 221713 दिनांक 04.11.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**(के0के0 सिंह)** अधीक्षण अभियंता बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली।

**(एस0के0जैन)** अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, पीलीभीत

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुआबोझ, विकास खण्ड बांकेगंज जनपद लखीमपुर खीरी**

पत्रांक: मैमो. निर्माण कार्य/सामग्री आपूर्ति निविदा

**अति अल्पकालीन निविदा**

विकास कार्य/स्वीकृत कार्य मनरेगा के अन्तर्गत अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय वित्तीय वर्ष 2024–25 में निम्न निर्माण कार्य हेतु पीडब्लूडी की दरों पर निम्न सामग्री आपूर्ति पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकरण में पंजीकृत हैं, में मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अनुमानित सामग्री: सामग्री का नाम | मात्रा | इकाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | कंधईपुर पक्की रोड से विवेक पाल के घर तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 1011521 | ईट क्लास– 150 | 12569.00 | प्रति हजार |
| | | | ईट रोडा 40 मिमी | 77.65 | प्रति घन मी. |
| | | | मौरंग | 8.64 | प्रति घन मी. |
| | | | सीमेन्ट | 12.32 | प्रति टन |
| | | | इंटरलॉक | 23712.00 | प्रति इंटरलॉक |
| | | | गिट्टी | 2.26 | प्रति घन मी. |
| | | | बालू | 82.87 | प्रति घन मी. |

नोट:– अनुमन्य जी.एस.टी. अलग से देय होगा।
निविदा फार्म / क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा निर्देश अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय पंचायत ग्राम पंचायत सुआबोझ से दिनांक 06.11.2024 से 12.11.2024 तक 100 रूपये जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 13.11.2024 अपरान्ह 02 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। तथा 3 बजे गठित समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**शंकर लाल (ग्राम प्रधान)** **हरीलाल राना (सचिव)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सलावतनगर, विकास खण्ड बांकेगंज जनपद लखीमपुर खीरी**

पत्रांक: मैमो. निर्माण कार्य/सामग्री आपूर्ति निविदा

**अति अल्पकालीन निविदा**

विकास कार्य/स्वीकृत कार्य मनरेगा के अन्तर्गत अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय वित्तीय वर्ष 2024–25 में निम्न निर्माण कार्य हेतु पीडब्लूडी की दरों पर निम्न सामग्री आपूर्ति पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकरण में पंजीकृत हैं, में मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अनुमानित सामग्री: सामग्री का नाम | मात्रा | इकाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | सलावतनगर में तौफीक अहमद के खेत से कब्रिस्तान तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य | 1358134 | ईट क्लास– 150 | 18053.00 | प्रति हजार |
| | | | ईट रोडा 40 मिमी | 85.32 | प्रति घन मी. |
| | | | मौरंग | 12.41 | प्रति घन मी. |
| | | | सीमेन्ट | 14.73 | प्रति टन |
| | | | इंटरलॉक | 33180.00 | प्रति इंटरलॉक |
| | | | गिट्टी | 3.23 | प्रति घन मी. |
| | | | बालू | 104.28 | प्रति घन मी. |
| 02. | सलावतनगर में पानी की टंकी से गोला हाईवे तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 1218007 | ईट क्लास– 150 | 13997.00 | प्रति हजार |
| | | | ईट रोडा 40 मिमी | 77.40 | प्रति घन मी. |
| | | | मौरंग | 9.62 | प्रति घन मी. |
| | | | सीमेन्ट | 12.69 | प्रति टन |
| | | | इंटरलॉक | 30975.00 | प्रति इंटरलॉक |
| | | | गिट्टी | 2.51 | प्रति घन मी. |
| | | | बालू | 96.22 | प्रति घन मी. |
| 03. | सलावतनगर में देवी मन्दिर से रामचरन के घर तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य | 1305254 | ईट क्लास– 150 | 21710.00 | प्रति हजार |
| | | | ईट रोडा 40 मिमी | 81.23 | प्रति घन मी. |
| | | | मौरंग | 14.92 | प्रति घन मी. |
| | | | सीमेन्ट | 15.30 | प्रति टन |
| | | | इंटरलॉक | 29925.00 | प्रति इंटरलॉक |
| | | | गिट्टी | 3.89 | प्रति घन मी. |
| | | | बालू | 96.19 | प्रति घन मी. |
| 04. | सलावतनगर में अब्दुल कादिर के घर से अलीहसन के घर तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 936204 | ईट क्लास– 150 | 14168.00 | प्रति हजार |
| | | | ईट रोडा 40 मिमी | 59.04 | प्रति घन मी. |
| | | | मौरंग | 9.74 | प्रति घन मी. |
| | | | सीमेन्ट | 10.66 | प्रति टन |
| | | | इंटरलॉक | 22047.00 | प्रति इंटरलॉक |
| | | | गिट्टी | 2.54 | प्रति घन मी. |
| | | | बालू | 70.46 | प्रति घन मी. |

नोट:– अनुमन्य जी.एस.टी. अलग से देय होगा।
निविदा फार्म / क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा निर्देश अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय पंचायत ग्राम पंचायत सलावतनगर से दिनांक 06.11.2024 से 12.11.2024 तक 100 रूपये जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 13.11.2024 अपरान्ह 02 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। तथा 3 बजे गठित समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**राधेश्याम भार्गव (ग्राम प्रधान)** **हरीलाल राना (सचिव)**

## सार-संक्षेप

### वीडियो कांफ्रेंसिंग से गवाही अपराधियों को पहुंचा रही सलाखों के पीछे, 4450 गवाहों ने गवाही दी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के जरिये गवाही देने की सुविधा अपराधियों को सलाखों के पीछे भिजवाने में मददगार साबित हो रही है। चार माह में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 4450 गवाहों ने अपनी गवाही देकर अपराधियों को सजा दिलाई। साथ ही पुलिस ने गवाहों को कोर्ट में पेश करने पर आ रहे 15 लाख रुपये के खर्च को भी बचा लिया। नई व्यवस्था के तहत आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर अब तक 80 हजार से अधिक अपराधियों को सजा दिलाई जा चुकी है। प्रदेश में अपराध के प्रति सरकार की जीरो टालरेंस नीति के तहत पुलिस ने आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर रही है।

### ओम प्रकाश राजभर के निजी आवास से लाखों की चोरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर के राजधानी के हुसैनगंज क्षेत्र में डायमंड डेयरी अपार्टमेंट स्थित निजी आवास से लाखों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी हो गए। मामले में पुत्र अरविंद राजभर के दूसरे चालक ने हुसैनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, अंबेडकरनगर की टांडा पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर नकदी बरामद की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का डायमंड डेयरी अपार्टमेंट में फ्लैट है। फ्लैट में उनके पुत्र अरविंद राजभर परिवार समेत रहते हैं। अरविंद की गाड़ियां दो चालक चलाते हैं। एक बलिया निवासी संजय राजभर है व दूसरा अंबेडकरनगर का रहने वाला रामजीत राजभर है। चालक संजय ने हुसैनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अंबेडकरनगर के टांडा कोतवाली क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर निवासी रामजीत राजभर और बावर्ची महाराजगंज निवासी गौरव साहनी पर आरोप लगाया है। वहीं, मंगलवार सुबह अंबेडकरनगर की टांडा पुलिस ने मोहिउद्दीनपुर निवासी रामजीत को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर दीपक सिंह के मुताबिक, पूछताछ के बाद घर की तलाशी ली गई। चोरी के रुपये और कुछ सामान बरामद हुआ है। रामजीत की पत्नी गीता ने बताया कि उसका पति अरविंद की गाड़ी चलाता है और धनतेरस पर घर आया था। मंगलवार सुबह पुलिस उसे पकड़ ले गई।

### करंट से लाइनमैन के चीथड़े उड़े, हंगामा

**राजपुर (कानपुर देहात), अमृत विचार :** शटडाउन लेकर हाईटेंशन लाइन में फाल्ट ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा संविदा लाइनमैन करंट की चपेट में आ गया। उसका सिर धड़ से अलग होने पर मौत हो गई। परिजनों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुगल रोड जाम कर हंगामा किया। एएसपी व एसडीएम ने आक्रोशित लोगों को समझाकर साढ़े तीन घंटे बाद जाम खुलवाया। तहरीर पर एक्सईएन, एसडीओ व जेई के खिलाफ गैर इरादन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। राजपुर के खासबरा गांव निवासी अहिबरन उर्फ मनोज कुमार जैनपुर उपकेंद्र में बतौर संविदा लाइनमैन तैनात था। रविवार को राजपुर कस्बे के मुगल रोड किनारे एक गेस्ट हाउस के सामने एचटी लाइन में फाल्ट हो गया था। अहिबरन शट डाउन लेकर फाल्ट की मरम्मत के लिए खंभे पर चढ़ा था, तभी अचानक बिजली सप्लाई चालू हो गई और अहिबरन उर्फ मनोज करंट की चपेट में आ गया।

### चमनगंज के मंदिरों पर कब्जा, वहां कभी गईं नसीम?

**कानपुर, अमृत विचार :** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी के शिव मंदिर जाकर जल चढ़ाने का विवाद थमता नजर नहीं आ रहा। भाजपा ने सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी पर पलटवार करते हुये कहा है कि उनको इतना मंदिर प्रेम है तो चमनगंज व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के 125 मंदिरों में जाकर दर्शन करें जिनपर कब्जे हैं और कब्जे हटवाएं। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने प्रेसवार्ता में कहा कि महापौर ने चमनगंज, बेकनगंज व अन्य मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में 125 ऐसे मंदिरों को खोजा है, जो कब्जों की वजह से विलुप्त की कगार पर हैं। नसीम सोलंकी आज तक वहां तो नहीं गईं लेकिन राजनीतिक स्वार्थ की वजह से अब मंदिरों में दर्शन करने पहुंच रहीं हैं।

### पूर्व विधायकों के मामलों में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायकों सफदर रजा और चंद्रभद्र सिंह सोनू से जुड़े अलग-अलग मामलों की सुनवाई कोर्ट में मजिस्ट्रेट के अवकाश के चलते टल गई। सफदर रजा पर 2014 में सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी देने और गाली-गलौज का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें अब अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी। वहीं, इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू और उनकी बहन अर्चना सिंह के खिलाफ हर्ष फायरिंग मामले में सुनवाई 15 नवंबर को होगी। इस मामले में 2021 में अर्चना सिंह पर मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें बाद में सोनू सिंह का नाम भी विवेचना में सामने आया।

### राममंदिर में वार्षिकोत्सव पर निर्णय 25 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में 22 जनवरी 2025 को वार्षिक उत्सव मनाने की तैयारियां चल रही हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इस पर मंथन कर रहा है। अयोध्या में 25 नवंबर को सभी ट्रस्टियों की अहम बैठक होगी, जिसमें वार्षिक उत्सव के स्वरूप पर निर्णय लिया जाएगा। ट्रस्ट के सहयोगी और दर्शन व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि जनवरी माह में राम मंदिर के शिखर का निर्माण और प्रथम तल पर चल रहे फिनिशिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। ट्रस्ट की बैठक 25 नवंबर को होने जा रही है। इसमें सभी विषयों पर निर्णय लिया जाएगा।

# खराब राजस्व वसूली पर दो अधीक्षण व 3 अधिशासी अभियन्ता निलम्बित

## कार्रवाई कर चार अधिशासी अभियन्ताओं को दी गई चार्जशीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में खराब राजस्व वसूली पर दो अधीक्षण अभियन्ता व तीन अधिशासी अभियन्ताओ को निलम्बित कर दिया गया है। जबकि चार अधिशासी अभियन्ताओं को चार्जशीट दी गई है।

निलंबित अभियंताओं में रवीन्द्र बाबू अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय बुलन्दशहर, विनोद कुमार अवस्थी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-बिजनौर, मुकेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-बुढाना, विनय कुमार अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम बुलन्दशहर, विनोद कुमार अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम शामली शामिल हैं।

इसके अलावा अनूप सिंह अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-तृतीय मुजफ्फरनगर, शशांक शेखर अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-तृतीय शामली, नितिन जायसवाल अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय बडौत, संदीप कुमार सिंह अधिशासी अभियन्ता, व विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-10 गाजियाबाद को आरोप पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है।

## भाकियू जिलाध्यक्ष सहित 5 गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचारः** हयातनगर थाना क्षेत्र में पंचगोतीरथ की भूमि पर बने तालाब को अवैध तरीके से मिट्टी डालकर पाट रहे भारतीय किसान युनियन भानू के जिलाध्यक्ष सहित पांच लोगों को एसडीएम ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके से तीन डंपर व एक जेसीबी को कब्जे में लेकर पुलिस को सौंप दिया। गिरफ्तार लोगों पर पर तालाब पाटने से मना करने पर आसपास के लोगों के साथ गाली गलौज करने का भी आरोप है। तीर्थ की भूमि पर बने तालाब पटान की सूचना पर पिछले दिनों एसडीएम ने पटान पर पाबंदी का आदेश जारी किया था।

# दिनदहाड़े उपप्रधानाचार्य की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार सुबह 8 बजे घर से पैदल स्कूल जा रहे श्री साई विद्या मंदिर स्कूल के उप प्रधानाचार्य की दिनदहाड़े सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक सवार आरोपी भाग निकले, लेकिन पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

स्कूल के 7वीं कक्षा के छात्र प्रिंस राघव ने 15 फरवरी को फांसी लगाकर जान दे दी थी। मां कविता ने कोर्ट की मदद से उप प्रधानाचार्य शबाबुल आलम के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया था। शबाबुल के भाई रियाजुद्दीन ने कविता के ही दो बेटों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। परिजन शबाबुल को दिल्ली रोड स्थित साईं अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर आला पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। शिवम राघव और आदित्य राघव के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# भोजपुरी क्षेत्र में सबसे पसंदीदा गायिका थीं शारदा सिन्हा

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ



**अमृत विचार :** शारदा सिन्हा ने छठ पर 62 गीतों को अपनी आवाज से सजाया। शारदा सिन्हा की आवाज के बगैर छठ महापर्व अधूरा सा है, लेकिन अजब संयोग है कि छठ महापर्व से सिर्फ कुछ समय पहले ही शारदा सिन्हा ने हमेशा के लिए अपनी आंखें मूंद लीं। शारदा सिन्हा बिहार में पैदा हुई थीं, लेकिन पूरी भोजपुरी क्षेत्र में सबसे पसंदीदा गायिका थीं। उनकी गायकी के दीवाने भारत से लेकर मॉरीशस तक में हैं। छठ से पहले सभी को एक बड़ा झटका लगा है।

मंगलवार शाम से तीन बार शारदा सिन्हा की मौत की खबर उड़ी। उनके बेटे अंशुमान को कहना पड़ा कि प्लीज अफवाहें मत फैलाइए। उनके लिए प्रार्थना करिए। मगर रात में उड़ी मौत की खबर सच में बदल गई। अब सब दुखी हैं इस खबर से। शारदा सिन्हा की मौत की अफवाहें कई बार उड़ी हैं। पहली बार 25 अगस्त 2020 में उनकी मौत की अफवाह उड़ी थी और तब शारदा सिन्हा ने बिहार सरकार को आड़े हाथों लेते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था कि बार-बार अपनी मौत की खबर से आहत हूं, क्या बिहार सरकार की साइबर क्राइम शाखा इसकी जांच भी नहीं करा पाती।

दरअसल हुआ यूं कि 25 अगस्त 2020 को बिहार में एक महिला दरोगा की कोरोना से मौत हो गई। इत्तेफाकन उसका नाम भी शारदा सिन्हा था। किसी ने शरारतन दरोगा शब्द को हटा दिया और शारदा सिन्हा की मौत की खबर को वायरल कर दिया। कुछ दिन बाद फिर उनकी मौत की खबर उड़ी और दिन भर उनके घर का फोन घनघनाता रहा। तब भी उनके पुत्र अंशुमान ने मां के जिन्दा होने की बात कही और अफवाहों का खंडन किया। शारदा सिन्हा के बगैर ही इस बार का छठ महापर्व बीतेगा। आगे होने वाले छठ पर्व पर भी शारदा सिन्हा कभी नहीं होंगी

### शारदा सिन्हा की पति के साथ थी शानदार केमेस्ट्री

राजनीति शास्त्र के प्रोफ़ेसर डॉ. बृजकिशोर सिन्हा के साथ उनकी शादी हुई थी। शारदा सिन्हा संगीत के लिए जीती थीं तो पति उनके संगीत की स्वर लहरियों में बड़ा सुकून महसूस करते थे। अक्सर वह उनके कार्यक्रमों में साथ रहा करते थे। दोनों ने साथ में बड़ा अच्छा जीवन जिया, लेकिन इत्तफाक है कि इसी 22 सितम्बर को बृजकिशोर सिन्हा की ब्रेन हैमरेज से मौत हो गई थी और सिर्फ डेढ़ महीने बाद ही शारदा सिन्हा ने भी अपने पति की राह पकड़ ली। वेंटीलेटर पर जिन्दगी का संघर्ष करतीं शारदा सिन्हा जैसे अपना ही गीत गुनगुना रही हों, कहे तोसे सजना तोहरी सजनिया...।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बिलसण्डा-पीलीभीत

पत्रांक: 2001/निविदा/क्षे.पं./2024-25

दिनांक: 04.11.2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/जिला पंचायत / राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड बिलसंडा-पीलीभीत द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत पंचम राज्य वित्त / 15 वां वित्त (टाइड एवं अनटाइड फण्ड) योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराने हेतु सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा विकास खण्ड बिलसण्डा मुख्यालय पर दिनांक 19.11.2024 दिन मंगलवार को दोपहर एक बजे तक विकास खण्ड मुख्यालय पर रखे निविदा बॉक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। सीलबन्द निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। प्रत्येक निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पृथक पृथक धरोहर धनराशि जमा की जायेगी। टेण्डर फार्म बिक्री 14, 15 एवं 16.11.2024 निर्धारित की जाती है। विस्तृत जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम स्थल सहित | कार्य की माप (किमी. में) | कार्य की प्राक्कलित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ग्राम सिंधौरा खरगपुर से पतिजिया सम्पर्क मार्ग पर खडंजा निर्माण। | 0.525 | 9.92 | 49600 | 1000 | तीन माह |
| 02. | ग्राम जसूपुर तिराहे से पूरब की ओर खडंजा मरम्मत कार्य। | 0.225 | 2.65 | 13250 | 500 | तीन माह |
| 03. | दियोरिया कलां बसेगा सम्पर्क मार्ग पर मढ़ी वाली बाग श्मशान भूमि के उत्तर से रिटेनिंग वाल 07 फिट ऊँची। | 0.100 | 9.98 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 04. | दियोरिया कलां मढ़ी श्मशान भूमि के पूरब से रिटेनिंग वाल 7 फिट ऊँची। | 0.100 | 9.98 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 05. | दियोरिया बसेगा सम्पर्क मार्ग पर परशुराम सिंह के खेत से श्मशान भूमि की रिटेनिंग वाल 7 फिट ऊँची। | 0.100 | 9.98 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 06. | कटैया गांव से उत्तर नहर से पश्चिम की ओर खडंजा मरम्मत कार्य। | 0.350 | 4.10 | 20500 | 500 | तीन माह |
| 07. | जसूपुर गांव से पूरब पुलिया से नहर की ओर खडंजा कार्य। | 0.525 | 9.928 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 08. | दियोरिया कलां बसेगा सम्पर्क मार्ग पर अजय सिंह (गप्पू सिंह) के खेत की ओर इण्टरलॉकिंग कार्य। | 0.167 | 9.98 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 09. | ग्राम ओडाझार से पूरब शेर सिंह के खेत की ओर खडंजा मरम्मत कार्य। | 0.400 | 5.00 | 25000 | 500 | तीन माह |
| 10. | दियोरिया कलां में नाले से रामलीला की ओर नाला निर्माण। | 0.160 | 9.90 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 11. | ग्राम जयपालपुर पुलिया से मरेना चकमार्ग पर संतोष सिंह के खेत की ओर खडंजा निर्माण। | 0.500 | 9.40 | 47000 | 950 | तीन माह |
| 12. | मरेना पूरब से ज्ञानेन्द्र के खेत की ओर खडंजा निर्माण कार्य। | 0.500 | 9.47 | 48000 | 950 | तीन माह |
| 13. | मीरपुर हीरपुर झाबर से सकरिया नदी तक नाला निर्माण कार्य। | 0.120 | 9.98 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 14. | जमुनिया ता. ईटगांव प्राथमिक विद्यालय से संत कुमार के खेत की ओर खडंजा मरम्मत कार्य। | 0.350 | 4.10 | 20500 | 500 | तीन माह |
| 15. | ग्राम पंचायत सिमरौली में हरीश सिंह के खेत से गगन की जगह की ओर खडंजा निर्माण कार्य। | 0.450 | 8.51 | 43000 | 900 | तीन माह |
| 16. | जमुनिया ता. ईटगांव से पश्चिम नहस से शंकरलाल के खेत की ओर खडंजा मरम्मत | 0.300 | 3.50 | 17500 | 500 | तीन माह |
| 17. | ग्राम भदेगकंजा गांव के पश्चिम गुरूगवां मार्ग पर भूड वाले मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 0.168 | 9.93 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 18. | ग्राम बढैपुरा लल्लासिंह की जगह से पेशकार के तालाब तक नाला निर्माण | 0.160 | 9.99 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 19. | बढैपुरा इन्दपाल की जगह से मेवाराम की जगह की ओर नाला निर्माण कार्य। | 0.100 | 6.24 | 31200 | 500 | तीन माह |
| 20. | आजमपुर बरखेड़ा के पश्चिम से उत्तर की ओर खडंजा मरम्मत कार्य। | 0.350 | 4.10 | 20500 | 500 | तीन माह |
| 21. | पगार खडंजा से सतनाम सिंह के झाले की ओर सम्पर्क मार्ग पर खडंजा कार्य। | 0.300 | 5.70 | 28500 | 600 | तीन माह |
| 22. | पगार गांव से दक्षिण खर्रा की ओर खडंजा मरम्मत कार्य। | 0.560 | 6.40 | 32000 | 650 | तीन माह |
| 23. | बरखेड़ा चतुराह शंकर जी के मन्दिर से ठाकुर द्वारा तक खडंजा निर्माण | 0.110 | 2.12 | 10600 | 500 | तीन माह |
| 24. | भगीतीपुर बृजेश की जगह से राजकुमार के गोडे तक नाला निर्माण | 0.95 | 5.94 | 29700 | 600 | तीन माह |
| 25. | जमुनिया ता. ईटगांव के पश्चिम ट्यूबवैल से गांव की ओर खडंजा मरम्मत कार्य। | 0.550 | 6.40 | 32000 | 700 | तीन माह |
| 26. | भगौतीपुर श्माशान भूमि से बंशीलाल के खेत की ओर खडंजा निर्माण। | 0.450 | 8.50 | 42500 | 850 | तीन माह |
| 27. | ग्राम सनगवां नहर की पुलिया से भगौतीपुर की ओर खडंजा निर्माण। | 0.450 | 8.50 | 42500 | 850 | तीन माह |
| 28. | दियोरिया कलां गांव के दक्षिण दियोरिया बीसलपुर लिंक मार्ग से कोठरी तक खडंजा मरम्मत कार्य। | 0.250 | 2.90 | 14500 | 300 | तीन माह |
| 29. | ग्राम बढैपुरा नहर की पुलिया से हेमूपुरा की ओर खडंजा निर्माण। | 0.525 | 9.94 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 30. | ग्राम सिबुआ पस्तौर कुइया मोड से ज्वाला प्रसास के खेत की ओर खडंजा निर्माण | 0.300 | 5.70 | 28500 | 600 | तीन माह |
| 31. | बरखेड़ा चतुराह गांव के उत्तर पुलिया से रायपुर फाजिलपुर सम्पर्क मार्ग की ओर खडंजा निर्माण। | 0.525 | 9.94 | 49700 | 1000 | तीन माह |
| 32. | ग्राम खरदाह सुमेर लाल की जगह से पक्के रोड की पुलिया तक नाला निर्माण। | 0.125 | 7.80 | 39000 | 800 | तीन माह |
| 33. | ग्राम मरौरी में राजू सक्सेना की जगह से अबा तालाब तक नाला निर्माण | 0.150 | 9.00 | 45000 | 900 | तीन माह |
| 34. | विकास खण्ड बिलसण्डा के परिसर की क्षतिग्रस्त बाउन्ड्री वाल का निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | 01 | 9.90 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 35. | विकास खण्ड बिलसण्डा में टाइप-1 के आवासों की मरम्मत / जीर्णोद्धार कार्य। | - | 9.98 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 36. | विकास खण्ड परिसर में आवासीय/अनावसीय भवनों की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | - | 9.98 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 37. | विकास खण्ड परिसर का सौन्दर्यकरण कार्य। | - | 9.90 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 38. | खण्ड विकास अधिकारी आवास की मरम्मत कार्य। | - | 9.90 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 39. | ग्राम रूरिया घुरिया में नरेश पाल सिंह के तालाब से अवधेश सिंह के खेत की ओर नाला निर्माण। | 0.150 | 9.34 | 46700 | 950 | तीन माह |
| 40. | ग्राम पसगवां में पक्षी बिहार गांव की ओर नाला निर्माण | 0.225 | 0.62 | 40100 | 1000 | तीन माह |
| 41. | बेहटा में मेवाराम की जगह से श्मशान भूमि तक नाला निर्माण। | 0.160 | 6.76 | 33800 | 700 | तीन माह |
| 42. | बेहटा में पानी की टंकी के पास से प्राथमिक विद्यालय तक नाला निर्माण। | 0.070 | 3.08 | 15400 | 500 | तीन माह |
| 43. | बरखेड़ा चतुराह में गांव से उत्तर प्राइमरी स्कूल से सूखानाथ मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग | 0.193 | 0.93 | 50000 | 1000 | तीन माह |
| 44. | विकास खण्ड परिसर में हाई मास्ट लाइटों की स्थापना। | 04 नग | 9.90 | 50000 | 1000 | तीन माह |

1. मुख्य शर्तें:- कार्य के लिए निर्धारित धरोहर व जमानत धनराशि निविदा के साथ एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी बिलसण्डा के नाम बन्धक कराना अनिवार्य है। 2. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों का भुगतान सुनिश्चित किये जाने वाले विषयक भूतत्व एवं खनिकर्म के शासनादेशानुसार अनुपालन करना अनिवार्य होगा। 3. कार्य से सम्बन्धित विवरण / शर्तें निविदा फार्म नोटिस बोर्ड एवं सम्बन्धित पटल पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। 4. किसी भी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पीलीभीत होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बिलसण्डा-पीलीभीत**


## उत्तराखंड

# बाघ ने महिला को मारा, जंगल में मिला शव

संवाददाता, रामनगर

- **बाघ का पता लगाने को लगाए गए सीसीटीवी कैमरे**



**अमृत विचार :** रामनगर-रानीखेत नेशनल हाईवे पर ढिकुली स्थित मनु महारानी रिसोर्ट के सामने जंगल से मंगलवार की सुबह बाघ एक महिला को उठा ले गया। काफी देर बाद महिला का शव जंगल में मिला। महिला अपनी साथियों के साथ जंगल में लकड़ियां बीनने के लिए गई थी।

कौशल्या देवी पत्नी लक्ष्मण सिंह रावत (58) मंगलवार की सुबह अन्य महिलाओं के साथ ढिकुली क्षेत्र में जंगल में लकड़ियां बीनने के लिए गई थीं। मनु महारानी रिसोर्ट के सामने जंगल में बाघ ने कौशल्या देवी पर हमला बोल दिया और घसीटता हुआ जंगल में ले गया। उधर, महिलाओं का शोर सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे। काफी देर बाद महिला का शव बरामद हुआ। जानकारी मिलते ही एसडीएम राहुल शाह, सीटीआर के उपनिदेशक राहुल मिश्रा, पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटि, वनकर्मी संतोष बिष्ट, मोहित सिंह के अलावा वन्यजीव विशेषज्ञ एजी अंसारी, संजय छिम्वाल, अजय छिम्वाल आदि मौके पर पहुंचे। कॉर्बेट के अधिकारियों ने घटना को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। आश्वस्त किया कि जल्दी ही इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी। सीटीआर प्रशासन ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। दुपहिया चालकों को भी सतर्क रहने को कहा है।

## सादगी से मनेगा राज्य स्थापना दिवस

**देहरादून, अमृत विचार :** अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र के कूपी गांव में हुए भयावह बस हादसे के बाद प्रदेश सरकार ने राज्य स्थापना दिवस सादगी के साथ मनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्वतीय क्षेत्रों में आंकलन कर तत्काल आवश्यक बसों की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों पर प्राथमिकता से क्रैश बैरियर लगाए जाएं। वहीं अब तक क्रैश बैरियर क्यों नहीं लगे इसकी जांच कर कार्रवाई की जाए।

### पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने किये कैंची धाम के दर्शन



**नैनीताल/भवाली, अमृत विचार :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना मंगलवार को भवाली स्थित कैंची धाम पहुंचे। उन्होंने अपने दो दोस्तों के साथ बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किये। इसके बाद कई घंटों तक मंदिर परिसर में बैठकर बाबा का ध्यान किया। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ कर बाबा की तपोस्थली पर पुष्प चढ़ाये। सुरेश रैना के कैंची धाम पहुंचने की सूचना जैसे ही प्रशंसकों को लगी तो बड़ी संख्या में लोग कैंची धाम पहुंच गये। इसके बाद लोगों ने सुरेश रैना के साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान मंदिर प्रबंधन ने पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना को बाबा की प्रतिमा भेंट की। प्रदीप साह के अनुसार सुरेश रैना ने बातचीत में बताया कि उन्होंने मंदिर और बाबा के चमत्कार के बारे में कई बार सुना था।

### वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एंड आरोग्य एक्सपो 12 दिसंबर से

**देहरादून, अमृत विचार :** राज्य में 10वां वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एंड आरोग्य एक्सपो 12 से 15 दिसंबर तक देहरादून में प्रस्तावित हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की मीटिंग लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। अभी तक 4501 डेलिगेट्स वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। 15 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन हो सकते हैं। उत्तराखंड में आयोजन को ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम अवसर बताते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि इस दौरान राज्य की आयुर्वेद क्षेत्र में उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी आयुर्वेदिक शैक्षणिक संस्थाओं, उद्यमों व राज्य एवं केन्द्रीय स्तर के संगठनों, औषधीय पौध क्षेत्र, आयुष हेल्थ केयर से जुड़े लोगों व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# महादेव घाट पर एक साथ जलीं 11 चिताएं

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सल्ट बस हादसे में 36 लोगों की मौत के बाद कुमाऊं और गढ़वाल के दो दर्जन से अधिक गांवों में मातम छाया है। मंगलवार को पौड़ी जिले के धुमाकोट के अंतर्गत सल्ड महादेव घाट पर 11 चिताएं एक साथ जलीं तो हर किसी की आंखें नम हो गईं। माहौल इतना गमगीन था कि एक-दूसरे को दिलासा दे रहे हर व्यक्ति की आंखों से आंसू बह रहे थे।

अपने करीबियों, नाते-रिश्तेदारों को अंतिम विदाई देने के लिए घाट पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। उधर, सड़क हादसे की प्रारंभिक जांच के लिए परिवहन विभाग की कमेटी ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया।

### सल्ट हादसा: बस स्वामी, चालक और परिचालक पर मुकदमा

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** बीते दिन सल्ट के कूपी गांव के समीप हुए भीषण बस हादसे के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस ने बस स्वामी, चालक व परिचालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीते सोमवार को सल्ट के कूपी गांव के पास पौड़ी के गौलीखाल से रामनगर जा रही बस खाई में गिर गई थी। इस हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 27 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना के बाद से शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया।

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता॥

संसार में उन्नति के अभिलाषी व्यक्तियों को नींद, तंद्रा (ऊंघ), भय, क्रोध, आलस्य तथा देर से काम करने की आदत–इन छह दुर्गुणों को सदा के लिए त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# वैधता बरकरार

उच्चतम न्यायालय ने यूपी मदरसा एक्ट को बरकरार रखने का बड़ा फैसला किया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें मदरसों को विनियमित करने वाले यूपी कानून को रद कर दिया गया था और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बच्चों को धर्मनिरपेक्ष और नियमित स्कूलों में भेजने के लिए अधिसूचना जारी की थी। ऐसे में यूपी के मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख छात्रों को राहत मिली है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा को विनियमित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। इस अधिनियम के तहत मदरसा बोर्ड का गठन किया गया था। यूपी मदरसा अधिनियम का मसौदा प्रदेश सरकार ने ही बनाया था। उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद सवाल उठ रहे थे कि सरकार द्वारा बनाया गया अधिनियम असंवैधानिक कैसे हो सकता है? अब सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि मदरसा एक्ट संविधान के खिलाफ नहीं है। गौरतलब है कि मदरसे ऐसे संस्थान हैं, जहां छात्र इस्लामी अध्ययन और अन्य शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि भारत में बड़ी संख्या में मदरसा बोर्डों ने एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को अपनाया है, जिसमें गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेज़ी और समाजशास्त्र जैसे अनिवार्य विषय शामिल हैं।

मान्यता प्राप्त मदरसे राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड से संबद्ध होते हैं, जबकि गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे दारुल उलूम नदवतुल उलमा (लखनऊ) और दारुल उलूम देवबंद जैसे प्रमुख मदरसों द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का पालन करते हैं। देश में सबसे अधिक मदरसे उत्तर प्रदेश में हैं, जहां 11,621 मान्यता प्राप्त और 2,907 गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे हैं, जो भारत के कुल मदरसों का 60 प्रतिशत है। राजस्थान में मदरसों की संख्या दूसरे स्थान पर है, जहां 2,464 मान्यता प्राप्त और 29 गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे हैं। दिल्ली, असम, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना सहित कुछ राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में कोई भी मदरसा मान्यता प्राप्त नहीं है। आवश्यक है कि सभी के लिए शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के क्रम में सार्वजनिक संस्थानों को गुणवत्तापूर्ण औपचारिक शिक्षा का विस्तार करना चाहिए। साथ ही अनौपचारिक और धार्मिक शिक्षा प्रणालियों पर निर्भरता में कमी लानी चाहिए। अब जब सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले से मदरसों के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी राहत प्रदान की है तो मदरसों में व्यावसायिक और कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करना चाहिए ताकि छात्रों को व्यावहारिक कौशल से युक्त किया जा सके, जिससे वे रोजगार के क्षेत्र में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्द्धा करने में सक्षम हो सकें।

# सुदूर ब्रह्मांड में जिंदा है अभी वॉयजर स्पेसक्राफ्ट



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

ब्रह्मांड में हम जिस स्थान पर हैं उसे आकाश गंगा कहते हैं, जिसे अंग्रेजी भाषा में गैलेक्सी कहा जाता है। ब्रह्मांड में गैलेक्सीज की सही संख्या कितनी है, किसी को नहीं मालूम। ब्रह्मांड का पूरा नक्शा अभी हम नहीं बना पाए हैं, लेकिन जितना है उसमें गैलेक्सीज की संख्या को ऑब्ज़र्व्ड क्षेत्र में एक खराब करोड़ तक बताया गया है।

पृथ्वी पर मनुष्य सभ्यता को बचाने के लिए स्पेस एक्सप्लोरेशन एक अनिवार्यता बनी हुई है। भारत इस क्षेत्र में पिछले दो दशकों में तेज़ी से आगे बढ़ा है। शक्तिशाली राकेटों से पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में ऑब्जरवेशनल सैटेलाइट्स और हबल एवं वेब टेलिस्कोप्स को जबसे स्थापित किया गया है तभी से ब्रह्मांड के बारे में दृश्य रूप में बेहतरीन जानकारी लेकर एस्ट्रोनॉमर्स ने अपने ज्ञान में अल्प समय में ही अभूतपूर्व समृद्धि हासिल की है।

निकट और सुदूर ब्रह्मांड में अवस्थित पिंडों द्वारा उत्सर्जित होने वाले विभिन्न प्रकार के आवेशित कणों को और उष्मा किरणों को पकड़ने के लिए धरती पर अनेक स्थलों पर रेडियो टेलिस्कोप लगाए गए हैं। इनकी नेटवर्किंग की गई है, जिसकी बदौलत अनेक एंटेना इकाई की भांति अपने पकड़-क्षेत्र में क्षीण सिग्नल को दर्ज करने में समर्थ होते हैं। ये सिग्नल्स सैंकड़ों प्रकाश वर्ष की यात्रा करके धरती तक पहुंचते हैं, जिन्हें एस्ट्रोफिजिकल ऑब्जरवेट्रीज ने संदेश पकड़ने वाले यंत्रों से दर्ज किया है ताकि ब्रह्मांड की मूल संरचना और कायाकल्प की मौलिक प्रक्रिया से पैदा होने वाले अवशेषों और नई संरचनाओं को समझा जा सकता है। धरती पर बने लार्ज हाइड्रोन कोलॉयडर में यह घटनाक्रम दोहराना असंभव है। अनेक बार घटनाओं की सक्रिय स्थिति भी दर्ज की गई है जैसे कि एक सुपरनोवा अर्थात एक न्यूट्रॉन तारे में विस्फोट, ब्लैक होल द्वारा एक पिंड को निगलना आदि।

ब्रह्मांड में हम जिस स्थान पर हैं उसे आकाश गंगा कहते हैं, जिसे अंग्रेजी भाषा में गैलेक्सी कहा जाता है। ब्रह्मांड में गैलेक्सीज की सही संख्या कितनी है, किसी को नहीं मालूम। ब्रह्मांड का पूरा नक्शा अभी हम नहीं बना पाए हैं, लेकिन जितना है उसमें गैलेक्सीज की संख्या को ऑब्ज़र्व्ड क्षेत्र में एक खराब करोड़ तक बताया गया है। यह संख्या हमारे अनुमान से भी आगे निकल जाती है। ख्याल रहे कि आकाश गंगा सिर्फ उस गैलेक्सी का नाम है, जिसमें हमारा सौर मंडल और पृथ्वी मौजूद है। अन्य गैलेक्सीज के संख्या नाम बहुत हैं, जिनसे इनकी लोकेशन और इनके बारे में जुटाई गई अब तक की जानकारी को आर्काइव्ज से अध्ययन हेतु निकाला जा सकता है। हरेक गैलेक्सी की बनावट न तो एक जैसी होती है, न आकार और न ही आमाप



और इसके प्रसार की नीयत। इनमें निहित पदार्थ-द्रव्य के कायांतरण पर अगला कायांतरण निर्भर है, जो कि पार्टिकल स्पिन, ग्रेविटी और इलेक्ट्रो-मैग्नेटिज्म की शक्ति और भूमिका से तय होता है। संरचना और कायांतरण की प्रक्रियाएं चकित करती हैं।

रेडियो टेलिस्कोप्स और अंतरिक्ष में स्थापित शक्तिशाली दूरबीनों के अलावा कुछ देशों ने इंटर-प्लेनेटरी प्रोब्स और गैलेक्टिक प्रोब्स को निकट और सुदूर ब्रह्मांड में जानकारी इकट्ठा करने के लिए भेजा है। इनमें से सर्वाधिक दूरी पर हमारे सौरमंडल से बाहर दो प्रोब्स वॉयजर-1 और वॉयजर-2 अभी तक पहुंचे हैं। इन्हें सन 1977 में नासा (अमेरिका) की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने प्रक्षेपित किया था। धरती से रेडियो संपर्क रखने हेतु उक्त दोनों यानों में एक्स और एस-बैंडवेव पर काम करने वाले ट्रांसमीटर्स लगाए गए थे। वॉयजर-1 अंतरिक्ष यान धरती से 15 अरब और 42 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर अब पहुंच चुका है। अभी तक इसके ठीक हालत में होने के संकेत मिले हैं। इससे संपर्क टूट जाता है और फिर से कायम भी हो जाता है।

हाल में नासा की जेपीएल वॉयजर-1 से एक्स-बैंडविड्थ पर अरसे बाद संपर्क साधने में कामयाब हुयी है। चूंकि वॉयजार-1 को इतनी दूरी तय करके आए हुए संदेश का उत्तर ट्रांसमिट करने में अधिक इलेक्ट्रिक पॉवर लगती है, जेपीएल वॉयजर-1 के एस-बैंड ट्रांसमीटर को इसीलिए चालू करने की कोशिश में है, जो कि कम पॉवर पर काम कर सकता है। वॉयजर से धरती तक संदेश आने में 22.5 घंटे का समय लगता है। यह तो तब है जब एक्स या एस बैंडविड्थ में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्स 30 करोड़ मीटर प्रति सेकंड की गति से अथवा प्रकाश कणों/तरंगों की गति से चलती है। वॉयजर-1 के सिस्टम्स को पॉवर देने के लिए इसके शरीर से निकली हुई एक मैकेनिकल बाजू के अंतिम छोर पर करीब 60 किलोग्राम वजनी रेडियोआइसोटोप थर्मोइलेक्ट्रिक जनरेटर (आरटीजी) का एक जोड़ा परीक्षण के तौर पर लगाया गया था। यह मिनी न्यूक्लियर पॉवर हाउस है, जिसमें ऊर्जा का उत्पादन करने के लिए प्लूटोनियम-238 के 24 लड्डूनुमा स्फीयर्स इस्तेमाल करने हेतु रखे गए। इनसे 470 वाट के बराबर इलेक्ट्रिक ऊर्जा बनाई जा सकती है। अनुमान था कि ऊर्जा पैदा करने का यह ईंधन स्रोत वॉयजर यानों में लांच किए जाने के 45 बरस बाद तक काम करता रहेगा, लेकिन यह अभी तक चालू है,यही आश्चर्यजनक है। यह शायद इसलिए कि वॉयजर स्पेसक्राफ्ट्स में एक ऐसा स्विच है, जो कि पॉवर को संरक्षित करने के लिए इसकी सप्लाई को एक्स और एस बैंड्स में से एक को चुनकर धरती से संपर्क साधने के लिए स्वयं ऑन-ऑफ कर सकता है। सन 1977 में ऐसी टेक्नोलॉजी क्रिएट किया जाना मानव मस्तिष्क की डिजाइनिंग क्षमता के उच्च स्तर का द्योतक है। आरटीजी टेक्नोलॉजी के विकास का ख्याल पहली बार सन 1955 में आया जब यूनाइटेड स्टेट्स जलसेना के लिए नेविगेशनल सॅटॅलाइट के पॉवर सोर्स के रूप में इसके बारे में सोचा गया था।

5 मार्च सन 1979 को 17.46 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से वॉयजर-1 यान बृहस्पति गृह के निकट से होकर गुजरा। इसके नैरो अपर्चर और वाइड एंगल कैमरों ने डिजिटल मोड में वृहस्पति गृह के चित्र खींचे और एक साल बाद 12 नवंबर सन 1980 को जब शनि गृह के निकट से निकला तो इसके भी शानदार चित्र 7.2 किलोबाइट की स्पीड से धरती की ओर प्रेषित किए थे। वॉयजर-1 धरती पर मापे जाने वाले एक खास समय बिंदु पर पृथ्वी और सूर्य से कितना समय-दूरी पर कितना किलोमीटर दूर है इसे जेपीएल में रखे एक रियल-टाइम एटॉमिक क्लॉक में चलने वाली गणना से मालूम किया जाता है। 3 नवंबर 2024 को इंडियन स्टैण्डर्ड टाइम 15 बजकर 37 मिनट पर यह स्पेसक्राफ्ट धरती से 15, 41, 64, 91, 290 किलोमीटर दूरी पर है और इसका मिशन समय उक्त तारीख को ही 15 बजकर 40 मिनट पर 47 वर्ष, 1 महीना, 28 दिन, 21घंटा, 14 मिनट और 50 सेकंड है। वॉयजर मिशन से जुटाई गई वैज्ञानिक जानकारी का वैज्ञानिक भविष्य क्या हो सकता है? बृहस्पति, शनि और यूरेनस ग्रहों के वॉयजर यानों द्वारा भेजे गए रंगीन चित्रों के विजुएल आस्पेक्ट्स की एनालिसिस ने इनकी संरचना को अधिक स्पष्ट किया है। दृश्य स्पेक्ट्रम में वलयों की भिन्न रंग संरचना के बीच तैरते हुए शनि गृह के प्रथम बार मिले ऐसे दृश्य-चित्र अद्भुत और अभिभूत करने वाले थे। सन 1973-1974 में पायनियर-10 और पायनियर-11 स्पेसक्राफ्ट्स द्वारा खींचे गए चित्रों से बेहतरीन चित्र वॉयजर-1 यान ने सुलभ कराए। तीन-साल के अंतराल के बाद वॉयजर स्पेसक्राफ्ट्स की नई कैमरा टेक्नोलॉजी पायनियर यानों की ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स से बेहतर साबित हुई। सन 2003 के बाद से पायनियर-10 और सन 1995 के बाद से पायनियर-11 यान ब्रह्मांड की गहनता में कहीं खो गए हैं।

पायनियर, जूनो और वॉयजर-1 यान में लगाई गई विशिष्ट यांत्रिक प्रणाली लो-फील्ड और हाई फील्ड मैग्नेटोमीटर्स से बृहस्पति गृह के बारे में इसकी भीतरी संरचना, जियोकेमिस्ट्री, खनिजों की उपस्थिति -इनकी किस्म, मात्रा और उपलब्धतता की गहराई, मोटी ऊपरी परत के अलावा भीतरी भारी, तरल धातु से निर्मित कोर और केंद्रीय स्थल के बारे कुछ डाटा एकत्रित किया गया। वृहस्पति ग्रह के गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव क्षेत्र और शक्ति एवं इसके मैग्नेटिक फील्ड की विशेषताओं के बारे में जानकारी जुटाई गई। मकसद यही कि जुपिटर ग्रह पर मनुष्य के रहने लायक अवस्थाएं बन सकती हैं तो कैसे? मालूमात का उद्देश्य वृहस्पति ग्रह पर निवास करते रहकर खनन से प्राप्त दुर्लभ खनिजों की पृथ्वी पर आपूर्ति करना है। सन 2004 विशेष रूप से शनि के अध्ययन के लिए लांच किए गए कैसिनी स्पेसक्राफ्ट की टेक्नोलॉजी को वॉयजर द्वारा शनि ग्रह के बारे में जुटाई गई वैज्ञानिक जानकारी का इस्तेमाल करते हुए उन्नत किया गया था। कैसिनी ने शनि गृह और इसके चंद्रमाओं के बारे में सन 2017 तक जानकारी जुटाकर जमीन पर भेजी और फिर शांत हो गया।

## प्रसंगवश

# वेदों में ज्ञान है, भागवत में भक्ति

पुराणों को मानने वाले वेद-पुराण में भेद नहीं करते। उनके अनुसार जो वेदों में है, वही पुराणों में है। पुराणों को वेदों का उपबृंहण कहा गया है। अठारह पुराणों में भागवत को सबसे ऊंचा दर्जा प्राप्त है। उसकी महिमा का वर्णन करते हुए उसे वेद रूपी वृक्ष का घुला हुआ फल (निगम कल्पतरोर्गलितं फलं) कहा गया है।

इस कथन के कई अर्थ निकलते हैं। घुला हुआ फल अधिक मीठा होता है। उसे चूसने में अधिक श्रम नहीं करना पड़ता और वह पचने में भी बहुत आसान (सुपाच्य) होता है। वेद को समझना सबके लिए संभव नहीं है जबकि पुराणों को सरलता से हृदयंगम किया जा सकता है। वेदों की भाषा पुराणों की तुलना में अधिक प्राचीन है। उनकी शैली भी अपरिचित जैसी है। इसलिए वेद सबके लिए बोधगम्य नहीं हैं। कहते हैं कि इसीलिए पुराणों की जरूरत महसूस हुई। भागवत में ऐसी बहुत सी कहानियां हैं, जिनके माध्यम से सामान्य बुद्धि के लोगों को व्यावहारिक शिक्षाएं दी गई हैं। भागवत को वेद रूपी वृक्ष का फल कहने की एक वजह यह है। दूसरी वजह इससे ज्यादा गंभीर और महत्वपूर्ण है। वेदों को ज्ञान का भंडार कहा गया है। सारी दुनिया अब यह मानने लगी है कि वेद में विश्व का प्राचीनतम ज्ञान सुरक्षित है। ज्ञान अथवा विवेक से हमें सिर्फ अच्छे-बुरे का ज्ञान होता है, परंतु सिर्फ ज्ञान होना पर्याप्त नहीं है। ब्रह्म सत्य है, जगत मिथ्या है (ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या)।



ओंकार नाथ त्रिपाठी
बहराइच

यह ज्ञान हुआ, परंतु ब्रह्म को गले लगाना है और जगत से दूर भागना है-यह उससे आगे की प्रक्रिया है। ब्रह्म को अपनाने, उससे नाता जोड़ने को भक्ति कहते हैं। मोहिं-तोहिं नाते अनेक मानिए जो भावै।/ ज्यों-त्यों तुलसी कृपालु चरन सरन पावै। इसीलिए भक्ति को ज्ञान के आगे का सोपान कहा गया है। सम जम नियम फूल फल ज्ञाना।/ हरि पद रति रस बेद बखाना। हरि पद रति में तीन शब्द हैं। एक शब्द में उसी को भक्ति कहते हैं। वेदों में सम जम नियम और ज्ञान की बातें हैं अर्थात वहां सिर्फ फूल और फल है। उससे आगे का सोपान अर्थात् रस तो भागवत में है। वेदों में ज्ञान है, भागवत में भक्ति है। ज्ञान फल है, भक्ति रस है अथवा ज्ञान वृक्ष है, भक्ति फल है। निगम कल्पतरोर्गलितं फलं का यही आशय समझना चाहिए।

# क्रिप्टो करेंसी के जाल में फंसता भारतीय युवा



डॉ .अशोक कुमार शुक्ला
वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी

क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग को डेल्टा एक्सचेंज इंडिया के माध्यम से प्रदान की गई अनुमति आने वाले समय में गंभीर चिंताजनक परिणाम भी ला सकती है।

अपने देश में वित्तीय प्रकरणों की देख-रेख हेतु वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त दो और ऐसी प्रमुख संस्थाएं विद्यमान हैं, जो देश-विदेश में आर्थिक गतिविधियों की देखभाल करती हैं। इनमें से पहली संस्था आजादी से पहले 1935 में भारतीय रिजर्व बैंक के रूप में तब अस्तित्व में आई थी जब तत्कालीन ब्रिटिश सरकार प्रथम विश्व युद्ध के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए संघर्षरत थी। दूसरी संस्था प्रतिभूति नियमन बोर्ड के रूप में 1988 में तब अस्तित्व में आई जब देश में आर्थिक सुधार का दौर चल रहा था।

यह संयोग ही था कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे डॉ. मनमोहन सिंह जब देश के वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक सुधार की मुहिम को आगे बढ़ा रहे थे, उसी समय भारतीय प्रतिभूति बाजार में अपने देश में अब तक का सबसे बड़ा हर्षद मेहता कांड भी प्रकाश में आया था। इस घोटाले के बाद ही प्रतिभूति नियमन बोर्ड ने वास्तविक रूप से सक्रिय होकर भारत के शेयर बाजार पर निगरानी रखनी आरंभ की थी। सही मायनों में देखें तो 1990 के दशक में अपनाई गई आर्थिक उदारीकरण की नीतियों का ही प्रभाव रहा है कि आज भारतीय मुद्रा और भारतीय निवेश बाजार अंतर्राष्ट्रीय जगत में व्यवहार के लिए सहज रूप से उपलब्ध है।

इस उदारीकरण के कारण भारतीय मुद्रा के अंतर्राष्ट्रीय बाजार में व्यवहृत होने से रिजर्व बैंक के सम्मुख जहां नई चुनौतियां सामने आई हैं वहीं प्रतिभूति बाजार के अंतर्राष्ट्रीय जगत में सहज उपलब्धता के चाहते ही हम आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर हैं। यह तथ्य प्रथक से विचारणीय हो सकता है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खुला होने के कारण प्रतिभूति नियामक संस्था सेबी के सम्मुख भी आए दिन नई चुनौतियां सामने आती रहती हैं।

इसी प्रकार की एक चुनौती क्रिप्टो करेंसी के रूप में 2009 में सामने आई जब क्रिप्टो के रूप में आभासी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा का चलन आरंभ हुआ था। कंप्यूटर एल्गो के आधार पर बनी क्रिप्टो करेंसी एक ऐसी मुद्रा है, जिसके नियंत्रण हेतु कोई नियामक अर्थॉरिटी ही नहीं है। इसीलिए विश्व के अधिकांश देशों में इसके उपयोग पर पाबंदी लगा रखी है।

इस करेंसी का इस्तेमाल ड्रग्स सप्लाई और हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त जैसे अवैध कामों के लिए किया जाता रहा है, परंतु विगत कुछ वर्षों में अमेरिका यूके जैसे विकसित देशों के द्वारा क्रिप्टो करेंसी के लेन-देन को विनियमित करने के लिए व्यवस्थाएं अपनाने के बाद भारत जैसे विकासशील देश के सम्मुख भी क्रिप्टो ट्रेडिंग की एक नई चुनौती सामने आई है। देश का बहुसंख्यक बेरोजगार युवा आकर्षक प्रलोभनों और डिजिटल मीडिया पर कुकुरमुत्ते की तरह बढ़ते जा रहे हैं। फिनफ्लूएंसर की बातों में आकर क्रिप्टो ट्रेडिंग की ओर कदम बढ़ाने लगे हैं। आरंभ में क्रिप्टो करेंसी के प्रति भारत का रवैया अन्य विकासशील देशों के अनुरूप सुरक्षात्मक था और इसे मान्यता नहीं दी गई इसलिए क्रिप्टो ट्रेडिंग के लिए ऐसे प्लेटफार्मों का उपयोग किया जाता है, जो भारतीय वित्तीय नियामक संस्थानों के अधीन नहीं आते हैं। ऐसे प्लेटफार्मों के कारण भारत के छोटे-छोटे निवेशकों की धनराशियां अनजाने ही धीरे-धीरे इन सेवा प्रदाताओं तथा शातिर बैंकरों की जेब में समाती जा रही है। आरबीआई डिजिटल परिसंपत्ति क्षेत्र की निगरानी करने और वित्तीय रूप से अस्थिर उद्योग और व्यापार को सुरक्षित रखने के लिए वित्तीय नियमों को लागू करने में कठोर रुख अपनाता रहा है, जिसके चलते विदेशी ट्रेडिंग प्लेटफार्म भारतीय शेयर मार्केट में प्रवेश पाने में सफल नहीं हो सके थे। कुछ माह पूर्व क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग के अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म डेल्टा एक्सचेंज ने बड़ी चालाकी भारत में तेजी से बढ़ते ट्रेडिंग मार्केट में पैठ बनाने के लिए वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाली भारत की वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू-आईएनडी) का सहारा लिया, जो भारत में विदेशी मुद्रा के आवागमन पर नजर रखती है।

डेल्टा एक्सचेंज ने वित्त मंत्रालय के अधीन संचालित इस खुफिया एजेंसी के साथ पंजीकरण करा कर 'डेल्टा एक्सचेंज इंडिया' के नाम सहायक कंपनी बनाकर एक ऐसा ट्रेडिंग प्लेटफार्म तैयार किया है, जो भारत में क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग करा रहा है। हालांकि समय-समय पर रिजर्व बैंक के द्वारा यह चिंता आज भी लगातार व्यक्त की जा रही है कि क्रिप्टो करेंसी भारतीय मुद्रा के लिए हानिकारक है तथापि एक कंपनी का वित्त मंत्रालय की खुफिया एजेंसी के साथ पंजीकरण कराकर भारतीय ट्रेडिंग बाजार में प्रवेश पाना यह सोचने पर विवश अवश्य करता है कि वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक के विचारों में सामंजस्य का अभाव क्यों है? क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग को डेल्टा एक्सचेंज इंडिया के माध्यम से प्रदान की गई अनुमति आने वाले समय में गंभीर चिंताजनक परिणाम भी ला सकती है।

## सोशल फोरम

# असहमति असहिष्णुता नहीं

असहमतियां असहिष्णुता नहीं हैं। यह हमारी शास्त्रीय परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि मैं वादों में तर्कयुक्त निष्पत्ति हूं, तत्व निर्णय हूं। वादः प्रवदातहम्। मगर जब असहमतियां वाद-विवाद की ओर बढ़ चलें तो असहिष्णुता का स्वरूप अख्तियार कर लेती हैं। इसलिए ही मतभेद को मनभेद तक न पहुंचने की हिदायतें दी जाती हैं।



डॉ . अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हमारे बीच असहमतियां आज से नहीं हजारो-हजार साल से हैं। इतनी कि कभी-कभी तो एक उत्तरी तो दूसरी दक्षिणी ध्रुव। एक ओर उग्र हिंसा की वकालत तो दूसरी ओर अहिंसा का पाठ। एक ईश्वर की सत्ता का परम विश्वासी तो दूसरा अनीश्वरवाद का झंडा बरदार। कितना मुश्किल रहा होगा सहजीवन। फिर भी लोगों ने साहचर्य किया और जिया। भारतीय मनीषा जोड़ने वाली है। तोड़ने वाली नहीं। हमारे मनीषियों ने सर्वथा विपरीत विचारों का भी समंजन किया, युग्मित किया। साकार को निराकार से जोड़ा। ब्रह्म को जीव से जोड़ा। कर्म-अकर्म की ऐसी बौद्धिक जुगलबंदी बैठाई कि दोनों भाव एकसार से हो गए। हमारी महायात्रा का उत्स समाहित करने में रहा। वे भी सही आप भी सही। नेति नेति। अंतिम सत्य अनन्वेषित है। इसलिए ही चरैवेति चरैवेति। बस ज्ञानमार्ग पर चलते चलिए। ठहरिए नहीं। नहीं तो जीवनयात्रा थमेंगी, सड़ांध उत्पन्न होगी। जैन धर्म का स्यादवाद ऐसी ही विचारधारा का उत्स है, जहां किसी तरह का कोई विरोध नहीं है। स्यात स्यात, यानि शायद, शायद आप की बात सच हो।

यह हिंदू चिंतन की खूबसूरती है, जो शायद ही विश्व की किसी भी विचारधारा या जीवन दर्शन में समाहित हो। इस्लाम तो अपने आगे किसी को भी कुछ नहीं समझता, जो वह कहे वही अंतिम लकीर। वह जड़ ही बना रहा, चैतन्य नहीं रहा। इसलिए ही उसके चलते दुनिया में कितनी मारकाट, उपद्रव और अशांति फैली हुई है। तिस पर उसका दावा कि उसके अनुयायी 'शांति प्रिय' हैं। वह एक शांतिप्रिय मजहब है, मगर वह दूसरे मत को तवज्जो नहीं देता। कट्टरता से निषेध करता है। हम असहमतियों पर सहमति बना लें, क्योंकि यही हम प्रागैतिहासिक काल से करते आए हैं। तभी यह कहने के लिए आज भी जिंदा कौम हैं और जीवंत हैं।

-फेसबुक वॉल से

# भक्तिकाल का पुनर्पाठ

## बीच बहस में



कंवल भारती
वरिष्ठ लेखक, रामपुर

स्त्री संतों ने संन्यास नहीं लिया, बाकायदे विवाह किया, परपुरुष से प्यार किया, प्रेम वासना की कविताएं लिखीं और जनसमूह को धर्म का उपदेश दिया।

(गतांक से आगे)

निर्गुण कवियों ने वर्णव्यवस्था और जातिभेद का विरोध किया था। निर्गुण कवियों द्वारा जाति का खंडन कोई बहुत बड़ा सामाजिक विद्रोह नहीं था। इसे सामाजिक क्रांति के रूप में न देखें। एक बड़ी सामाजिक क्रांति, जो भक्ति आंदोलन ने की, वह दूसरी है। वह क्या है? यह मेरी नजर में तीसरी समस्या है, जिसे हिंदी आलोचकों ने नजरअंदाज किया है। तीसरी समस्या इस प्रश्न से जुड़ी है कि क्या भक्ति आंदोलन एक धार्मिक आंदोलन था? अर्थात विष्णु या शिव की भक्ति का आंदोलन? हालांकि भक्तिकाव्य के आलोचक यही बताते हैं कि विष्णु-भक्ति का आंदोलन आलवार संतों ने किया, जो वैष्णव थे और जो शिव-भक्त थे, वे नयनार (या नयनमार) थे, लेकिन इस आंदोलन की सबसे बड़ी गुत्थी है, भक्ति के क्षेत्र में शूद्र और स्त्री-संतों का प्रवेश। यह कैसे संभव हुआ? जो ब्राह्मण धर्म स्त्री को घर की चौखट नहीं लांघने देता था, जिसके लिए उसने पति सेवा ही एकमात्र धर्म बना दिया था और जिसे उसने धर्मशास्त्रों के वाचन तक से वंचित कर दिया था, जिसने शूद्रों को शिक्षा तक से वंचित कर दिया था, उन स्त्री-शूद्रों ने इस कालखंड में संत बनकर ब्राह्मण धर्म के विरुद्ध कैसे विद्रोह कर दिया? कैसे उन्होंने अपनी स्वतंत्र प्रतिष्ठा स्थापित की? यह थी सबसे बड़ी क्रांति। यह था सबसे बड़ा विद्रोह। यह थी वर्णव्यवस्था के खिलाफ सबसे बड़ी बगावत। यह भक्ति काल की सबसे बड़ी क्रांति थी कि एक बड़ी संख्या में शूद्र और स्त्री संतों ने मनु के उस विधान को चुनौती दी, जिसमें ब्राह्मण ही गुरु बन सकता था। मनु ने यह अधिकार किसी अन्य वर्ण को भी नहीं दिया था और स्त्री-शूद्रों के धर्मगुरु बनने के तो सारे मार्ग ही मनु ने बंद कर दिए थे और जिनके मार्ग बंद किए थे, उन्होंने ही धर्मगुरु बनकर ब्राह्मण को चुनौती दी। स्त्री के बारे में तो मनु का विधान यह था कि स्त्री कभी स्वतंत्र न रहे, सदैव अपने पिता, पति और पुत्र के नियंत्रण में रहे, पर भक्ति काल में स्त्रियों ने संत बनकर इस विधान की धज्जियां उड़ा दीं।

स्त्री संतों ने संन्यास नहीं लिया, बाकायदे विवाह किया, परपुरुष से प्यार किया, प्रेम वासना की कविताएं लिखीं और जनसमूह को धर्म का उपदेश दिया। यह उपदेश उन्होंने ब्राह्मण धर्म का नहीं, बल्कि निर्गुण धर्म का दिया, जिसमें शास्त्रों और सामाजिक रूढ़ियों के खिलाफ विद्रोह था। इस क्रांति का एक महत्वपूर्ण पहलु यह भी है कि किसी भी स्त्री-शूद्र संत ने ब्राह्मण को अपना गुरु नहीं बनाया। उन्होंने निम्न जातियों के संतों को अपना गुरु बनाया। एक स्त्री संत अपने पति के जुल्म को सहने की तुलना में उसे छोड़ना पसंद करती थी। वह विवाह के लिए अपने माता-पिता के दबाव में नहीं आती थी, उनका विरोध करती थी। वह विवाहित होकर भी परपुरुष से प्रेम कर सकती थी और उसके लिए अपने पति को छोड़ सकती थी। दलई नाम की एक स्त्री ने अपने प्रेमी के बुलाने पर अपने पति को रेगिस्तान में छोड़ दिया था। उसने भगवान को भी अपना प्रेमी या पति मानने से इंकार कर दिया था। गोग्गव्वे नाम की वीरशैव महिला संत इतनी जिद्दी थी कि उसे जान से मारने की धमकी देने के बाद भी, उसने प्रच्छन्न शिव से विवाह करने से इंकार कर दिया था। विष्णु भक्ति की धारा का उद्भव गुप्त राजाओं के शासन काल में हुआ और शिव भक्ति के बारे में कहा जाता है कि वह गुप्त काल के बाद लगभग सातवीं या आठवीं शताब्दी में आई, जब हर्षवर्धन का बौद्ध काल आया। इसी को समझने की आवश्यकता है, क्योंकि दक्षिण के भक्ति आंदोलन की जड़ में इन्हीं दोनों काल की व्यवस्थाएं हैं।

हालांकि यह भी समझ से परे है कि आलवार वैष्णवों में केवल एक ही स्त्री संत हुई। इस एकमात्र आलवार स्त्री संत का नाम 'अंतल' या अंडाल था, जिसने भगवान विष्णु के साथ अपने दिव्य मिलन की कामना की थी और अंततः विष्णु ने उसे अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया था। अंतल की कविताओं में स्त्रियों के उत्पीड़न के ख़िलाफ़ उनका विरोध मिलता है। कई अन्य महिला संतों ने भी उसका अनुसरण किया, लेकिन उन महिला संतों का विवरण नहीं मिलता। शायद हों भी, पर उनको अलवार वैष्णवों ने उभरने नहीं दिया होगा। अगर अंतल की कविताओं में स्त्री-उत्पीड़न का विरोध है तो फिर विष्णु की मूर्ति के साथ उसके विवाह की बात विश्वसनीय नहीं हो सकती। यह एक मिथक के सिवा कुछ नहीं है। मूर्ति चाहे किसी भी भगवान की हो, वह विवाह नहीं कर सकती। हो सकता है, इसी तरह देवदासी बनाने की प्रथा की शुरुआत की गई हो या फिर अंतल ने किसी विष्णु नाम के युवक से विवाह किया होगा। निश्चित रूप से यह काम अंतल के लिए सहज नहीं रहा होगा, समाज ने उसका उत्पीड़न किया होगा, जो उसकी कविताओं में अभिव्यक्त भी हुआ है। यह उत्पीड़न दमन की सीमा तक गया होगा, जिसके कारण आलवार संतों में फिर किसी स्त्री को प्रवेश नहीं मिला। इसी तरह पांचवीं सदी की नयनार स्त्री संतों में करेकक्ल अम्मायर का उल्लेख मिलता है, जो एक धर्मपरायण व्यापारी की सुंदर पुत्री थी। वह शिव भक्त थी।

शिव ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसके हाथ में स्वादिष्ट आम प्रकट कर दिए, जो जादुई ढंग से गायब भी हो गए। यह सब जब उसके पति ने देखा, तो उसने उसे त्याग दिया और वह दूसरी पत्नी ले आया। अम्मायर को लगा कि अब उसके सुंदर शरीर का कोई उपयोग नहीं है, इसलिए उसने शिव से अपने शरीर को कंकाल में बदलने की प्रार्थना की। शिव ने उसकी प्रार्थना स्वीकार कर ली। शिव ने उसे भूतनी बनाकर अपने दल में शामिल कर लिया। वह अलंकतु के श्मशान में रहने लगी, जहां शिव नृत्य करते थे और वह भजन गाती थी। उसकी चार कविताएं मिलती हैं, जिनमें एक यह है-उसके स्तन सिकुड़े हुए हैं/ और नसें उभरी हुई हैं / सफेद दांतों की जगह खाली गुहाएं हैं।/पेट पर सुर्ख बालों के साथ/ नुकीले दांतों की एक जोड़ी/ गांठदार टखने और लंबी पिंडलियों के साथ/ एक भूतनी उजाड़ श्मशान में विलाप करती है /मजहां हमारे भगवान के लटकते उलझे बाल आठों दिशाओं में उड़ते हैं / जब वह आग की लपटों के बीच नृत्य करते हैं और अपने अंगों को ताजा करते हैं। इस कविता में करिक्कल अम्मायर की देह के कंकाल में बदलने का चित्रण है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसे जबरन भूतनी या चुड़ैल घोषित करके, श्मशान भूमि में छोड़ दिया गया हो । कोई देवता किसी को न भूतनी बनाता है और न किसी के शरीर को कंकाल में बदलता है। यह भी संभव है कि पुरुष समाज ने उसे उस विद्रोह का दंड दिया हो, लेकिन इस दमन के बावजूद स्त्री-विद्रोह कम नहीं हुआ और अनेक नयनार स्त्री संतों ने लोकप्रियता हासिल की।

स्त्रियों की तरह ही शूद्र संतों का उभार भी मनु की व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह था। जिन शूद्रों का धर्मोपदेश करने पर जीभ काटने का विधान मनु ने बनाया था, वे शूद्र भक्ति काल में बड़ी संख्या में संत बनकर उभरे। यह भी एक बड़ी सामाजिक क्रांति थी कि उन्होंने समानता और प्रेम को स्थापित करने पर जोर दिया, जो ब्राह्मण धर्म में था ही नहीं और जिसे ब्राह्मण धर्म आज भी नकारता है। भक्ति-आंदोलन की सात मुख्य उपलब्धियां हैं : एक, उसमें संस्कृत के विरुद्ध लोक भाषा को अपनाया, दो, उसने ब्राह्मण की श्रेष्ठता को स्वीकार नहीं किया, तीन, उसने लैंगिक भेदभाव खत्म किया, चार, मंदिर की अनिवार्यता खत्म की, पांच, पशुओं के प्रति अहिंसा-भाव पैदा किया, जिनकी वैष्णव-धर्म में क्रूरता से बलि दी जाती थी, छह, पोथी-पत्रा में विश्वास खत्म किया, और सात, परलोक का खंडन किया और लोक पर जोर दिया।"

(कालीकट यूनिवर्सिटी में 22 अक्टूबर को दिया गया लेखक का चर्चित व्याख्यान)

## इरफान सोलंकी के मामले की सुनवाई आज होगी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर के सीसामऊ से सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की सजा के खिलाफ अपील और जमानत पर सुनवाई टालते हुए इरफान सोलंकी को संशोधन आवेदन दाखिल करने के लिए समय दिया है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार का पक्ष रखते हुए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने प्रारंभिक आपत्ति जताते हुए कहा कि वर्तमान आपराधिक अपील सीआरपीसी की धारा 374(2) के तहत दाखिल की गई है। इस पर अपीलकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट से संशोधन आवेदन दाखिल करने के लिए समय की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने 24 घंटे का समय दिया है। अब सुनवाई बुधवार 6 नबंवर को की जाएगी।

### अखिलेश यादव ने साधा निशाना तो पूर्व पुलिस अधिकारियों ने भी दी प्रतिक्रिया

# डीजीपी चयन की नई व्यवस्था पर छिड़ी बहस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में डीजीपी चयन की नई व्यवस्था पर बहस छिड़ गई है। मंत्रिमंडल में सोमवार को इस बाबत पास हुए एक प्रस्ताव को लेकर जहां सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा है तो वहीं, कुछ पूर्व आईपीएस अधिकारियों ने भी प्रतिक्रियाएं दी हैं। प्रदेश सरकार को अब स्थायी तौर पर डीजीपी की नियुक्ति के लिए यूपीएससी से मंजूरी की जरूरत नहीं होगी।

मालूम हो कि, प्रदेश में लगभग तीन वर्षों से स्थायी डीजीपी की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। नई नियमावली बनने के बाद अब सरकार को स्थायी तौर पर डीजीपी की नियुक्ति के लिए यूपीएससी से मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी की नियुक्ति को लेकर वर्ष 2006 में एक याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस व्यवस्था को सभी दबाव से मुक्त करने के लिए प्रदेश सरकार से कानूनन नई व्यवस्था बनाने की अपेक्षा की थी। उसके बाद पंजाब, तेलंगाना व आंध्र प्रदेश सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के संबंध में नियमावली बना रखी है।

इस फैसले पर विपक्षी दल सरकार पर हमला बोल रहे हैं। यह भी चर्चा है कि ताजा फैसला व्यवस्था में दखल देने जैसा है, जोकि गलत है। ऐसी तमाम चर्चाओं पर अपना तर्क रखते हुए पूर्व डीजीपी एके जैन ने कहा कि राज्य सरकार को अधिकार है कि सरकार की मंशा के अनुरूप पुलिस विभाग काम करें। इसलिए मुख्यमंत्री को अधिकार होना चाहिए कि कौन डीजीपी बनेगा। हालांकि, पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह का तर्क इससे अलग है। उनका तर्क है कि एक याचिका पिछले दिनों कार्यरत डीजीपी को लेकर डाली गई थी, उससे बचने के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है।

हालांकि उनको आशंका है कि न्यायिक मंच पर यह टिक नहीं पाएगा। प्रदेश सरकार अभी तक डीजीपी की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को नामों का एक पैनल भेजती थी, जिस पर केंद्र सरकार अपना निर्णय लेती थी। हालांकि उप्र. मंत्रिमंडल के फैसले के बाद अब यूपीएससी को पैनल नहीं भेजना पड़ेगा।

प्रदेश सरकार ने डीजीपी का कार्यकाल 2 साल के लिए तय कर दिया है। डीजीपी की नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी, जो कमेटी डीजीपी के नाम पर अपना निर्णय लेगी।

### प्रशांत कुमार हो सकते हैं स्थायी डीजीपी



लखनऊ। अस्थायी डीजीपी के रूप में कार्यरत प्रशांत कुमार का कार्यकाल 6 महीने से ज्यादा बचा हुआ है। 31 मई 2025 को प्रशांत कुमार सेवानिवृत्त हो रहे हैं। माना जा रहा है कि आने वाले समय में उन्हें स्थायी डीजीपी बनाते हुए दो साल का कार्यकाल और सौंपा जा सकता है। 11 मई 2022 को तत्कालीन डीजीपी मुकुल गोयल को सरकार ने हटा दिया था। उनकी जगह डीएस चौहान को अस्थाई डीजीपी बनाया गया। अस्थायी डीजीपी में आईपीएस डीएस चौहान, आरके विश्वकर्मा, विजय कुमार और मौजूदा प्रशांत कुमार शामिल हैं।

### अखिलेश ने एक्स पर सरकार को घेरा



लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को इस निर्णय पर सरकार को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, सुना है किसी बड़े अधिकारी को स्थायी पद देने और उसका कार्यकाल दो साल बढ़ाने की व्यवस्था बनायी जा रही है। सवाल यह है कि व्यवस्था बनाने वाले खुद दो वर्ष रहेंगे या नहीं। यह भी कहा, कहीं यह दिल्ली के हाथ से लगाम अपने हाथ में लेने की कोशिश तो नहीं है।

## सार-संक्षेप

### पर्यटन सत्र 2024-25 की शुरुआत आज से

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार पर्यटन सत्र 2024-25 की 6 नवंबर से शुरुआत करने जा रही है। हालांकि, भविष्य में पर्यटन सत्र की शुरुआत 01 नवम्बर से की जाएगी। इस निर्णय के साथ यह भी निर्देश दिए गए हैं कि, फुल डे सफारी के लिए भी एक निश्चित संख्या में वाहनों को दी जाए ताकि लोग आक्सीजन बाथ के साथ-साथ वाइल्ड लाइफ का भी आनन्द ले सकें। साथ ही दुधवा टाइगर रिजर्व में मंगलवार के साप्ताहिक अवकाश को भी खत्म करने के निर्देश दिए है, जिससे लोगों को अन्य टाइगर रिजर्व की तरह दुधवा टाइगर रिजर्व में भी सप्ताह के सातों दिन ईको पर्यटन का अवसर प्राप्त हो सके। 6 नवंबर को सभी जिलों में ईको टूरिज्म स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन कर आम जनता को ईको पर्यटन का आनन्द उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महत्वपूर्ण स्थलों जैसे दुधवा टाइगर रिजर्व, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अमानगढ टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट, रानीपुर टाइगर रिजर्व, वन्य जीव विहार, नवाबगंज, उन्नाव, साण्डी पक्षी विहार, हरदोई आदि पक्षी विहारों पर मंत्री, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों प्रतिभाग करेंगे।

### किशानों के लिए खाद की पर्याप्त उपलब्धता हो: योगी



**लखनऊ, अमृत विचार :** योगी ने निर्देश दिया कि आगामी दिनों में किसानों को खाद की आवश्यकता होगी, कृषि और सहकारिता विभाग मिलकर यह सुनिश्चित करें कि खाद की पर्याप्त उपलब्धता हो और सभी किसानों को यह आसानी से मिल जाए। यह सुनिश्चित करें कि खाद की कालाबाजारी न हो। यह भी निर्देश दिया कि मेडिकल कॉलेज में लगाए जा रहे उपकरणों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप हो। खराब गुणवत्ता व अधोमानक उपकरणों की आपूर्ति पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाए।

### गुटखा कंपनियों को भारी पड़ेगी जीएसटी की चोरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में तंबाकू, पान मसाला और गुटखा बनाने वाली कंपनियों पर अब जीएसटी की चोरी करना भारी पड़ने वाला है। इस तरह के उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को राज्य जीएसटी में भी अपनी मशीनों का पंजीकरण कराना होगा। हर मशीन के उत्पादन का विवरण रिटर्न दाखिल करते हुए देना होगा। पंजीकरण न कराने पर हर मशीन पर एक लाख रुपये राज्य कर विभाग जुर्माना लगा सकता है। सोमवार को कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश 2024 को स्वीकृति दिलाकर नई धारा-122 क को जोड़ा गया है। इसके तहत जो कंपनियां इस धारा का उल्लंघन करेंगी, उन पर प्रति मशीन एक लाख रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही मशीन को सील भी कर दिया जाएगा।

### राहुल गांधी के मानहानि के केस में फिर टली सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया था। परिवादी विजय मिश्र के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। 31 अक्टूबर को कोर्ट में अवकाश होने के कारण सुनवाई मंगलवार को होनी थी। परिवादी से शेष जिरह के लिए 23 नवम्बर की तारीख नियत की गई है।

### महानिदेशक परिवार कल्याण बने डॉ.रतन पाल सिंह

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में परिवार कल्याण विभाग का महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन को बनाया गया है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने मंगलवार को आदेश जारी किया है। नियुक्ति आदेश मिलने के बाद दोपहर में ही नवनियुक्त डीजी परिवार कल्याण डॉ.रतन पाल सिंह ने कार्यवाहक महानिदेशक डॉ.दिनेश कुमार से पदभार ग्रहण किया।

# महाकुम्भ से जुड़ी परियोजनाओं को दें शीर्ष प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

### काशी, मथुराऔर अयोध्या में सुरक्षा व सुविधा की समीक्षा के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजट प्राविधान के सापेक्ष शासन द्वारा जारी स्वीकृतियों, आवंटन और भारत सरकार से प्राप्त धनराशि की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। महाकुम्भ से जुड़ी परियोजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए कहा कि काशी, मथुरा, विन्ध्यधाम और अयोध्या में सुरक्षा व सुविधा की समीक्षा करें।

अपने आवास पर हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने व्यापक जनहित के विकास कार्यों में तेजी लाने, परियोजनाओं की गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने सहित कई दिशा-निर्देश दिए। कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 7 माह व्यतीत हो चुके हैं। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग महाकुम्भ से जुड़ी विभागीय परियोजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता दें।

महाकुम्भ में आने वाले बहुतायत श्रद्धालु और पर्यटक काशी, अयोध्या, मथुरा और विंध्यवासिनी धाम भी जाएंगे, ऐसे में इन पवित्र स्थलों की सुविधा और सुरक्षा की भी गहन समीक्षा की जाए। बीडा के विकास में तेजी लाएं। कहा कि लगातार प्रयासों से प्रदेश का सीडी रेशियो 60 फीसदी हो गया है। इसी प्रकार सभी जिलों को प्रयास करना होगा। हर जिले में स्थानीय अधिकारी बैंकों के साथ संवाद बनाएं, लोगो को लाभ दिलाएं। हर जिले का सीडी रेशियो कम से कम राज्य औसत के बराबर होना चाहिए। कर करेत्तर के बाद बजट को लेकर हुई बैठकों में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे।

### आपात स्थितियों से निपटेगा भीष्म क्यूब अस्पताल

**लखनऊ, अमृत विचार :** महाकुम्भ-2025 में आपात स्थितियों से निपटने के लिए राज्य सरकार पहली बार अत्याधुनिक तकनीक से युक्त क्रांतिकारी मोबाइल अस्पताल भीष्म क्यूब तैनात कर रही है। इसके पहले इसी साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान इसका प्रयोग किया गया था। प्रयागराज के संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ. वीके मिश्रा ने बताया कि एक भीष्म (बैटलफील्ड हेल्थ इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर मेडिकल सर्विसेज) क्यूब 200 लोगों का एक साथ उपचार कर सकता है। भीष्म क्यूब में सर्जिकल सुविधाएं, डायग्नोस्टिक टूल्स और रोगी के देखभाल से संबंधित सभी सुविधाएं मौजूद हैं। ये बेहद मजबूत, वॉटरप्रूफ और हल्के हैं। इससे तुरंत इलाज की सुविधा शुरू की जा सकती है।

## लक्ष्मी कॉटसिन की 31.94 करोड़ रुपये के 86 भूखंड कुर्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कानपुर की दिवालिया हो चुकी श्री लक्ष्मी कॉटसिन लि. कंपनी की 31.94 करोड़ रुपये के 86 भूखंड की कुर्की की। कंपनी पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व में 10 बैंकों के गठजोड़ से 6,833 करोड़ रुपये धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में लगातार कार्रवाई कर रही है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुताबिक कानपुर की दिवालिया कंपनी के खिलाफ अगस्त 2021 में सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व में 10 बैंकों से गठजोड़ कर 6,833 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में चेयरमैन-सह-प्रबंध निदेशक माता प्रसाद अग्रवाल के अलावा, कंपनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक और गारंटर पवन कुमार अग्रवाल, निदेशक एवं गारंटर शारदा अग्रवाल तथा और उप प्रबंध निदेशक देवेश नारायण गुप्ता को भी सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम राजीव खुराना की शिकायत पर आरोपी बनाया है।

## बसपा के स्टार प्रचारकों की सूची में मायावती, सतीशचंद्र समेत 40 नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। मंगलवार को जारी बसपा के 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा को स्थान मिला है। इस सूची में भाई आनंद कुमार के साथ भतीजे आकाश आनंद को भी शामिल किया गया है।

सूची में पार्टी के युवा नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद का स्थान तीसरा है। आनंद कुमार महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की कमान संभालेंगे, तो मायावती व आकाश तीनों राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। आकाश यूपी उपचुनाव के प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मायावती ने भाई आनंद कुमार को हरियाणा विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी थी। अब महाराष्ट्र और झारखंड में उन्हें उन्हें चुनाव प्रचार के लिए लगाया गया है।

### सूची में शामिल नाम

सूची में मायावती, सतीश चंद्र मिश्र, आकाश आनंद के अलावा विश्वनाथ पाल, समसुद्दीन राईन, सतपाल पीपला, नरेश गौतम, दारासिंह प्रजापति, मौलाना जमीन अहमद कासमी, मौलाना सालिम कुरैशी, पुष्पांकर पाल, सत्य प्रकाश, प्रेमचंद्र गौतम, रविंद्र गौतम, विजेंद्र कश्यप, रवि सहगल, जनेश्वर प्रसाद, सतीश कुमार, सुनील जाटव, कुलदीप बालियान, मो. आसिफ, आजाद मावी, कुलदीप प्रधान, श्रीपाल पाल, इंतेजार राना, राहुल ठाकुर, प्रशांत गौतम, सुशील वर्मा, रणवीर सैनी, अनिल कुमार उर्फ पप्पू, कुलदीप प्रधान, आशीर्वाद आर्या, अमित त्यागी, देवीदास जयंत, आनंद प्रकाश, जगपाल ननौता, राकेश पाल, ऋषिपाल तोमर और मास्टर विजय पाल शामिल हैं।


## वर्ग पहेली-243

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा
3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



### वर्ग पहेली -242 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भे | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

# आत्मनिर्भर बनाएंगे 11 नए निजी टेक्सटाइल पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चीन सहित अन्य देशों व दूसरे प्रदेशों से नहीं मंगाना पड़ेगा कच्चा माल

**अमृत विचार :** प्रदेश को टेक्सटाइल हब बनाने के लिए 11 नए निजी टेक्सटाइल पार्क गोरखपुर, अलीगढ़, बागपत और शामली आदि जिलों में बनाए जाएंगे। इससे चीन सहित अन्य देशों या दूसरे प्रदेशों से यहां कच्चा माल आदि नहीं मंगाने पड़ेंगे।


उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग नीति-2022 के तहत प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग आलोक कुमार की अध्यक्षता में शासकीय स्वीकृति समिति की बैठक में निजी टेक्सटाइल पार्क के विकास के लिए आयनेक्स टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड सैद्धान्तिक (एलओसी) स्वीकृति दी गई। पार्क के निवेशकर्ता द्वारा करीब 126.61 करोड़ रुपये की लागत से आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

पार्क अगले साल दिसंबर तक क्रियाशील होगा, जिसमें 600 करोड़ रुपये का निवेश और 5,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। प्रस्तावित पार्क शामली के कैराना तहसील के गांव झिंझाना में 26.75 एकड़ भूमि पर बनेगा, जिसमें वीविंग, डाइंग, प्रिंटिंग और गारमेंट की इकाइयों सहित कुल 17 इकाइयां लगेंगी। पार्क में प्रशासनिक भवन, बैंक/एटीएम, प्रशिक्षण एवं परीक्षण केंद्र, विश्राम गृह, कैंटीन, फर्स्ट एड सेंटर जैसी सामान्य सुविधाओं के साथ-साथ डामर सड़क नेटवर्क आदि सुविधाएं होंगी।

# महाकुंभ में गैर हिंदुओं के आने पर रोक नहीं

संवाददाता, अमेठी

- मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद बोले-सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है



**अमृत विचार :** प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में सभी धर्मों के लोगों को आने की पूरी छूट है। यह बात मंगलवार को यहां प्रदेश सरकार में मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद ने पत्रकारों से कही। यह जवाब उन्होंने संतों के बयान पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर दिया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में संतों ने प्रदेश सरकार से महाकुंभ में गैर हिंदुओं के आने पर रोक लगाने की मांग की थी।

मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद ने कहा कि सभी धर्म के लोगों ने मिलकर सरकार बनाई है। सरकार बिना भेदभाव के सबके लिए काम कर रही है। प्रयागराज महाकुंभ में सभी धर्म के लोगों को आने की छूट है। उपचुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'कटेंगे तो बटेंगे' बयान पर कहा कि यह सही बात है। पिछली सरकारों में हिंदू-मुसलमान दंगे होते थे। सूबे में अब योगी सरकार है। हर तरफ शांति हो गई है। राष्ट्र के नाम पर सभी एक हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने अखिलेश यादव पर भी जमकर साधा निशाना। कहा कि अखिलेश सिर्फ ट्वीट ही करते हैं और तोड़ने का काम करते हैं। हमारी सरकार सभी को जोड़ने का काम करती हैं।

इससे पूर्व मत्स्य पालन मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिले में सभी तालाबों को दुरस्त कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी तालाबों का आवंटन किया जाए, जिससे मत्स्य पालकों को किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। मत्स्य पालकों को भी आयुष्मान गोल्डन कार्ड का लाभ दिया जाए। कहा कि सरकार आधुनिक तरीके से मत्स्य पालन करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रही है। इससे मछली पालकों को भी बड़ा फायदा होगा। बड़े-बड़े तालाबों और पोखरों को मत्स्य पालन के लिए उपयोग किया जाएगा। बैठक में डीएम निशा अनंत, एसपी अनूप सिंह और भाजपा के जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र समेत मत्स्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सुडोकू-156

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 9 | | 1 |
| | | 7 | | 5 | | | 4 | 2 |
| | | 5 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 4 | 9 | | | 7 | 5 |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| 7 | 4 | | | 2 | 6 | | | 8 |
| | | 2 | | 6 | | 8 | | |
| 6 | 3 | | | 7 | | 5 | | |
| 9 | | | | | | | 1 | |

### सुडोकू - 155 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 7 | 9 | 2 | 6 | 8 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 5 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 नवंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 7 नवंबर 00 .41 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 11.00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** – आज दोपहर के बाद आपके सभी काम सफल होंगे। फाइनेंस से जुड़े हुए मामलों की परेशानी दूर होगी। किसी बड़ी कंपनी से जॉब मिल सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृष** – आज सहकर्मी आपके साथ धोखा कर सकते हैं। मानसिक रूप से थकान महसूस होगी। महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स किसी कारण लंबित हो सकते हैं। क्लाइन्ट्स के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। किसी पर भी आंख-मूंदकर भरोसा न करें।

**मिथुन** – आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। लोग आपकी विचारधार से काफी सहमत रहने वाले हैं। आपकी तीव्र बुद्धि की प्रशंसा होगी। अपनी दिनचर्या में कुछ सुधार कर सकते हैं। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ाएगा।

**कर्क** – आज अपना आत्मविश्वास बनाकर रखें। प्रेमी जन आपके प्रति आकर्षित रहेंगे। किसी बड़ी योजना में धन निवेश कर सकते हैं। बुजुर्ग लोगों की सेवा में मन लगाएंगे, जो लोग आपके प्रति नकारात्मक भाव रखते थे, वे आपकी प्रशंसा करेंगे।

**सिंह** – आज साझेदारी में नया व्यवसाय में शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश लाभकारी रहेगा। जीवनसाथी के साथ एकांत में समय बिताना पसंद करेंगे। आपकी बनाई हुई कोई योजना सफल होने की संभावना है।

**कन्या** – आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में असावधानी होने की संभावना है। दोस्तों के साथ किसी विशेष विषय पर चर्चा करेंगे। घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें। मन उमंग-उत्साह से भरपूर रहने वाला है।

**तुला** – आज आपका दिन काफी शुभ रहने वाला है। मित्रों और दूरस्थ परिजनों के साथ वीडियो कॉल कर सकते हैं। जिस कार्य को हाथ में लेंगे उसे पूरा लेकर ही दम लेंगे। यदि अपने करियर से प्रसन्न नहीं हैं तो बदलाव के विकल्पों पर गौर कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज उच्च शिक्षा में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। शरीर में पित्त बढ़ने के कारण बुखार और दर्द की शिकायत हो सकती है। जीवनसाथी से बातें न छिपाएं। कार्यक्षेत्र में अनुशासन बनाकर रखें। आपको मेहनत का यथोचित परिणाम नहीं मिलेगा।

**धनु** – आज अधिकारी आपका वेतन बढ़ा सकते हैं। आपके पुराने योगदान की प्रशंसा होगी। प्रेम संबंधों को लेकर काफी ध्यान रखने की आवश्यकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलेगी। घरेलू कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे।

**मकर** – आज कुछ समय एकांत और शांति से बिताएं। गृहस्थ जीवन में थोड़ी अशांति हो सकती है। नजदीकी लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत के कारण मानहानि हो सकती है। मेहनत से आपको समझौता नहीं करना चाहिए।

**कुंभ** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। बड़ी परेशानियों से आपको छुटकारा मिल सकता है। परिवार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां आपको मिल सकती हैं।

**मीन** – आज धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। वाणी और व्यवहार में संतुलन रखें। सरकारी कार्यों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। विरोधी आपके सामने नतमस्तक रहेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- प्यार की कहानी – सुबह : 08 .40
- सिंह इज किंग – शाम : 06 .23

**&pictures**
- मक्खी – सुबह : 11.36
- सूर्यवंशी – रात : 07 .30

**Sony Pix**
- एनाकोंडा – सुबह : 11.32
- स्पाइडर मैन – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- रमैया वस्तावैया – दोपहर : 12 .15
- आरआरआर – रात : 08 .00

**Zee Action**
- सरदार गब्बर सिंह – सुबह : 10 .46
- जलजला – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- बच्चों जब तुम सब बड़े हो जाओगे तो इस फोटो को देखकर कहोगे...
ये रहा राजू जो अमेरिका चला गया, ये रहा रवि जो अब लंदन में जॉब करता है और ये रहा नंदू जो यहीं का यहीं रह गया।
ये बात सुनकर नंदू बोला- और ये रही हमारी मैडम,जिनका देहांत हो गया।
नंदू की फिर तगड़ी कुटाई हुई।

बॉयफ्रेंड- तुम इतनी टेंशन में क्यों हो?
गर्लफ्रेंड- यार मैंने 50 पैसे का सिक्का कल निगल लिया था।
बॉयफ्रेंड- इसमे टेंशन की क्या बात है, आजकल 50 का सिक्का लेता कौन है?

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2415, राज श्री 1890, फ़ॉर्चून कि. 2330, रविन्द्रा 2380, फॉर्चुन ली. 2150, जय जवान 2080, सचिन 2135, सूरज 2105, अवसर 2170, राग गोल्ड 2275, गृहणी ली 2165, क्लासिक (किलो) 2265, मोर 2275, चक्र टिन 2185, ब्लू 2335, आशीर्वाद मस्टर्ड 2310, स्वास्तिक 2385 ।किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 16000, जीरा 31000, लाल मिर्च 18000-21000, धनिया 8500-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 ।चावल-( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4700, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 7500, राजभोग 6950, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10300, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8500, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 ।दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8550, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12900, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 11000, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11700, अरहर पटका छोटा 15000-15600, अरहर कोरी छोटी 16000 । चीनी-डालमियां 4200, पीलीभीत 4180, नवाबगंज 4160, बहेड़ी 4180 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 80900 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 79900 |
| सिल्वर ( पक्की) | 959 (अनुमानित) |

# 7 देशों से आने वाले पीवीसी रेजिन पर लगेगा डंपिंग रोधी शुल्क

### वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने की आयात पर शुल्क की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत में सामान्य मूल्य से कम कीमत पर हुआ निर्यात, जिसके परिणामस्वरूप हुई डंपिंग

वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने घरेलू उत्पादकों को संरक्षण देने के लिए चीन, अमेरिका और द. कोरिया सहित सात देशों से पीवीसी रेजिन के आयात पर 339 डॉलर प्रति टन तक डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश दी है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने निष्कर्ष निकाला है कि पीवीसी सस्पेंशन रेजिन को भारत में सामान्य मूल्य से कम कीमत पर निर्यात किया गया जिसके परिणामस्वरूप डंपिंग हुई है।

निदेशालय की अधिसूचना में कहा गया है कि इन देशों चीन, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, ताइवान,



थाईलैंड और अमेरिका से आयात से घरेलू उद्योग को भारी नुकसान हुआ है। तदनुसार प्राधिकरण आयात पर अस्थायी डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करता है। अनुशंसित शुल्क 25 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से लेकर 339 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के बीच है। शुल्क लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। डीजीटीआर ने डीसीएम श्रीराम और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड सहित घरेलू कंपनियों से मिले आवेदनों के बाद जांच की थी। इन रेजिन का इस्तेमाल विभिन्न क्षेत्रों में होता है, जिनमें पाइप व फिटिंग, फिल्म और शीट, बोतलें, तार और केबल हैं। डंपिंग रोधी जांच कई देशों द्वारा यह पता लगाने के लिए की जाती है कि सस्ते आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योगों को नुकसान तो नहीं पहुंचा है। जवाबी कार्रवाई में वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत ये शुल्क लगाते हैं। शुल्क का मकसद निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करना तथा विदेशी उत्पादकों व निर्यातकों के मुकाबले घरेलू उत्पादकों को समान अवसर उपलब्ध कराना है।

# सीएजीआर : निवेश के लिए एक मूल्यवान संकेतक

सीएजीआर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) एक महत्वपूर्ण वित्तीय मीट्रिक है, जो यह दर्शाता है कि किसी निवेश का मूल्य एक निश्चित अवधि में औसतन कितनी दर से बढ़ा है। निवेशक सीएजीआर का उपयोग निवेश की वृद्धि की योजना बनाने, विभिन्न निवेशों की तुलना करने और वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मदद के लिए करते हैं। यह साधारण गणना न केवल निवेश के प्रदर्शन को स्पष्ट करती है, बल्कि भविष्य की संभावित वृद्धि का आकलन भी करने में सहायक होती है। हालांकि, इसे अकेले ही आधार के रूप में नहीं देखना चाहिए, क्योंकि इसके साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं। आइये इसके बारे में जाने...



### महत्व और भूमिका

- **विकास का स्पष्ट माप :** सीएजीआर यह समझने में मदद करता है कि निवेश समय के साथ कैसे बढ़ा है। यह स्पष्टता प्रदान करता है कि क्या निवेश लक्ष्यों को पूरा कर रहा है।
- **योजनाबद्ध निवेश :** सीएजीआर के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। यदि जानते हैं कि निवेश की औसत वार्षिक वृद्धि दर क्या है, तो आप वित्तीय योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से तैयार कर सकते हैं।
- **निवेश की तुलना :** कई प्रकार के निवेश (जैसे स्टॉक्स, म्यूचुअल फंड्स, बॉण्ड्स) की सीएजीआर की तुलना करके, आप ये जान सकते हैं कि कौन सा विकल्प सबसे अच्छा है। इससे आप सही निर्णय ले सकते हैं।

### निवेशकों को लाभ

- **भविष्यवाणी में सहायक :** सीएजीआर का उपयोग करके आप अनुमान लगा सकते हैं कि भविष्य में आपका निवेश कितना बढ़ सकता है, जिससे आपको बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में मदद मिलती है।
- **सामान्य दृष्टिकोण :** सीएजीआर एक सामान्य दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिससे निवेशक विभिन्न निवेशों के प्रदर्शन की तुलना कर सकते हैं।
- **वास्तविकता का स्पष्ट चित्र :** यह निवेश के दीर्घकालिक प्रदर्शन को दर्शाता है, जो समय के साथ संभावित विकास का सही चित्र प्रदान करता है।

### जोखिम का रखें ध्यान

- **वास्तविकता से भिन्नता :** सीएजीआर बाजार की अस्थिरता को नहीं दर्शाता। कुछ वर्षों में गिरावट हो सकती है, और सीएजीआर इसको छुपा सकता है।
- **अवधि निर्भरता :** सीएजीआर उस अवधि पर निर्भर करता है जिसे आप चुनते हैं। छोटी अवधि में यह भ्रामक होता है।
- **अन्य कारक :** सीएजीआर में केवल मूल्य वृद्धि को मापा जाता है, लेकिन अन्य कारक जैसे डिविडेंड, शुल्क और बाजार को ध्यान में नहीं लिया जाता है।

### निवेशक कैसे करें जानकारी

- **गणना :** सूत्र का उपयोग करके सीएजीआर की गणना करें। आप अपनी निवेश रिपोर्ट्स या ऑनलाइन कैलकुलेटर का उपयोग कर सकते हैं।
- **वित्तीय विश्लेषण :** वित्तीय वेबसाइटों, निवेश मंचों, और फंड की वार्षिक रिपोर्ट से जानकारी लें। ये फंड्स व स्टॉक्स की सीएजीआर करने में मदद करेगा।

## आरआरबी के विलय का चौथा चरण, बैंकों की संख्या होगी 28

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्रालय के अनुसार, कई राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का किया जाएगा विलय

वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय का चौथा चरण शुरू कर दिया है, जिससे ऐसे बैंकों की संख्या 43 से घटकर 28 होने की संभावना है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, कई राज्यों में 15 ग्रामीण बैंकों का विलय होगा।

आरआरबी का विलय आंध्र प्रदेश में 4, उत्तर प्रदेश तथा प. बंगाल में 3 और बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा तथा राजस्थान में दो में किया जाएगा। तेलंगाना के मामले में ग्रामीण बैंकों का विलय आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक (एपीजीवीबी) की परिसंपत्तियों व देनदारियों को एपीजीवीबी और तेलंगाना ग्रामीण बैंक के बीच विभाजित करने के अधीन होगा। वित्तीय सेवा विभाग ने बैंकों के प्रमुखों को भेजे पत्र में कहा कि एक राज्य-एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के लक्ष्य को हासिल करने के लिए ग्रामीण बैंकों को और अधिक समेकित करने की जरूरत महसूस हो रही है।

## 18,000 फर्जी कंपनियों की 25,000 करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ाई

**नई दिल्ली।** कर अधिकारियों ने जीएसटी के तहत पंजीकृत 18,000 फर्जी कंपनियों का पता लगाया है, जो 25,000 करोड़ की कर चोरी में शामिल हैं। फर्जी कंपनियों के खिलाफ हाल ही में संपन्न राष्ट्रव्यापी अभियान में अधिकारियों ने 73,000 कंपनियों की पहचान की थी, जिनके बारे में उन्हें संदेह था कि वे बिना किसी वास्तविक माल की बिक्री के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाने को स्थापित हुई थीं और इस तरह ये कंपनियां सरकारी खजाने को चूना लगा रही थीं।

## सीबीडीटी ने दी देय ब्याज माफ करने या कम करने की अनुमति

**नई दिल्ली।** सीबीडीटी ने अधिकारियों को निर्दिष्ट शर्तों के अधीन करदाता के देय ब्याज को माफ करने या कम करने की अनुमति दी है। आयकर अधिनियम के तहत यदि करदाता किसी मांग नोटिस में निर्दिष्ट कर राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसे भुगतान करने में देरी के लिए 1 प्रतिशत प्रति माह की दर से ब्याज देना होगा। यह अधिनियम प्रधान मुख्य आयुक्त (पीआरसीसीआईटी) या मुख्य आयुक्त (सीसीआईटी) या प्रधान आयुक्त (पीआरसीआईटी) या आयुक्त रैंक के अधिकारियों को देय ब्याज राशि को कम करने या माफ करने का अधिकार भी देता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 4 नवंबर को जारी परिपत्र के जरिये ब्याज की मौद्रिक सीमा निर्दिष्ट की है।

- भुगतान करने में देरी के लिए 1 प्रतिशत प्रति माह की दर से देना होगा ब्याज

## खरीफ सत्र 2024-25 में चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 11.99 करोड़ टन रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कृषि मंत्रालय को गोदामों में अधिशेष स्टॉक के बीच रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद

कृषि मंत्रालय के मंगलवार को जारी पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार अच्छे मानसून के कारण खरीफ सत्र 2024-25 में भारत का चावल उत्पादन रिकॉर्ड 11 करोड़ 99.3 लाख टन रहने की संभावना है। सरकारी गोदामों में अधिशेष स्टॉक के बीच रिकॉर्ड उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। चावल का उत्पादन गत वर्ष खरीफ मौसम की तुलना में 66.7 लाख टन अधिक होने का अनुमान है।

मोटे अनाजों में, मक्का का उत्पादन दो करोड़ 45.4 लाख टन के उच्चस्तर पर पहुंचने का अनुमान है। यह पिछले साल के दो करोड़ 22.4 लाख टन से अधिक है। ज्वार का उत्पादन बढ़कर 21.9 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि बाजरा 93.7 लाख टन रहने की संभावना है। मोटे अनाज का उत्पादन एक साल पहले की पांच करोड़ 69.3 लाख टन के मुकाबले घटकर तीन करोड़ 78.1 लाख टन रहने का अनुमान है। मंत्रालय का अनुमान है कि खरीफ सत्र 2024-25 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 16.47 करोड़ टन रहेगा, जो पिछले साल के 15 करोड़ 57.6 लाख टन से ज्यादा है। दालों का उत्पादन 69.7 लाख टन की तुलना में स्थिर 69.5 लाख टन रहेगा, जबकि तिलहन दो करोड़ 41.6 लाख टन से बढ़कर दो करोड़ 57.4 लाख टन रहेगा।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### संजय वर्मा बने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक

**मुंबई।** आईपीएस अधिकारी संजय वर्मा को रश्मि शुक्ला की जगह मंगलवार को महाराष्ट्र का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुक्ला को डीजीपी पद से हटा दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि महानिदेशक (विधि एवं प्रौद्योगिकी) के तौर पर कार्यरत वर्मा 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

### झारखंड : वाहन की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में वाहन की चपेट में आने से दो महिलाओं और बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार को भूभाई गांव में गोला-रजरप्पा रोड पर उस समय हुई जब लोग सोहराई त्योहार मना रहे थे कि तभी वाहन ने उन्हें कुचल दिया।

# झामुमो फुस्स पटाखा, भाजपा शक्तिशाली रॉकेट

### रक्षामंत्री राजनाथ ने रांची के हटिया में चुनावी रैली में राज्य सरकार पर किया कटाक्ष

**झारखंड विस चुनाव**

- बोले- झामुमो का मतलब जमकर मलाई मारो, ये गठबंधन आदिवासियों का खून चूसता है

रांची, एजेंसी

झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को दीपावली के फुस्स पटाखे करार देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है जो झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। सिंह ने राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए रांची के हटिया में आयोजित चुनावी रैली में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू झामुमो को छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद स्पष्ट हो गया है कि राज्य में कौन सरकार बनाएगा।



रांची के चुनावी सभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को माला पहनातीं महिला कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद अब दीपावली के फुस्स पटाखे हैं। भाजपा शक्तिशाली रॉकेट है जो झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। राज्य की सत्ताधारी पार्टी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर कटाक्ष करते हुए सिंह ने कहा कि झामुमो का मतलब जमकर मलाई मारो है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो आदिवासियों का खून चूसता है और उनके हितों के खिलाफ काम करता है। मैं हेमंत से पूछता हूं कि घुसपैठिए राज्य में क्यों आ रहे हैं? राज्य की आदिवासी आबादी घटकर 28 फीसदी क्यों रह गई? भाजपा को दो कार्यकाल दीजिए, झारखंड विकसित राज्यों में होगा। हम झारखंड में न सिर्फ सरकार बदलेंगे बल्कि व्यवस्था भी बदलेंगे।

### भाजपा ने 30 बागियों को दिखाया बाहर का रास्ता

**रांची।** झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशन पर महामंत्री व सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे 30 बागी नेताओं को पार्टी से 6 वर्षों के लिये निष्कासित किया है। प्रदेश कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार चंद्रमा कुमारी पलामू, कुमकुम देवी हजारीबाग, लक्ष्मी देवी पलामू, जूली यादव दुमका, बलवंत सिंह लातेहार, अरविंद सिंह खरसावां, बटेश्वर मेहता हजारीबाग, भैय्या बांके बिहारी हजारीबाग, चितरंजन साव बोकारो, कर्नल संजय सिंह पलामू, हर्ष अजमेरा हजारीबाग, हजारी प्रसाद साहू रांची ग्रामीण आदि बागी नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

## न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब हमेशा सरकार के खिलाफ फैसला सुनाना नहीं : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब हमेशा सरकार के खिलाफ फैसले देना नहीं है। एक कार्यक्रम में चंद्रचूड़ ने कहा कि कुछ दबाव समूह हैं जो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का इस्तेमाल कर अदालतों पर दबाव डालकर अनुकूल फैसले लेने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अर्थ अब भी सरकार से स्वतंत्रता है। लेकिन न्यायिक स्वतंत्रता के संदर्भ में यह एकमात्र चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के आने के बाद, आप हित समूह, दबाव समूह और ऐसे समूहों को देखते हैं जो अनुकूल निर्णय लेने के लिए अदालतों पर दबाव बनाने के



नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़।

- सीजेआई बोले- कुछ समूह मीडिया का प्रयोग कर दबाव डालकर अनुकूल फैसले की कोशिश करते हैं

उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। 10 तारीख को सीजेआई के पद से सेवानिवृत्त हो रहे चंद्रचूड ने कहा कि अगर न्यायाधीश उनके पक्ष में फैसला करते हैं तो ये दबाब समूह न्यायपालिका को स्वतंत्र बताते हैं।

चंद्रचूड़ ने कहा कि जब उन्होंने सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया और चुनावी बॉण्ड रद कर दिया तो उन्हें स्वतंत्र कहा गया। जब आप चुनावी बॉण्ड पर निर्णय करते हैं, तो आप स्वतंत्र होते हैं, लेकिन अगर फैसला सरकार के पक्ष में जाता है, तो आप स्वतंत्र नहीं हैं... यह मेरी स्वतंत्रता की परिभाषा नहीं है।

### किसी मामले का गुण-दोष मीडिया में चित्रण से अलग

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के मामले में जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई में देरी पर चंद्रचूड़ ने कहा कि किसी मामले का गुण-दोष उससे अलग होता है जैसा वह मीडिया में दिखाया जाता है। एक न्यायाधीश किसी मामले की सुनवाई करते समय अपने दिमाग का पूरा इस्तेमाल करता है और बिना पक्षपात के उसके गुण-दोष के आधार पर फैसला करता है। मीडिया में मामला महत्वपूर्ण हो जाता है और फिर उस पर अदालत की आलोचना होती है।

## विकीपीडिया को माध्यम के बजाय प्रकाशक क्यों न माना जाए : केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र ने पत्र लिखकर विकीपीडिया के प्रदान किए जानकारी में अशुद्धियों का किया उल्लेख

केंद्र ने विकीपीडिया को पत्र लिखकर उसके द्वारा प्रदान की गई जानकारी में पूर्वाग्रह और अशुद्धियों का उल्लेख किया है तथा पूछा है कि उसे सूचना प्रदान करने वाले माध्यम के बजाय प्रकाशक क्यों नहीं माना जाए। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र में कहा गया है, ऐसा विचार है कि एक छोटा समूह इसके पृष्ठों पर संपादकीय नियंत्रण रखता है। विकीपीडिया खुद को मुफ्त ऑनलाइन विश्वकोश के रूप में विज्ञापित करता है जहां हस्तियों, मुद्दों या कई विषयों पर स्वयंसेवक पेज बना या संपादित कर सकते हैं। जानकारी का यह स्रोत गलत एवं मानहानि युक्त सामग्री उपलब्ध कराने को लेकर भारत में कानूनी मामलों में उलझा हुआ है।

## तीन राज्यों में 20 स्थानों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** झारखंड के नींबू पहाड़ पत्थर खनन घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई ने तीन राज्यों के 20 स्थानों पर छापा मारा। अधिकारियों ने बताया कि मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजनीतिक सहयोगी भी संदेह के घेरे में है। केंद्रीय एजेंसी ने झारखंड, प. बंगाल और बिहार में 20 ठिकानों पर छापा मारा। संदिग्धों और उनके सहयोगियों के झारखंड के साहेबगंज में 13, रांची में तीन, गुमला और बिहार के पटना में एक-एक और बंगाल के कोलकाता में दो ठिकानों पर छापेमारी की गई।

## हाथियों की मौत का खुलासा एसिड युक्त खाया था कोदो

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ वन रेंज में जिन 10 हाथियों की मौत हुई ई थी उनके विसरा में न्यूरोटॉक्सिन साइक्लोपियाजोनिक एसिड मिला, लेकिन ये हाथियों को जहर' देने का मामला नहीं है। सरकार की गठित जांच दल का नेतृत्व कर रहे अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एल कृष्णमूर्ति ने बताया कि हाथियों के विसरा रिपोर्ट से पता चला है कि कोदो के पौधों का बड़ी मात्रा में सेवन करने से हाथियोंके शरीर में विषाक्तता उत्पन्न हुई। उमरिया जिले के बांधवगढ़ बाघ वन रेंज में 29 अक्टूबर को चार हाथी मृत मिले थे। बाद में हाथियों की संख्या बढ़कर 10 हो गई थी। कृष्णमूर्ति ने बताया कि हाथियों की विसरा रिपोर्ट मंगलवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली से प्राप्त हुई।

## बटेंगे तो घंटी और शंख भी नहीं बजाने देंगे : योगी

रांची, एजेंसी

झारखंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ताबड़तोड़ तीन रैलियां की। कोडरमा और बड़कागांव में योगी ने बटेंगे तो कटेंगे का नारा दोहराते हुए राज्य की झामुमो गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अपनी ताकत का अहसास कराइए जो पत्थर फेंकते है वो आपके लिए झाड़ू लगाकर रास्ता साफ करते दिखाई देंगे।

कुछ लोगों के बहकावे में आकर हमें जातियों में नहीं बंटना है। कांग्रेस और विपक्ष यही काम करती है। ये लोग बांग्लादेशी



- झारखंड विस चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की तीन रैलियां झामुमो पर जमकर साधा निशाना

घुसपैठियों, रोहिंग्या को बुला रहे हैं। एक दिन ये लोग आपको घर में भी घंटी और शंख नहीं बजाने देंगे। इसलिए एक रहिए और नेक रहिए। इतिहास गवाह है जब भी हम बंटे हैं, निर्ममता से काट दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने झामुमो गठबंधन पर माफियाओं को संरक्षण देने वाला बताते हुए कहा कि उनका बुलडोजर से सफाया कराने को भाजपा को वोट दें। उन्होंने कोडरमा में कहा कि झामुमो गठबंधन राज्य में भूमि, रेत, वन, खनन और शराब जैसे क्षेत्रों में माफिया को संरक्षण दे रहा है। जिस तरह औरंगजेब ने देश को लूटा और मंदिरों को नष्ट किया, उसी तरह झामुमो और आलमगीर आलम सहित उसके मंत्रियों ने लोगों को लूटा। बड़कागांव और जमशेदपुर में योगी ने कहा कि झामुमो, झारखंड में लव जिहाद और भूमि जिहाद' में लिप्त बांग्लादेशी घुसपैठियों को प्रवेश दे रही है। उन्होंने झामुमो गठबंधन पर विनाश और भ्रष्टाचार का अग्रदूत होने का आरोप लगाया।

## बिरला से मिला विपक्ष, पाल के प्रति जताया विरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति में शामिल विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर समिति के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा कथित तौर पर लिए जा रहे एकतरफा निर्णयों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने उनकी बात सुनी और उन्हें जल्द निर्णय लेने का आश्वासन दिया। टीएमसी सांसद और समिति सदस्य कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह बहुत अच्छी चर्चा थी। बिडला ने कहा कि वह इस मामले को देखेंगे। आप सांसद

**विधेयक पर आरोप-प्रत्यारोप**

- समिति अध्यक्ष व भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल पर एकतरफा निर्णय लेने का लगाया आरोप

संजय सिंह और द्रमुक सांसद ए राजा ने भी इसका उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह सार्थक बैठक थी। सूत्रों का कहना है कि सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को वह पत्र सौंपा है जिसमें पाल के एकतरफा फैसलों को लेकर विरोध दर्ज कराया गया है। ए राजा, मोहम्मद जावेद और इमरान मसूद, असदुद्दीन ओवैसी, संजय सिंह और तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी सहित विपक्षी सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष के नाम संयुक्त पत्र लिखा है।

### वक्फ के नोटिस का विरोध कर रहे किसानों से मिलेंगे पाल

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल गुरुवार को कर्नाटक का दौरा कर उन किसानों से मुलाकात करेंगे जो वक्फ संपत्तियों पर कथित तौर पर अतिक्रमण को लेकर पिछले दिनों नोटिस दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। बाद में ये नोटिस वापस ले लिए गए थे। पाल के कई अन्य लोगों से भी मिलने की संभावना है, जिनमें कर्नाटक प्रदेश भाजपा के वो कई नेता भी शामिल हैं जो इस मुद्दे को लेकर आक्रामक हैं। भाजपा सांसद और समिति सदस्य तेजस्वी सूर्या ने एक्स पर कहा, जेपीसी अध्यक्ष वक्फ की मनमानी से प्रभावित किसानों से बात करने के लिए हुबली और बीजापुर जाने के अनुरोध पर सहमति दी है।

## मंत्रियों की संख्या को लेकर सैनी सरकार को हाईकोर्ट में चुनौती

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नवाब सिंह सैनी की सरकार में मंत्रियों की संख्या सदन के सदस्यों की संख्या के 15 फीसदी अधिक होने को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायाधीश अनिल क्षेत्रपाल की खंडपीठ ने मंगलवार को याचिका पर केंद्र और हरियाणा सरकार को पक्ष रखने के लिए कहा। मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। वकील जगमोहन सिंह भाटी की तरफ से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 164(1ए) के अनुसार मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों की संख्या सदन के सदस्यों की संख्या के 15 फीसदी से अधिक नहीं हो सकती। हरियाणा विधानसभा के 90 सदस्य हैं और श्री सैनी ने अपने मंत्रिमंडल में 13 मंत्री शामिल किये हैं, जिससे मुख्यमंत्री को मिलाकर मंत्रियों की कुल संख्या 14 हो जाती है।

## जम्मू : मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

- जवाबी कार्रवाई के दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी हो गए घायल

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले में मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया जबकि दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने बांदीपोरा के चूंटपाथरी वन क्षेत्र में आतंकियों के होने की सूचना पर तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों ने पहले सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई हुई, जिसमें एक आतंकी मारा गया जबकि सेना और सीआरपीएफ के एक-एक जवान घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

### आतंकियों को पनाह देने वालों के घर होंगे जमींदोज : सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को चेतावनी दी कि आतंकियों को पनाह देने वालों के घरों को जमींदोज किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता के साथ खड़े होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर सुरक्षा बल, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन और लोग एकजुट हो जाएं तो एक साल में क्षेत्र से आतंकवाद का सफाया हो सकता है। बारामूला जिले में कार्यक्रम में उप राज्यपाल ने कहा कि निर्देश है कि वे निर्दोष को नुकसान न पहुंचाएं, दोषियों बख्शा नहीं जाएगा।

### हथियारों समेत आतंकवादी का सहयोगी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा शहर में घेराबंदी और तलाश अभियान के दौरान आतंकवादी के सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस, राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त टीमों ने बोंगम चोगुल गांव में आरोपी को पकड़ा। उसकी पहचान आशिक हुसैन वानी के रूप में हुई है। उसके पास से एक पिस्तौल, एक मैगजीन और सात कारतूस बरामद किये गये हैं।

## शाकिब अल हसन के बॉलिंग एक्शन की होगी जांच : ईसीबी

लंदन, एजेंसी



- इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मैदानी अंपायर्स के फैसले के बाद एक्शन को संदिग्ध पाए जाने पर कही जांच की बात

काउंटी चैंपियनशिप में सरी के लिए खेलने के दौरान अंपायर्स ने शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को लेकर दी गई रिपोर्ट के बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब से अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच करवाने के लिए कहा है। हालांकि शाकिब को खेलने से नहीं रोका गया है लेकिन यह पता चला है कि शाकिब के एक्शन की जांच कराने के लिए बातचीत चल रही है। यह जांच अगले कुछ सप्ताह में हो सकती है।

शाकिब के दो दशक लंबे करियर में यह पहली बार है जब उनकी गेंदबाजी एक्शन किसी तरह की जांच का विषय बना है। इस दौरान शाकिब ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 447 मैचों में 712 विकेट लिए हैं, जिसमें 71 टेस्ट में 246 विकेट शामिल हैं। सितंबर में टॉन्टन में सोमरसेट के खिलाफ खिताबी मुकाबले में 37 वर्षीय शाकिब ने नौ विकेट चटकाए थे। उस मैच में शाकिब ने 63 ओवर से अधिक की गेंदबाजी की थी लेकिन एक बार भी उनकी गेंदबाजी के दौरान थ्रो करने का हवाला देकर किसी गेंद को नो बॉल करार नहीं दिया गया था। अब यह बात निकलकर सामने आई है कि मैदानी अंपायर्स ने उनके गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध पाया था।

## एचआईएल के लिए नई वेबसाइट लांच और कार्यक्रम की हुई घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के 2024-2025 संस्करण के लिए मंगलवार को एक समर्पित लीग वेबसाइट का शुभारंभ किया गया तथा बहुप्रतिक्षित सीजन के कार्यक्रम की घोषणा की गई।

एचआईएल की नई वेबसाइट हॉकीइंडियालीग डॉटकॉम के जरिए, दुनिया भर के प्रशंसकों तक लीग की ताजा खबरें, मैचों के कार्यक्रम, पूरी टीम की सूची और एक्सक्लूसिव वीडियो कंटेंट की पहुंच आसान होगी। इस वेबसाइट को एक आकर्षक और इमर्सिव अनुभव देने के लिए तैयार किया गया है। वेबसाइट एचआईएल से जुड़ी सभी चीजें उपलब्ध होगी जो कि प्रशंसकों और खिलाड़ियों को पहले से कहीं अधिक हॉकी के करीब लायेंगी। खिलाड़ियों की व्यापक नीलामी के बाद, आठ पुरुष और चार महिला टीमें इस प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा और सबसे बेहतरीन एचआईएल सीजन होने वाला है। पुरुषों की लीग 28 दिसंबर को राउरकेला में शुरू होगी, इसके मैच दो चरणों में होंगे और एक फरवरी 2025 को अंतिम मुकाबला होगा।

## भारत ने आईओसी को सौंपा आशय पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- मिशन ओलंपिक 2036 : प्रधानमंत्री ने 2023 में जताई थी मेजबानी की इच्छा
- सऊदी अरब, कतर और तुर्की जैसे कई देश भी मेजबानी की दौड़ में हैं शामिल

भारत ने 2036 में होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने की दिशा में पहला बड़ा कदम उठाते हुए देश की इच्छा व्यक्त करने से संबंधित आशय पत्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को सौंप दिया है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र के अनुसार भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने यह पत्र एक अक्टूबर को आईओसी को सौंपा था।

सूत्र ने कहा यह महत्वपूर्ण अवसर पूरे देश में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर पर्याप्त लाभ दिला सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल सबसे पहले 2036 ओलंपिक की मेजबानी की अपनी सरकार की इच्छा के बारे में बात की थी। आईओसी के अगले साल होने वाले चुनावों से पहले मेजबान पर निर्णय नहीं लिया जाएगा। भारत को मेजबानी की दौड़ में सऊदी अरब, कतर और तुर्की जैसे कई अन्य देशों की कड़ी चुनौती का सामना भी करना पड़ेगा जो खुद को इस खेल महाकुंभ की मेजबानी के लिए मजबूत दावेदार के रूप में पेश कर रहे हैं। आशय पत्र सौंपने का मतलब है कि देश ओलंपिक का मेजबान चुनने की प्रक्रिया में अनौपचारिक संवाद से निरंतर संवाद के चरण में पहुंच गया है। इस चरण में आईओसी संभावित मेजबान की खेलों से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति का व्यवहारिक अध्ययन करता है।

आईओसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कहा व्यवहारिक मूल्यांकन में कई चीजों पर ध्यान दिया जाता है जिनमें मानवाधिकार, सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए व्यवसाय (बीएसआर) और अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) से जुड़े तथ्य शामिल हैं। प्रक्रिया का अगला चरण लक्षित संवाद होगा, जिसके लिए औपचारिक बोली जमा करने की आवश्यकता होगी। इसका मूल्यांकन भविष्य का मेजबान आयोग करेगा। यह प्रक्रिया आखिर में मेजबान देश के चुनाव के साथ समाप्त होगी। ओलंपिक 2036 के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनने के प्रबल दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा सहित भारत के शीर्ष खेल प्रशासक देश की पैरवी करने के लिए इस साल पेरिस ओलंपिक में थे। यदि भारत को मेजबानी मिलती है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को शामिल करने पर जोर देगा।

### खेल डायरी

## एफ्रो-एशिया को शुरू करने के लिए एसीसी के संपर्क में

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)।** अफ्रीका क्रिकेट संघ (एसीए) ने एक समय लोकप्रिय रहे एफ्रो-एशिया कप को लगभग दो दशक बाद फिर शुरू करने को लेकर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत शुरू की है। इस टूर्नामेंट में दोनों महाद्वीप की टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलती हैं। एफ्रो-एशिया कप का अब तक दो बार आयोजन हुआ है। यह टूर्नामेंट 2005 में दक्षिण अफ्रीका जबकि 2007 में भारत में आयोजित किया। 2009 में कीनिया में होना था नहीं हो पाया। एसीए के अंतरिम अध्यक्ष और जिंबाब्वे क्रिकेट के अध्यक्ष तावेंग्वा मुकुहलानी के हवाले से कहा क्रिकेट के अलावा एफ्रो-एशिया कप संगठन के लिए बहुत जरूरी वित्तीय राशि लाता है और दोनों तरफ इसके लिए बहुत अधिक इच्छाशक्ति है। हमने एसीसी के अपने समकक्षों और जाहिर तौर पर हमारे अफ्रीकी महाद्वीप के संघों के साथ बातचीत की है। एसीसी ने अब तक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## भारत को एशिया पिकलबॉल में पांच स्वर्ण सहित 14 पदक

**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ियों ने हाल ही में ताइवान में आयोजित एशिया पिकलबॉल खेलों में पांच स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। नितीन कीर्तने ने 50 ओपन पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि विशाल जाधव ने 35 ओपन पुरुष एकल में रजत पदक हासिल किया। खुशी सचदेवा और श्रद्धा दमानी क्रमश: 4.0 वर्ग में 19 और 35 महिला एकल में रजत पदक अपने नाम करने में सफल रहे, जबकि संदीप तावड़े ने 4.0 वर्ग में 50 पुरुष एकल में दूसरा स्थान हासिल किया। कीर्तने और तावड़े की जोड़ी ने 50 ओपन पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता। वंशिक कपाड़िया और तेजस महाजन ने 19 ओपन पुरुष युगल में शीर्ष स्थान हासिल किया। कपाड़िया और वृषाली ठाकरे ने भी 19 ओपन मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि जाधव और ईशा लखानी ने 35 ओपन मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता। अभिषेक देथन (35 पुरुष एकल में 4.0), जोहानन फर्नांडीस (35 ओपन महिला एकल), ठाकरे और सचदेवा की जोड़ी (19 ओपन महिला युगल), दमानी और फर्नांडीस की जोड़ी और चेतन सानिल और तावड़े की जोड़ी ने देश के लिए कांस्य पदक जीते।

## एरिगेसी ने गुजराती को पांच घंटे चले मुकाबले में हराया

**चेन्नई।** दुनिया के चौथे नंबर के भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी ने सोमवार को यहां चेन्नई शतरंज ग्रैंडमास्टर्स 2024 के पहले दौर के कड़े मुकाबले में हमवतन विदित गुजराती को पांच घंटे में हराया। ऐतिहासिक 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल करने के बाद पहली बार भारत में खेल रहे एरिगेसी ने गुजराती से कड़ी टक्कर मिलने के बाद अंतत: जीत दर्ज की। ये दोनों ग्रैंडमास्टर्स हाल में शतरंज ओलंपियाड में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने कड़े मुकाबले में ईरान के ग्रैंडमास्टर अमीन तबाताबेई को ड्रॉ पर रोका। चौथे बोर्ड पर अमेरिका के लेवोन आरोनियन और सर्बिया के एलेक्सी सेरेना का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। अरोनियन टूर्नामेंट में दूसरे सबसे अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव काले मोहरोंसे खेलते हुए परहम माघसूदलू को हराकर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। चैलेंजर वर्ग में 18 साल के रौनक साधवानी ने कार्तिकेयन मुरली को हराया जबकि लियोन मेनडोनका ने आर वैशील को शिकस्त दी।

## दिल्ली, कर्नाटक, बंगाल हॉकी चैंपियनशिप में जीते

**चेन्नई।** दिल्ली, कर्नाटक, बंगाल और आंध्र प्रदेश ने सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को यहां आसान जीत दर्ज की। दिल्ली ने पूल एफ के मैच में जम्मू-कश्मीर को 6-0 से हराया। दिल्ली की ओर से नितेश (34वें और 58वें मिनट) ने दो जबकि भरत (तीसरे मिनट), गोविंद सिंह बिष्ट (14वें मिनट), मुकुल शर्मा (21वें मिनट) और विकास उपाध्याय (23वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। पूल डी में कर्नाटक ने चंडीगढ़ को 5-1 से हराया जबकि इसी पूल के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने त्रिपुरा के खिलाफ 5-0 की आसान जीत दर्ज की। पूल एच में बंगाल ने असम को 10-0 से रौंद दिया जबकि पूल सी में आंध्र प्रदेश ने भी बेहद एकतरफा मुकाबले में अंडमान एवं निकोबार को 13-0 से हराया। मध्य प्रदेश ने हालांकि पूल सी में मेजबान तमिलनाडु को 2-2 से ड्रॉ पर रोका।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत वापसी कर सकती है भारतीय टीम : हेजलवुड

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला पर्थ में 22 से होगा शुरू, बोले- रहना होगा तैयार

सिडनी, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का मानना है कि न्यूजीलैंड से श्रृंखला में करारी हार से भारत का आत्मविश्वास डगमगा गया होगा, लेकिन उन्होंने अपनी टीम को आगाह करते हुए कहा कि भारतीय टीम अधिक आक्रामक होकर 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जोरदार वापसी कर सकती है। भारत को न्यूजीलैंड से तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा।

यह पहला अवसर है जबकि घरेलू धरती पर तीन या इससे अधिक टेस्ट मैच की श्रृंखला में उसका सूपड़ा साफ हुआ। हेजलवुड ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा भारत घायल शेर की तरह वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। श्रृंखला शुरू होने पर ही हमें पता चलेगा की चीजें कैसे आगे बढ़ रही हैं। घरेलू धरती पर हार न केवल भारत के टेस्ट क्रिकेट इतिहास के सबसे बुरे दौर में से एक है, बल्कि इससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की अगले साल के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी करारा झटका लगा है। लगातार तीन हार का मतलब है कि भारत ने डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया से अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया है। भारत को लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पांच में से चार मैच जीतने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

हेजलवुड ने कहा इस करारी हार से उनका आत्मविश्वास कुछ डगमगाया होगा। उसके कुछ खिलाड़ी यहां खेल चुके हैं लेकिन कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं जिनको यहां खेलने का अनुभव नहीं है। इसलिए हमें पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं होंगे कि उन्हें यहां किस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### राहुल पर दबाव बनाने की कोशिश करेंगे बोलैंड

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारत ए के खिलाफ गुरुवार से यहां खेले जाने वाले चार दिवसीय मुकाबले में अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल के खराब प्रदर्शन के दौर और आगें बढ़ाने की कोशिश करेंगे। राहुल और विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के खत्म होते ही ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरी। यह दोनों खिलाड़ी एमसीजी में दूसरे चार दिवसीय मैच में भारत ए के लिए खेलेंगे। बोलैंड ने कहा मैंने कुछ साल पहले भारत में एक मैच में उनके खिलाफ गेंदबाजी की है। अपने मैदान पर उनके खिलाफ गेंदबाजी करने का अनुभव अलग तरह का होगा। राहुल ने 2015 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे पर शतक लगाया था लेकिन उसके बाद उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

## डब्ल्यूटीए : सबालेंका ने किया अंतिम चार में प्रवेश

रियाद, एजेंसी



आर्यना सबालेंका ने ग्रुप चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज करके दुनिया की चोटी की आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे डब्ल्यूटीए फाइनल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 7-5 से पराजित किया। उन्होंने पहले सेट में बेहतरीन शुरुआत करते हुए 4-0 की बढ़त बनाकर इसे आसानी से नाम किया। दूसरे सेट में दो सेट प्वाइंट बचाकर अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित की। सबालेंका ग्रुप के अपने अंतिम लीग मैच में बुधवार को एलेना रिबाकिना का सामना करेंगी जो सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे आखिरी मैच में जीत दर्ज करने से वह अपने करियर में पहली बार साल के अंत में नंबर एक रैंकिंग पक्की कर लेंगी। पर्पल ग्रुप के एक अन्य मैच में झेंग किनवेन ने रिबाकिना को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बरकरार रखी।

### चोट के कारण एटीपी फाइनल्स से हटे नोवाक

**बेलग्रेड (सर्बिया)।** नोवाक जोकोविच एटीपी फाइनल्स के अपने खिताब का बचाव नहीं करेंगे क्योंकि चोट के कारण उन्होंने मंगलवार को इस प्रतियोगिता से हटने की घोषणा की। जोकोविच ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा मैं वास्तव में इसमें भाग लेने का इंतजार कर रहा था लेकिन चोट के कारण अगले सप्ताह नहीं खेल पाउंगा। मैं उन लोगों से माफी चाहता हूं जो इस आयोजन के दौरान मुझसे मिलने की योजना बना रहे थे। सत्र में आखिर में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट रविवार से इटली के तूरिन में खेला जायेगा। जोकोविच ने इस तरह मौजूदा साल को 37 जीत और नौ हार के साथ खत्म किया।

## मुक्केबाज जांगड़ा ने जीता डब्ल्यूबीएफ का विश्व खिताब

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ (डब्ल्यूबीएफ) का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब अपने नाम किया।

पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है। ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा। जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कॉनर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी। जांगड़ा ने कहा यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका। हरियाणा के रहने वाले जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया। मुझे लगता है कि यह खिताब देश के अन्य मुक्केबाजों के लिए रास्ता खोलेगा और वे पेशेवर मुक्केबाजी में अपना करियर बनाने का फैसला भी करेंगे।

## 24, 25 को जेद्दा में होगी आईपीएल की नीलामी : बीसीसीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10 फ्रेंचाइजी 204 खिलाड़ियों पर सामूहिक रूप से 641.5 करोड़ रुपये कर सकेंगे खर्च

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले खिलाड़ियों की बड़ी नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की। यह लगातार दूसरा साल है जब नीलामी विदेश में हो रही है। आईपीएल 2024 से पहले पिछली नीलामी दुबई में हुई थी।

खिलाड़ियों का पंजीकरण आधिकारिक तौर पर सोमवार को बंद हो गया और कुल 1,574 क्रिकेटरों (1,165 भारतीय और 409 विदेशी) ने नीलामी के लिए पंजीकरण किया है। नीलामी 22 नवंबर से पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू हो रहे पहले टेस्ट के तीसरे और चौथे दिन के खेल से टकराएगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी अधिकतम 25 खिलाड़ियों (संबंधित रिटेन खिलाड़ियों सहित) की टीम बना सकेगी और नीलामी से कुल 204 खिलाड़ी खरीदे जा सकेंगे। इस सूची में 320 कैप्ड (जिसने अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला हो) खिलाड़ी जबकि 1,224 अनकैप्ड (जिसने अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी और एसोसिएट देशों के 30 खिलाड़ी शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों में 48 भारत के हैं। इसके अलावा देश के 965 अनकैप्ड खिलाड़ी भी नीलामी का हिस्सा होंगे। इस साल की नीलामी में ऋषभ पंत, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे कुछ बड़े भारतीय सितारे भी शामिल होंगे।

नीलामी के दौरान 10 फ्रेंचाइजी के पास 204 खिलाड़ियों पर खर्च करने के लिए सामूहिक रूप से लगभग 641.5 करोड़ रुपये होंगे। इन 204 स्थानों में से 70 विदेशी खिलाड़ियों के लिए निर्धारित हैं। अब तक 10 फ्रेंचाइजी ने 558.5 करोड़ रुपये के सामूहिक खर्चे के साथ 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया है।

### 1,574 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि 1,165 भारतीय खिलाड़ियों सहित कुल 1574 क्रिकेटरों ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली बड़ी नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। इस सूची में 320 कैप्ड खिलाड़ी जबकि 1,224 अनकैप्ड खिलाड़ी और एसोसिएट देशों के 30 खिलाड़ी शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों में 48 भारत के हैं। 965 अनकैप्ड खिलाड़ी भी नीलामी का हिस्सा होंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी अधिकतम 25 खिलाड़ियों (संबंधित रिटेन खिलाड़ियों सहित) की टीम बना सकेगी और नीलामी से कुल 204 खिलाड़ी खरीदे जा सकेंगे। इस साल की नीलामी में ऋषभ पंत, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे कुछ बड़े भारतीय सितारे भी शामिल होंगे। नीलामी में 91 खिलाड़ियों के साथ दक्षिण अफ्रीका का दूसरा सबसे बड़ा खिलाड़ी पूल है जिसके बाद 76 खिलाड़ियों के साथ ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है।

### बॉलीवुड हलचल



## परिणीति ने शुरू की नई फिल्म की तैयारी

- इंस्टाग्राम तस्वीरें साझा करते चोपड़ा ने दी जानकारी लिखा- कर रही हैं आगामी प्रोजेक्ट की तैयारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपनी नई फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। परिणीति ने अपने परिवार के साथ दिवाली मनाने के बाद काम शुरू कर दिया। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दी है। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें साझा करते हुए जानकारी दी है कि वह अपनी आगामी प्रोजेक्ट की तैयारी कर रही हैं। परिणीति ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, नई फिल्म, नए बाल... तैयारी शुरू। परिणीति अंतिम बार अमर सिंह चमकीला में नजर आयी थी। इस फिल्म में परिणीति ने दिलजीत दोसांझ के साथ काम किया था।

## फिल्म आई वांट टू टॉक का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन की आने वाली फिल्म आई वांट टू टॉक का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म आई वांट टू टॉक का निर्देशन शूजित सरकार ने किया है। आई वांट टू टॉक का ट्रेलर का ट्रेलर एक बीमार बाप अर्जुन (अभिषेक बच्चन) और खुले विचार वाली बेटी मिनी के इर्द गिर्द घूमती है। अभिषेक एक स्पाइनल बीमारी से जूझ रहे हैं और उनके पास वक्त बहुत कम है। वहीं, वह अपनी बीमारी के बीच अपनी बेटी की देख-रेख करते हैं। अभिषेक बच्चन ने फिल्म आई वांट टू टॉक का ट्रेलर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। ट्रेलर साझा करते हुए अभिषेक ने लिखा, जो सामान्य जीवन की तलाश में असाधारण चुनौतियों का सामना करता है। इसके आगे अभिषेक ने लिखा, आई वांट टू टॉक 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आई वांट टू टॉक का स्क्रीनप्ले और डायलॉग रितेश शाह ने लिखे हैं। रोनी लाहिरी और शील कुमार इस फिल्म के निर्माता हैं। आई वांट टू टॉक 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर रिलीज


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। द साबरमती रिपोर्ट का टीजर जारी हुआ है, तब से इसने सभी की निगाहें अपनी ओर आकर्षित की हैं। इस टीजर में एक ऐसी घटना का उल्लेख किया गया है, जो भारत के लिए बहुत विनाशकारी साबित हुई, और इसने पूरे देश को अंदर तक झकझोर कर रख दिया था। फिल्म मेकर्स नेविक्रांत मैसी के साथ इस दिलचस्प मोशन पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, जिसने सच देखा क्या वो सच दिखाएगा? जब सच और षडयंत्र का मिलन होगा, तो कौन जीतेगा? बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रेजेंट, द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत




मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म धीरज सरना द्वारा निर्देशित और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा निर्मित है, जिसे दुनिया भर में जी स्टूडियोज द्वारा रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।

## फिर चोटिल हुए ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार

रियाद, एजेंसी



चोटिल होने के कारण 12 महीने तक बाहर रहने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने वाले ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार अपने दूसरे मैच में ही फिर से चोटिल हो गए।

नेमार एएफसी चैंपियंस लीग एलीट वर्ग के इस मैच में सऊदी अरब के अपने क्लब अल हिलाल की तरफ से 58वें मिनट में मैदान पर उतरे लेकिन खेल समाप्त होने से तीन मिनट पहले उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ऐसा लग रहा था कि पेनल्टी एरिया में गेंद पर कब्जा करने के लिए पांव फैलाने से उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। नेमार के पास हालांकि इस चोट से उबरने का पर्याप्त समय है क्योंकि अल हिलाल को अपना अगला मैच 25 नवंबर को खेलना है। चार बार के एशियाई चैंपियन अल हिलाल की तरफ से अलेक्जेंडर मित्रोविच ने हैट्रिक बनाई। उसने ग्रुप चरण में अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं।

### झिंगन की हुई वापसी इरफान नया चेहरा

**नई दिल्ली।** घुटने की चोट के कारण जनवरी से प्रतिस्पर्धी फुटबॉल से दूर दिग्गज डिफेंडर संदेश झिंगन को हैदराबाद में 18 को मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैत्री फुटबॉल मैच के लिए भारत के 26 संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह दी गई। एफसी गोवा के सेंटर बैक झिंगन की वापसी से भारत की रक्षापंक्ति को मजबूती मिलेगी। वहीं, इरफान यादवद को भी पहली बार राष्ट्रीय टीम के संभावित खिलाड़ियों में जगह दी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### गेरार्डो वर्थीन बने अर्जेंटीना के नए विदेश मंत्री

**ब्यूनस आयर्स।** गेरार्डो वर्थीन अर्जेंटीना के नए विदेश मंत्री बन गए हैं। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति के कार्यालय की ओर से जारी बयान में बताया गया कि राष्ट्रपति जेवियर माइली ने सोमवार को वर्थीन को नए विदेश मंत्री के रूप में शपथ दिलायी। वर्थीन (68) पशु चिकित्सक एवं व्यवसायी हैं और इससे पहले वे अमेरिका में अर्जेंटीना के राजदूत के रूप में काम कर रहे थे। गौरतलब है कि वर्थीन की पूर्ववर्ती डायना मोंडिनो को माइली ने 30 अक्टूबर को पद से हटा दिया था।

### इजराइली प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश के लोकप्रिय रक्षा मंत्री योआव गैलेंट को बर्खास्त करने की मंगलवार को अचानक घोषणा कर दी। गाजा में जारी युद्ध के दौरान नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कई बार मतभेद उभरे हैं। हालांकि नेतन्याहू ने उन्हें बर्खास्त करने से परहेज किया। नेतन्याहू ने पिछले साल मार्च में जब गैलेंट को बर्खास्त करने का प्रयास किया था तो उनके इस कदम के खिलाफ देश में प्रदर्शन हुआ था। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने इस निर्णय की घोषणा मंगलवार देर रात की।

### रूसी रॉकेट ने ईरानी उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया

**मॉस्को।** रूस के एक रॉकेट ने मंगलवार को ईरान के दो उपग्रहों को कक्षा में ले जाने के लिए सफलतापूर्वक उड़ान भरी। यह प्रक्षेपण मॉस्को और तेहरान के बीच बढ़ते सहयोग को दर्शाता है। सोयूज रॉकेट ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सुदूर पूर्वी रूस में वोस्तोचन प्रक्षेपण स्थल से उड़ान भरी और प्रक्षेपण के नौ मिनट बाद उपग्रहों को निर्दिष्ट कक्षा में स्थापित कर दिया। यह दो रूसी अवलोकन उपग्रहों और दो ईरानी उपग्रहों सहित कई दर्जन छोटे उपग्रह अपने साथ लेकर गया।

### अफ़ग़ानिस्तान में खसरे के मामले लगातार बढ़ रहे

**काबुल।** अफ़ग़ानिस्तान में खसरे के लगातार बढ़ते मामलों के बीच इस वर्ष इसकी संख्या 6000 हो गयी है। स्थानीय मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज़ ने स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफ़त ज़मान अमरखिल के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में खसरे के 10,000 संदिग्ध मामलों में से करीब 6,000 मामले पॉजिटिव आये हैं। अमरखिल ने कहा कि मंत्रालय ने बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए पूरे देश में खसरे के टीकाकरण अभियान को शुरू करने की योजना बनायी है।

### बलात्कार मामले में पूर्व सैन्य अधिकारी की याचिका पर नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित बलात्कार के मामले में अपने खिलाफ आरोपपत्र को रद्द करने का अनुरोध करने वाले पूर्व सैन्य अधिकारी की याचिका पर दिल्ली पुलिस और एक महिला को मंगलवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने व्यक्ति की याचिका पर गौर करने पर सहमति जताते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने दलील दी कि शिकायतकर्ता ने गलत और दुर्भावनापूर्ण अभियोजन शुरू किया है। पीठ ने मामले की सुनवाई छह दिसंबर को सूचीबद्ध की है।

### ईरान के विदेश मंत्री संबंधों पर चर्चा को पाकिस्तान पहुंचे

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में व्याप्त तनाव और द्विपक्षीय संबंधों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ईरान के विदेश मंत्री मंगलवार को दो दिवसीय सरकारी दौरे पर इस्लामाबाद पहुंचे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईरान के विदेश मेंत्री अब्बास अरागची का विमान आधी रात के बाद इस्लामाबाद के पास एक हवाई अड्डे पर उतरा जहां पाकिस्तान के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वह मंगलवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री इशाक डार और विदेश मंत्रालय के अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

# शिव सेना नेताओं पर हमले में शामिल चार लोग गिरफ्तार


लुधियाना, एजेंसी

- पंजाब काउंटर इंटेलिजेंस और लुधियाना पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में सफलता पाई

पंजाब काउंटर इंटेलिजेंस और लुधियाना पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित विदेशी हैंडलर हरजीत सिंह उर्फ लाडी और साथी द्वारा संचालित मॉड्यूल के चार सदस्यों को शिव सेना के नेताओं पर पेट्रोल बम हमले के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान जसविंदर सिंह उर्फ बिंदर निवासी बूथगढ़ जिला लुधियाना, रविंदर पाल सिंह उर्फ रवि (38), मनीष साहिद उर्फ संजू (30) और अनिल कुमार उर्फ हनी (27) निवासी राहों जिला नवांशहर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने अपराध में इस्तेमाल टीवीएस रेडर मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किये हैं। यादव ने एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि 16 अक्टूबर, 2024 को योगेश बख्शी के घर पर हमला और हाल ही में दो नवंबर, 2024 को मॉडल टाउन एक्सटेंशन, लुधियाना में हरकीरत सिंह खुराना के घर पर हुये हमले सहित शिव सेना नेताओं पर पेट्रोल बम हमलों के दोनों मामलों का समाधान कर लिया गया है।

# इलेक्टोरल कॉलेज प्रणाली के तहत अमेरिकी चुनाव



अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव हर चार साल में एक बार होता है। यह चुनाव अमेरिकी नागरिकों द्वारा किया जाता है, लेकिन सीधे नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव एक इलेक्टोरल कॉलेज प्रणाली के तहत होते हैं, जिसमें जनता के वोटों को राज्य स्तर पर इलेक्टोरल वोटों में बदला जाता है।

### प्रारंभिक प्रक्रिया

**प्राइमरी चुनाव :** यह चुनाव प्रत्येक राज्य में होता है, जिसमें पार्टी के सदस्य (जैसे डेमोक्रेट या रिपब्लिकन) उम्मीदवारों का चयन करते हैं। प्राइमरी के दौरान लोग मतदान करते हैं और पार्टी के प्रतिनिधियों को चुनते हैं।

**कॉकस :** कुछ राज्यों में प्राइमरी की बजाय कॉकस होते हैं, जहां पार्टी के सदस्य एक साथ बैठक करते हैं और उम्मीदवारों का चयन करते हैं।

### नेशनल कन्वेंशन

प्राइमरी और कॉकस के परिणामस्वरूप प्रत्येक पार्टी के पास राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों का चयन होता है। फिर पार्टी द्वारा एक राष्ट्रीय सम्मेलन (नेशनल कन्वेंशन) आयोजित किया जाता है, जिसमें पार्टी के सदस्य औपचारिक रूप से उम्मीदवार का चुनाव करते हैं।

### सामान्य चुनाव

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव आमतौर पर नवंबर के पहले मंगलवार को होते हैं। इस दिन, नागरिक अपने राज्य के अनुसार किसी एक उम्मीदवार को वोट करते हैं। हालांकि, यह वोट सीधे राष्ट्रपति चुनाव के लिए नहीं होता बल्कि यह इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्यों को चुनने के लिए होता है।

### इलेक्टोरल कॉलेज

- प्रत्येक राज्य के पास कुछ निश्चित संख्या में इलेक्टोरल वोट होते हैं, जो राज्य की जनसंख्या पर आधारित होते हैं। कुल 538 इलेक्टोरल वोट होते हैं, और एक उम्मीदवार को राष्ट्रपति बनने के लिए कम से कम 270 इलेक्टोरल वोटों की आवश्यकता होती है।
- इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्य, जो प्रत्येक राज्य से चुनकर आते हैं, वे जनता द्वारा चुने गए उम्मीदवार के अनुसार वोट करते हैं। हालांकि, इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्य स्वतंत्र रूप से भी वोट कर सकते हैं, लेकिन ऐसा बहुत कम होता है।

### राष्ट्रपति का चुनाव परिणाम

इलेक्टोरल कॉलेज में बहुमत प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को राष्ट्रपति घोषित किया जाता है। यदि कोई उम्मीदवार 270 इलेक्टोरल वोट नहीं प्राप्त करता, तो यह चुनाव हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में जाएगा, जहां प्रत्येक राज्य को एक वोट मिलेगा और वहां से राष्ट्रपति का चुनाव किया जाएगा।

# अमेरिकी चुनाव : मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में पहुंचे मतदाता

## सर्वेक्षणों में कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर दिखी

वाशिंगटन, एजेंसी

- अंतिम रैलियों में दोनों उम्मीदवारों ने देश को आगे ले जाने के बारे में वस्तुत: विपरीत दृष्टिकोण के साथ अपने प्रचार अभियान का समापन किया




बटलर टाउनशिप में अपना मत डालने के लिए मतदाता अमेरिकन लीजन पोस्ट 778 में प्रवेश करते हुए। • एजेंसी

अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए मंगलवार को बड़ी संख्या में मतदाताओं का मतदान केंद्रों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सोमवार की रात दोनों उम्मीदवारों रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए सात स्विंग राज्यों में से सबसे बड़े इलेक्टोरल कॉलेज वाले पेंसिल्वेनिया में काफी समय बिताया।

विभिन्न मीडिया संस्थानों द्वारा कराए गए सर्वेक्षणों में हैरिस (60) और ट्रंप (78) के बीच कड़ी टक्कर दिखी है, जबकि कुछ ने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार को मामूली बढ़त मिलने का अनुमान लगाया। पेंसिल्वेनिया के अलावा, अन्य महत्वपूर्ण राज्य एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, नेवादा, उत्तरी कैरोलाइना और विस्कॉन्सिन हैं। अमेरिका भर में प्रारंभिक मतदान और डाक से मतदान पर नजर रखने वाले फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के इलेक्शन लैब के अनुसार, 8.2 करोड़ से अधिक अमेरिकी पहले ही अपने मत डाल चुके हैं। अपनी अंतिम रैलियों में, दोनों उम्मीदवारों ने देश को आगे ले जाने के बारे में वस्तुतः विपरीत दृष्टिकोण के साथ अपने प्रचार अभियान का समापन किया, जिसमें हैरिस ने घृणा और विभाजन पर काबू पाने और नयी शुरुआत करने के लिए एक दृष्टिकोण का आह्वान किया जबकि ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के शासन के तहत अंधकारमय भविष्य की चेतावनी दी। हैरिस ने पेंसिल्वेनिया में अपने प्रचार अभियान को समाप्त करते हुए कहा, आज रात, हम आशावाद, ऊर्जा और खुशी के साथ अपना प्रचार समाप्त करेंगे। अपने समापन भाषण में, ट्रंप ने कहा, आज रात आपको और सभी अमेरिकियों के लिए मेरा संदेश बहुत सरल है: हमें इस तरह जीने की जरूरत नहीं है।

### मस्क मतदाताओं को 10 लाख डॉलर देना जारी रख सकते हैं: न्यायाधीश

**वाशिंगटन।** इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल निर्माता टेस्ला और निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क के राजनीतिक समूह को अदालत की मंजूरी मिल गई है कि वह स्विंग स्टेट (अमेरिका का एक ऐसा राज्य जिसमें डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों उम्मीदवारों के जीतने की अच्छी संभावना होती है और जिसे राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है) के मतदाताओं को 10 लाख डॉलर पुरस्कार दे सकता है। यह फैसला वाशिंगटन में एक न्यायाधीश द्वारा दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि मस्क की अमेरिका पॉलिटिकल एक्शन कमिटी (पीएसी) अपने पुरस्कार कार्यक्रम को जारी रख सकता है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से मंगलवार को प्राप्त हुई।

## रूस-ईरान ने चुनाव प्रभावित करने के प्रयास तेज किए : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एजेंसियों ने चुनाव की पूर्व संध्या पर चुनावी दुष्प्रचार से संबंधित रूस के प्रयासों को विफल करने का दावा किया है। संघीय एजेंसियों के अधिकारियों ने सोमवार को एक संयुक्त बयान में हाल में पोस्ट किए गए रूस समर्थकों के एक लेख का जिक्र किया, जिसमें दावा किया गया है कि राष्ट्रपति चुनाव में स्विंग राज्यों में अमेरिकी अधिकारी धोखाधड़ी करने की योजना बना रहे हैं। इस लेख के साथ एक वीडियो भी साझा किया गया है, जिसमें एरिजोना में चुनावी धोखाधड़ी का दावा करने वाले एक व्यक्ति के साक्षात्कार को गलत तरीके से दर्शाया गया था।

अमेरिका में स्विंग राज्यों को छोड़कर अधिकतर राज्यों में मतदाता हर चुनाव में एक ही पार्टी को वोट देते रहे हैं। इन राज्यों में मतदाताओं का रुझान बदलता रहता है, इसलिए इन्हें स्विंग राज्य कहा जाता है। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक कार्यालय, एफबीआई और अमेरिकी साइबर सुरक्षा एवं बुनियादी ढांचा सुरक्षा एजेंसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है कि रूस से जुड़े प्रभावशाली व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने लिए वीडियो बना रहे हैं और फर्जी लेख लिख रहे हैं।

# खालिस्तान समर्थक प्रदर्शन में भाग लेने पर पुलिस अफसर निलंबित

ओटावा, एजेंसी

कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के पास खालिस्तान समर्थक विरोध प्रदर्शन में भाग लेने पर एक पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। मीडिया में ऐसी खबर आयी है। रविवार को हाथों में खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारी इस हिंदू मंदिर में मौजूद लोगों से भिड़ गए थे तथा उन्होंने मंदिर अधिकारियों एवं भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा मिलकर आयोजित किये गये कार्यक्रम में खलल डाला था।

मीडिया मामलों के अधिकारी रिचर्ड चिन ने सीबीसी न्यूज को भेजे एक ई-मेल में कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर आए उस वीडियो से अवगत है जिसमें कनाडा पुलिस का एक अधिकारी प्रदर्शन में शामिल दिखता है। वैसे यह पुलिस अधिकारी उस वक्त ड्यूटी पर नहीं था। उन्होंने कहा कि इस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा, वीडियो में नजर आ रही परिस्थितियों की समग्रता से जांच कर रहे हैं और जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, हम अधिक जानकारी देने में असमर्थ हैं।

### पवन कल्याण ने हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाने की अपील की

**अमरावती।** कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले को छिटपुट घटना से कहीं अधिक करार देते हुए आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा है कि इस मामले से उन्हें गहरा दुख हुआ है और उन्हें आशा है कि कनाडा सरकार वहां हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। कल्याण ने सोमवार रात सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट में कहा कि हिंदू वैश्विक अल्पसंख्यक हैं, ऐसे में उन पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके (हिंदुओं के) खिलाफ नफरत का हर कृत्य, दुर्व्यवहार का हर मामला उन सभी के लिए एक झटका है जो मानवता और शांति को महत्व देते हैं।



# गाजा पर इजराइल के हवाई हमले में 30 लोगों की मौत

यरूशलम, एजेंसी

फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने दावा किया है कि इजराइल द्वारा गाजा में किये गए हवाई हमले में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार तड़के हुए हमले में गाजा पट्टी में चार बच्चों और दो महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गई जबकि सोमवार देर रात के हमले में बेत लहिया शहर में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। हताहतों को नजदीकी अस्पताल में लाया गया।

अस्पताल के निदेशक हुस्साम अबू सफिया ने बताया कि सोमवार को बेत लहिया शहर की इमारत पर इजराइल ने हमला किया जिसमें कई परिवार शरण लिये हुए थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपात सेवा द्वारा जारी मृतकों की सूची में आठ महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। इजराइल की सेना की ओर से इस मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

### सीरिया की राजधानी के पास किया हवाई हमला

**दमिश्क/यरूशलम।** इजराइल ने हवाई हमलों के जरिए सीरिया की राजधानी दमिश्क के निकटवर्ती क्षेत्रों को निशाना बनाया है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इजराइली दुश्मन ने सोमवार शाम को दमिश्क के दक्षिण में कई नागरिक स्थलों को निशाना बनाते हुए सीरियाई गोलान की दिशा से हवाई हमला किया, जिसके कारण भौतिक क्षति हुई। नुकसान की सीमा के बारे में विशेष विवरण तुरंत उपलब्ध नहीं हैं।

## पाकिस्तानी सुरक्षा गार्ड ने दो चीनी नागरिकों को गोली मारी

**कराची।** पाकिस्तान के कराची शहर में मंगलवार को एक स्थानीय सुरक्षा गार्ड ने एक झगड़े के बाद चीन के दो नागरिकों पर गोली चला दी, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सिंध प्रांत में कराची के इंडस्ट्रियल ट्रेडिंग एस्टेट क्षेत्र के एक पुलिस थाने में यह घटना हुई। पुलिस उप महानिरीक्षक अजहर माहेसर ने कहा कि वे घटना की जांच कर रहे हैं ताकि पता लगाया जा सके कि सुरक्षा गार्ड ने चीनी नागरिकों पर गोली क्यों चलाई। उन्होंने कहा, सुरक्षा गार्ड ने बहस के बाद गोलीबारी की, जिससे चीन के दो नागरिक घायल हो गए। सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया है। माहेसर ने बताया कि दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बाद में पुष्टि की।

# बढ़ रही भारत-ऑस्ट्रेलिया की रणनीतिक साझेदारी

कैनबरा, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 15वीं विदेश मंत्री रूपरेखा वार्ता के लिए ऑस्ट्रेलिया में अपनी समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कैनबरा में 15वीं विदेश मंत्री रूपरेखा वार्ता (एफएमएफडी) के लिए ऑस्ट्रेलिया में अपनी समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अपने-अपने पड़ोसी देशों, हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया, यूक्रेन और वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा की।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आज कैनबरा में विदेश मंत्री सीनेटर वोंग के साथ 15वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता (फॉरेन मिनिस्टर्स फ्रेमवर्क डायलॉग) संपन्न हुई। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही है। यह मजबूत राजनीतिक संबंधों, मजबूत रक्षा और सुरक्षा सहयोग, विस्तारित व्यापार, अधिक गतिशीलता और गहन शैक्षिक संबंधों में परिलक्षित होता है। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा, अपने अपने संबंधित पड़ोसी देशों, हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया, यूक्रेन और वैश्विक रणनीतिक परिदृश्य पर चर्चा हुई। वोंग ने एक्स पर कहा, ऑस्ट्रेलिया और भारत की साझेदारी हमारे साझा क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। आज, मैंने 15वीं ऑस्ट्रेलिया-भारत विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता के लिए कैनबरा में अपने अच्छे मित्र डॉ. एस. जयशंकर का स्वागत किया।



कैनबरा में 15वें भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्री फ्रेमवर्क डायलॉग के दौरान ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

### सिखों को निशाना बनाने संबंधी आरोपों का मुद्दा उठाया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष के समक्ष इस आरोप से संबंधित मुद्दे को उठाया कि भारत ने कनाडा में सिख कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया है। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री के साथ कनाडा के आरोपों पर तब चर्चा की जब वह ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में थे। भारत ने कनाडा के इस आरोप का खंडन किया है कि भारतीय गृह मंत्री ने सिख कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आदेश दिया था। वोंग ने कहा कि सिख समुदाय के लिए उनका संदेश यह है कि लोगों को ऑस्ट्रेलिया में सुरक्षित तरीके से रहने का अधिकार है।

## ब्राजील के पुलिस अधिकारी को इंटरपोल का अगला प्रमुख चुना

**लंदन।** ब्राजील के पुलिस अधिकारी वाल्डेसी उर्कीजा इंटरपोल के अगले प्रमुख होंगे। वैश्विक पुलिस संगठन ने मंगलवार को यह घोषणा की। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित इंटरपोल की आम सभा की बैठक में मतदान के जरिए उर्कीजा को महासचिव चुना गया और बृहस्पतिवार को बैठक समाप्त होने के बाद वह पद संभालेंगे। अमेरिका के लिए इंटरपोल के मौजूदा उपाध्यक्ष उर्कीजा संगठन के पहले ऐसे प्रमुख हैं, जो न तो यूरोप से हैं और न ही अमेरिका से। इंटरपोल महासचिव पर अनिवार्य रूप से संगठन की दैनिक गतिविधियों का जिम्मा होता है। वर्ष 2014 से इस पद पर तैनात जर्मनी के जुर्गन स्टॉक को नियमों के तहत तीसरे कार्यकाल के लिए आवेदन की अनुमति नहीं है।

# एडमिरल त्रिपाठी की 10 देशों के नौसेना प्रमुखों के साथ चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आम समुद्री चुनौतियों को कम करने की दिशा में प्रशिक्षण की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने मंगलवार को हिन्द महासागर क्षेत्र के दस देशों के नौसेना प्रमुखों तथा समुद्री एजेन्सियों के प्रमुखों के साथ समुद्री सुरक्षा चुनौतियों तथा उनसे निपटने के बारे में चर्चा की। एडमिरल त्रिपाठी ने विशेष कार्यक्रम महासागर के तीसरे संस्करण के दौरान हिंद महासागर क्षेत्र के दस देशों के वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बातचीत की। इन देशों में बांग्लादेश, कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोज़ाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और तंजानिया शामिल हैं।

इस दौरान हिन्द महासागर क्षेत्र में आम समुद्री सुरक्षा चुनौतियों को कम करने के लिए प्रशिक्षण सहयोग विषय पर चर्चा की गयी। इसमें वक्ताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में आम समुद्री चुनौतियों को कम करने की दिशा में प्रशिक्षण की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। महासागर जिसका हिंदी में अर्थ विशाल महासागर है, क्षेत्र में सभी के लिए सक्रिय सुरक्षा और विकास के लिए समुद्री प्रमुखों के बीच उच्च स्तरीय आभासी बातचीत के लिए भारतीय नौसेना का प्रमुख आउटरीच कार्यक्रम है। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई यह पहल वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है और 2023 में शुरुआत के बाद से इसमें भाग लेने वाले देशों के बीच व्यापक सहमति बनी है।

## उ. कोरिया ने समुद्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को पूर्वी समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह जानकारी दी। प्योंगयोंग ने अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव से कुछ घंटे पहले अपनी अस्त्र प्रणाली का प्रदर्शन किया है। दक्षिण कोरिया की सेना ने तत्काल यह नहीं बताया कि उत्तर कोरिया ने कितनी मिसाइल दागीं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि माना जाता है कि मिसाइल पहले ही समुद्र में गिर चुकी हैं। यह घटनाक्रम उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा अमेरिका तक पहुंचने के लिए डिजाइन की गई देश की नवीनतम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण की निगरानी किए जाने के कुछ दिन बाद हुआ है।

# मालेगांव विस्फोट की सुनवाई कर रही अदालत को धमकी

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मालेगांव में 2008 में हुए धमाके के मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक सरकारी अधिवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सरकारी अधिवक्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 30 अक्टूबर को एक अज्ञात व्यक्ति ने सत्र न्यायालय के रजिस्ट्रार कार्यालय में फोन किया और अदालत के कक्ष संख्या - 26 में बम लगाने की धमकी दी। धमाके के मामले की सुनवाई करने वाली विशेष राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत दक्षिण मुंबई में दीवानी और सत्र न्यायालय परिसर के न्यायालय कक्ष संख्या 26 में बैठती है।

### तमिलनाडु के पांच स्कूलों को बम की झूठी धमकी

**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर के विभिन्न स्थानों के पांच निजी स्कूलों को मंगलवार को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली। पुलिस ने कहा कि महात्मा गांधी सेंटेनरी विद्यालय स्कूल, राजम कृष्णमूर्ति पब्लिक स्कूल, राजाजी विद्यालय, और संथानम विद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल – सभी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध हैं और होली क्रॉस गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल को आज सुबह एक ईमेल मिला जिसमें धमकी दी गई थी कि संस्थानों में बमबारी होगी।

## पाकिस्तान और चीन की वायु सेनाओं का अभ्यास संपन्न

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और चीन की वायु सेनाओं ने समकालीन हवाई युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर क्षमता की परख के मकसद से मंगलवार को एक अभ्यास पूरा किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अभ्यास इंडस शील्ड 2024 का द्विपक्षीय मॉड्यूल इंडस शील्ड-चाइनीज पाकिस्तान वायु सेना के एक हवाई अड्डे पर चीनी और पाकिस्तानी वायु सेनाओं के बीच अलग-अलग आयोजित किया गया। इस अभ्यास में एईएसए रडार और लॉन्ग रेंज बीवीआर से लैस जे-16 और जे-10सी लड़ाकू विमान, सतह से हवा में मार करने वाली रक्षा प्रणाली एचक्यू-22, एयरबोर्न इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर वाईटीजी-9 प्लेटफॉर्म के साथ-साथ केजे-500 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग सिस्टम शामिल थे।